स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, मंगलवार
15 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष 2
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -233 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये    epaper : epaper.swatantrabharat.net    web portal : swatantrabharat.net



अनुसूचित जाति वर्गीकरण लागू करने वाला पहला राज्य बना तेलंगाना



**आज का मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - 36⁰ |
| न्यूनतम तापमान | - 23⁰ |
| सूर्योदय | - 05:42 |
| सूर्यास्त | - 06:30 |

आसमान साफ रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वक्फ कानून के विरोध पर कोर्ट का सम्मान

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि विधानसभा स्पीकर अब्दुल रहीम राथर द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक पर विधानसभा में बहस करने की अनुमित न दे एक अच्छा फैसला था। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उक्त मामला अदालत में विचाराधीन है और अभी इस पर अदालत का फैसला आना बाकी है। नेकां अध्यक्ष ने यह बात सोमवार को कही। फारूक ने कहा कि हम वक्फ बिल का विरोध करते हैं लेकिन चूंकि यह मामला अब सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। लिहाजा हम न्यायालय का फैसला आने तक इस पर कोई बहस या बात नहीं करेंगे।

### बिहार के एक और पुल में दरार

**पटना।** पटना में गंगा किनारे बनाया गया सीएम नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजक्ट गंगा पथ एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार कारण इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठना है। दरअसल नौ अप्रैल को लोकार्पण के चार दिन बाद ही दीदारगंज के पास जेपी गंगा पथ पुल के पाया नंबर ए 3 पास पर सड़क पर बड़ी दरार देखी गई है। यह दरार गंगा पथ के दोनो ओर स्पष्ट दिख रही है। अब सोशल मीडिया पर तेजी से इससे जुड़ी तस्वीर वायरल हो रही है। लोग गंगा पथ के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि चुनावी साल में जल्दबाजी में कंगनघाट से दीदारगंज तक गंगा पथ का लोकार्पण किया गया। इसलिए तेजी में सरकार ने गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा।

### बीजापुर में मिले पांच आईईडी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पांच इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए गए, जिनके बारे में संदेह है कि इन्हें नक्सलियों ने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए लगाया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईईडी मनकेली गांव के पास कच्चे रास्ते पर मिले। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में वर्चस्व और बारूदी सुरंगों को हटाने के अभियान के दौरान आईईडी का पता लगाया।

**सीएम योगी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर की घोषणा**

# बाबा साहेब के नाम पर होगा जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर होगा। यह कार्यक्रम इसी महीने आगे बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर गरीब-

### 14-15 लाख लोगों को मिलेगा लाभ

वंचित को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए पीएम मोदी की प्रेरणा से सरकार ने जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम को अपने हाथ में लिया है। जीरो पॉवर्टी का मतलब कोई गरीब-वंचित न रह पाए। वह सभी प्रकार की सुविधाओं से युक्त हो। पिछले 8 वर्ष में मुसहर, थारू, वनटांगिया, कोल, बुक्सा, चेरो, गोड़, सहरिया को पूरी तरह से सेचुरेट करने का कार्य किया गया। हर जरुरतमंद को सुविधाओं का लाभ दिलाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर अंबेडकर महासभा की तरफ से सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। उन्होंने स्मारिका का भी विमोचन किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में 14-15 लाख परिवारों को जोड़ेंगे। हर ग्राम पंचायत में 20-25 ऐसे परिवार होंगे, जिन्हें बहुत सारी सुविधाएं नहीं मिली होंगी। डबल इंजन सरकार उन्हें वह सुविधा उपलब्ध कराएगी। सीएम ने कहा कि यह योजना इसलिए बाबा साहेब के नाम पर जानी जाएगी, क्योंकि देश में शैक्षणिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से समुन्नत करने का दर्शन उन्होंने ही दिया था। यूपी देश का पहला राज्य होगा, जो जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि 1946 में संविधान सभा का गठन हुआ। पहली संगठित सरकार के न्याय मंत्री और संविधान समिति के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में बाबासाहेब को कार्य करने का अवसर मिला। भारत का संविधान आज भी प्रत्येक नागरिकों को जोड़ने का सामर्थ्य रखता है। जो लोग भारत की एकता के पक्षधर नहीं थे, वे हंसते थे कि भारत स्वतंत्र तो हो रहा है पर एकजुट नहीं रह पाएगा। उनकी मंशा धरी की धरी रह गई। उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक 140 करोड़ लोग एकता के सूत्र में बंधे हैं। संविधान के कारण भारत ने सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में आज भी अपनी धाक जमाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के सपने को साकार करने का प्रयास पहली बार अटल जी ने प्रारंभ किया, उसे नई गति दी पीएम मोदी ने। शैक्षणिक हो या आर्थिक, हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। पीएम मोदी ने इसे आगे बढ़ाया। दुनिया में भारत एक मात्र ऐसा देश है, जिसने कोरोना में भी हर नागरिक को उसका अधिकार दिलाया।

### 30 हजार से अधिक युवाओं को दिया गया ऋण

सीएम युवा उद्यमी अभियान की चर्चा करते हुए योगी ने बताया कि यह योजना युवाओं और खासतौर पर एससी-एसटी व अतिपिछड़ी जाति से जुड़े युवाओं के लिए लाई गई है। अब तक 30 हजार से अधिक युवाओं को बैंकों से ब्याज व गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। आने वाले समय में हम प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को इस सुविधा से जोड़ने वाले हैं।

# भगोड़ा मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि 65

### भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद कार्रवाई

साल के मेहुल चोकसी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। वह अभी भी जेल में है। भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद बेल्जियम में यह कार्रवाई की गई है। ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बेल्जियम में संबंधित विभाग और अधिकारियों से मेहुल पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय मुंबई की एक अदालत की ओर से उसके खिलाफ जारी किए गए दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। वारंट 23 मई, 2018 और 15 जून, 2021 की तारीख के थे। हालांकि, मेहुल चोकसी के खराब



स्वास्थ्य और अन्य कारणों की वजह से आशंका जताई जा रही है कि पुलिस उसे ज्यादा देर तक जेल में नहीं रख पाएगी और उसे जमानत मिल सकती है।

मेहुल चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में करीब 13 हजार करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए वांछित है। वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ एंटवर्प (बेल्जियम) में रह रहा है। उसके पास एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता है। वह इलाज के लिए द्वीप राष्ट्र से बाहर गया था। देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक पीएनबी में घोटाला सामने आने से कुछ हफ्ते पहले वह जनवरी 2018 में भारत से भाग गया था।

### 2018 में दर्ज हुआ था ऋण धोखाधड़ी का मामला

मेहुल चोकसी, नीरव मोदी, उनके परिवार के सदस्यों, कर्मचारियों, बैंक अधिकारियों और अन्य पर सीबीआई और ईडी ने 2018 में मुंबई में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की ब्रैडी हाउस शाखा में कथित ऋण धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया था। आरोप था कि चोकसी, उनकी कंपनी गीतांजलि जेम्स और अन्य ने कुछ बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके धोखाधड़ी की और एलओयू (अंडरटेकिंग लेटर) जारी करवाए। इस दौरान निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना एफएलसी (विदेशी ऋण पत्र) को बढ़ाया और बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाया।

## भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए काम करे समाज

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन मधुकर भागवत ने कहा है कि हम आपसी मतभेद में उलझ गए, जिसका फायदा विदेशी आक्रांताओं ने उठाया, भारत को लूटा

### भागवत बोले हिंदू समाज का घर है भारत

और पीटा भी। संघ का कार्य समाज का है। सरसंघचालक ने कहा कि जो अपने आप को हिंदू कहता है उनकी जवाबदेही बनती है पूछा जाएगा कि उन्होंने भारत के लिए क्या किया। हिंदू समाज को इसके लिए तैयार करना है। भारत में हिंदू समाज के संगठन का कार्य संघ कर रहा है।



बाबा साहब को जीवन में बड़ी विषमताओं का सामना करना पड़ा। बचपन से विषमता का सामना किया। उन्होंने जीवन भर हिन्दू समाज को एकत्र करने के लिया प्रयास किया। सर संघचालक डॉ. मोहन मधुकर भागवत ने सोमवार को कारवालोनगर में नवनिर्मित प्रदेश के पहले संघ भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए समाज को कार्य करना होगा। भारत हिंदू समाज का घर है। संघ जीवन है। संघ का कार्य सबके जीवन में शुचिता और करुणा लाना है। भागवत ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हिंदू समाज को विषमता से बाहर लाने का काम किया। डॉ. आंबेडकर जब महाराष्ट्र में कराड़ में शाखा में जब शामिल हुए तो उन्होंने कहा था कि कुछ बातों में हमारे संघ के बीच मतभेद है, फिर भी मैं इसमें आत्मीयता देखता हूं।

## तब देखा ब्लैक आउट, अब निर्यात हो रही बिजली

**यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 2014 से पहले जब कांग्रेस सत्ता में थी तो 'ब्लैकआउट' (बिजली गुल होने) की स्थिति थी लेकिन

### पीएम मोदी का कांग्रेस पर वार

पिछले एक दशक में भारत का बिजली उत्पादन दोगुना हो गया है। पीएम मोदी ने यहां दीनबंधु छोटू राम ताप विद्युत संयंत्र में 800 मेगावाट की अत्याधुनिक ताप विद्युत इकाई की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' की



'डबल स्पीड' देख रहा है। मोदी ने कहा, कांग्रेस मॉडल पूरी तरह झूठ साबित हुआ है क्योंकि यह केवल सत्ता (जीतने) पर केंद्रित है। भाजपा मॉडल सत्य पर आधारित है। उन्होंने कहा, कांग्रेस शासित राज्यों में लोगों को धोखा दिया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में लोग परेशान हैं क्योंकि सभी विकास कार्य ठप हैं, जबकि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के तहत बिजली से लेकर दूध तक सब कुछ महंगा हो रहा है।

इसके बाद हिसार में पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक का वायरस फैला रही है। वक्फ कानून पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी की देन है जिसे मुसलमान का नुकसान हुआ था। वक्त कानून के नाम पर गरीबों से लूट की गई जो अब नए कानून के जरिए बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा है कि कांग्रेस की नीतियों के कारण ही एससी और एसटी समुदाय पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

## अरब सागर में पकड़ी गई 1800 करोड़ की ड्रग्स

**अहमदाबाद।** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को एक बड़ा झटका देते हुए, भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने 300 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए हैं जिनकी कीमत लगभग 1800 करोड़ रुपये है। यह अभियान काल्पनिक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास समुद्र में चलाया गया। उत्तर महाराष्ट्र-दक्षिण गुजरात समुद्री क्षेत्र में एक बहु-मिशन भूमिका में तैनात एक आईसीजी जहाज को संदिग्ध जहाज को रोकने के लिए डायवर्ट किया गया था। आईसीजी जहाज ने आईएमबीएल के पास लक्ष्य नाव को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला। संदिग्ध नाव ने मादक पदार्थों की खेप को समुद्र में फेंकने का प्रयास किया और आईएमबीएल की ओर भाग गई। आईसीजी पोत ने तुरंत अपनी समुद्री नाव टीम को छोड़े गए प्रतिबंधित पदार्थ को बरामद करने के लिए भेजा और साथ ही भागते हुए जहाज का पीछा भी किया।

## नई तकनीक पर खर्च होगा 10000 करोड़ का स्टार्टअप फंड

**नई दिल्ली।** वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने स्टार्टअप्स के लिए 10,000 करोड़ रुपये की दूसरी फंड ऑफ फंड्स योजना (एफएफएस) से जुड़ा बड़ा एलान किया है। सरकार के अनुसार, इसका एक बड़ा हिस्सा नये युग की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन निर्माण जैसे क्षेत्रों के उभरते उद्यमियों को आवंटित किया जा जाएगा। बजट में सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एक नई एफएफएस की घोषणा की है। 2016 में भी सरकार ने इसी तरह की योजना शुरू की थी। एक अधिकारी ने कहा, हम 10,000 करोड़ रुपये के इस फंड का बड़ा हिस्सा नए युग की

### एआई जैसे क्षेत्रों को मिलेगी मदद

### 16 जनवरी 2016 को शुरू की गई थी स्टार्टअप इंडिया पहल

तकनीक, एआई और मशीन निर्माण के लिए समर्पित करने जा रहे हैं। वर्ष 2016 की यह योजना घरेलू उद्यमों में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई थी। इसका संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की ओर से किया जाता है। इसके तहत भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) में पंजीकृत एआईएफ (वैकल्पिक निवेश कोष) को पूंजी प्रदान की जाती है, जो बदले में स्टार्टअप्स में निवेश करते हैं। नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के इरादे से सरकार ने 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी।

## मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 200 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ हिंसा जारी है। इसके बाद अब हालात को कंट्रोल करने की कोशिश की जा रही है। बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या 200 को पार कर गई है, राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस सिलसिले में सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) जावेद शमीम ने पुष्टि की है कि इस मामले में गिरफ्तारियां 200 से अधिक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में अशांत इलाकों में स्थिति अब सामान्य है। उन्होंने आगे कहा, अशांत इलाकों में लगातार रूट मार्च किए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। दुकानें और प्रतिष्ठान खुलने लगे हैं। जावेद शमीम ने आगे कहा कि दूसरे राज्यों के कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा स्थिति के बारे में अफवाह फैलाने की कोशिश की जा रही है और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए कुछ इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।


# राम मंदिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित

**अयोध्या।** राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापना का काम शुरू कर दिया गया है। सतुआ संक्रांति के शुभ मुहूर्त पर राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के

### 16 अन्य मंदिरों पर भी होगी स्थापना

मुख्य शिखर पर कलश पूजन विधि शुरू करके कलश स्थापित किया गया। तीन वैदिक आचार्यों ने कलश पूजन कराया। राम मंदिर समेत जन्मभूमि परिसर में बन रहे अन्य 16 मंदिरों के शिखर पर भी अब कलश स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जैसे-जैसे मंदिर के शिखर तैयार होते जाएंगे, उन पर कलश भी स्थापित होता जाएगा।

राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को बताया कि राम मंदिर के संपूर्ण परिसर में भवन निर्माण समिति की ओर से किए जा रहे काम छह महीने में समापन की तरफ बढ़ रहे हैं। तीन आवश्यक कार्य ऐसे हैं, जिनको शुरू किया जाना अति आवश्यक है। इसके अलावा किसी भी तरीके के नए निर्माण का काम नहीं किया जाएगा। प्रमुख



रूप से तत्काल सुरक्षा की दृष्टि से दीवार का निर्माण होना है, जो लगभग चार किलोमीटर लंबी है और इसे 18 महीने में तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण इंजीनियर इंडिया लिमिटेड की ओर से किया जाएगा।

राम मंदिर की सुरक्षा दीवार के लिए ऊंचाई और उसके स्वरूप को लेकर अंतिम निर्णय ले लिया गया है। मिट्टी के सॉइल टेस्ट के साथ ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष ने बताया कि राम मंदिर में यात्री सुविधा केंद्र की क्षमता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसको लेकर राम मंदिर परिसर में 10 एकड़ भूमि पर शू रैक और 62 काउंटर बनाए जा रहे हैं। इसमें यात्री अपनी सुविधा से सामान रख सकेंगे। राम मंदिर परिसर में 10 एकड़ पर साधना स्थल या यूं कहा जाए कि एक पार्क बनाया जा रहा है। इसका धार्मिक गतिविधि में इस्तेमाल किया जाएगा। इस पार्क में रामभक्त अपने आराध्य का पूजन अर्चन राम जन्मभूमि परिसर में कर सकेंगे। इसके साथ ही इस पार्क को कुबेर टीला स्थित पार्क से मिलाया जाएगा ताकि दोनों स्थलों पर हरियाली बनी रहे।

### अब अमृतपाल को सीएम बनाने की तैयारी

**चंडीगढ़।** अकाली दल (वारिस पंजाब दे) ने अमृतपाल सिंह को अगला सीएम उम्मीदवार बनाने का ऐलान किया है। पार्टी ने तलवंडी साबो में आयोजित बैसाखी कॉन्फ्रेंस के दौरान यह घोषणा की। फरीदकोट सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अगले डेढ़ साल तक अमृतपाल सिंह का प्रचार करने की अपील की है। पंजाब की खडूर साहिब सीट से सांसद अमृतपाल सिंह फिलहाल असम की जेल में बंद हैं। उन्हें राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनाने की चर्चाएं तेज हो रही हैं। पंजाब में अगले विधानसभा चुनाव 2027 में होने हैं।

### सलमान की कार को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें अभिनेता के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही धमकी देने वाले ने सलमान की कार को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी देने वाले की तलाश में जुट गए हैं। संदेश कहां और कैसे भेजा गया? इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है।

### कांग्रेस की उपाध्यक्ष बनेंगी प्रियंका गांधी!

**नई दिल्ली।** कांग्रेस द्वारा संगठन में प्रियंका गांधी वाड्रा की भविष्य की भूमिका पर जल्द ही निर्णय लिए जाने की उम्मीद है, क्योंकि पार्टी उपाध्यक्ष के पद पर उनकी संभावित पदोन्नति को लेकर आंतरिक चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। प्रियंका पर्दे के पीछे से अहम भूमिका निभा रही हैं। हालांकि भले ही वे वर्तमान में महासचिव के पद पर हैं, लेकिन उनके पास कोई खास संगठनात्मक प्रभार नहीं है। उनके हालिया योगदानों में से एक गुजरात से शुरू होने वाले जिला अध्यक्षों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक पायलट परियोजना का खाका तैयार करना है।

# अब बना चावल के दाने जितना छोटा पेसमेकर

**नई दिल्ली।** हृदय रोगों के मामले वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बने हुए हैं। हर साल हृदय से संबंधित बीमारियों के चलते लाखों लोगों की मौत हो जाती है। हाल के वर्षों में

### बिना सर्जरी के शरीर में होगा फिट

विशेषकर, कोविड महामारी के बाद हृदय से संबंधित जटिलताओं जैसे हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर के मामलों में और तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

आधुनिक चिकित्सा और मेडिकल क्षेत्र में नवाचार ने हृदय से संबंधित गंभीर जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी तकनीक विकसित कर ली है जिससे रोगियों का उपचार पहले की तुलना में अब आसान हो सकता है, हालांकि इसके उपयोग के लिए जरूरी है कि बीमारी का समय पर निदान हो सके।



मेडिकल क्षेत्र में नवाचार के इसी क्रम में अब वैज्ञानिकों को और बड़ी सफलता हाथ लगी है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने एक अतिसूक्ष्म पेसमेकर बनाया है जिससे दिल के मरीजों को विशेष लाभ मिल सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसका आकार चावल के दाने जितना छोटा है और अब तक जिस तरह से पेसमेकर लगाया जाता रहा है उससे इतर इसे आसानी से इंजेक्शन के जरिये भी शरीर में इंजेक्ट किया जा सकता है। नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने एक ऐसा पेसमेकर विकसित किया है जो इतना छोटा है कि इसे सिरिंज की नोंक के अंदर फिट किया जा सकता है। इसके अलावा बिना किसी सर्जरी या चीर-फाड़ के आसानी से शरीर में इंजेक्ट भी किया जा सकता है। खास बात ये भी है कि यह सभी आकार के दिलों के लिए काम कर सकता है। जन्मजात हृदय दोष वाले नवजात शिशुओं के छोटे, नाजुक हृदय के लिए भी इसे विशेष रूप से उपयुक्त माना जा रहा है।

### क्या है पेसमेकर का इस्तेमाल

पेसमेकर एक छोटा सा उपकरण होता है जिसे शरीर में इंप्लांट (प्रत्यारोपित) किया जाता है, ये हृदय को नियमित गति और लय में धड़कने में मदद करता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से ऐसे लोगों के इलाज के लिए किया जाता रहा है जिन्हें एरिथमिया (दिल की धड़कन में अनियमितता) की समस्या होती है। कुछ लोगों के दिल की धड़कन बहुत तेज या बहुत कम हो जाती है, इसे नियमित करने के लिए भी पेसमेकर का इस्तेमाल किया जाता रहा है।

# संवैधानिक दायरे में सेवा करना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती 14 अप्रैल से भीमराव आंबेडकर जयन्ती, हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान टैगलाइन के अंतर्गत 14 से 28 अप्रैल तक 15 दिवसीय कार्यक्रम उत्सव के रूप में शुभारंभ व कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश उपस्थित रहे।

बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पावन अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण नमन किया। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने जयंती के अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहब के संघर्षों, सिद्धान्तों एवं आदर्शों के कारण ही आज हम सब उन्हें महापुरुष के रूप में मानते है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने देश को चलाने के लिए जो संविधान का निर्माण किया आज उन्ही कानूनों एंव व्यवस्थाओं के अनुसार हमारे देश की प्रशासनिक एवं न्यायिक व्यवस्था कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान की रचना करने में कितना व्यापक दृष्टिकोण अपनाया रहा होगा इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अब तक उसी संविधान में दिये गये व्यवस्थाओं के अनुसार हमारा देश चल रहा है, यद्यपि समय एवं जरूरत के अनुसार कुछ संसोधन किये गये है जो सामान्य बात है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब शिक्षा एवं शोषित समाज के निर्माण के प्रति हमेशा जागरूक रहे और सभी के प्रेणा श्रोत रहे। अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने संविधान में लिखित मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों सहित हर वर्ग, दलित व समाज के हर नागरिक के लिए समानता एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे अधिकारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बाबा साहब के सिद्धान्तों, आदर्शों, संघर्षों से सीख लेने तथा उन्हें अपने व्यवहार में लाते हुए उनके द्वारा रचित संविधान में उल्लिखित कानूनों का पालन करने हेतु संकल्प लेने का दिन है। अपर जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि आज हम सभी बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मना रहे है, तो यह भी आवश्यक है कि हम उनके विचारों को अपने आचरण में स्थान दें। समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान रूप से विकास, सम्मान और अवसर पहुंचाना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने अपने सम्बोधन में सभी से आह्वान किया कि हम सब मिलकर एक ऐसे समतामूलक, न्यायप्रिय और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सहयोग करें, जैसा डॉ. अम्बेडकर जी ने सपना देखा था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक करता है। यह दिन न केवल एक महापुरुष के जन्मदिवस का प्रतीक है, बल्कि यह हमें उनके विचारों, संघर्षो और उनके द्वारा दिए गए सामाजिक संदेशों को आत्मसात करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने जीवन भर शोषण, भेदभाव और असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित समाज की नींव रखी। हमें भी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, सामाजिक समरसता और न्याय के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इसी क्रम में विकास भवन सभागार में बाबा साहब की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी सहित विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बाबा साहब के जयंती के अवसर पर सभी से उनके संघर्षों, आदर्शों एवं संविधान में उल्लिखित कानूनों का पालन करने का संकल्प लेने की अपील किया।

# सामान्य पुरुष नहीं थे बाबा साहब



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** सामाजिक समरसता एवं समानता का मूल मंत्र देने वाले विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के संविधान निर्माता बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 115 भुवर निरंजनपुर में डा भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया।

भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री रामानन्द उर्फ नन्हे ने कहा कि वंचित दलितों और कोटि कोटि मानवों को उनका अधिकार दिलाना बाबा साहब का संकल्प था, वे सामान्य पुरुष नहीं बल्कि एक महामानव थे, बाबा साहब के संकल्पों को पूर्ण करने हेतु डबल इंजन की सरकार पूर्णतरू प्रतिबद्ध है। अतुल कुमार पांडेय मोनू, अध्यक्ष राजन चौहान, बूथ अध्यक्ष संदीप पाल, भाजपा मंडल महामंत्री विसुद्यानंद तिवारी, किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री महेंद्र प्रताप पांडेय, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, विमल सरोज, आशुतोष निगम, प्रवीण आजाद, अमरीश पांडेय, संतोष आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# 2639 बूथों पर दी गई डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के भाजपा द्वारा अम्बेडकर जयंती के अवसर पर बूथ से लेकर जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ सहभागिता किया और डॉ अम्बेडकर के विचारों और उनके द्वारा रचित भारतीय संविधान की मूल प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर उसे आत्मसात करने का संकल्प लिया।

जिला मीडिया प्रभारी व बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के जिला संयोजक विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा अम्बेडकर जयंती के अवसर पर की कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के 80 पूर्व चिन्हित स्थानों पर जहां डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित है वहां अम्बेडकर जयंती के पूर्व संध्या पर 13अप्रैल को पार्टी के सांसद,



विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधि पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा की साफ सफाई और दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। 14 अप्रैल को जनपद के सभी 2639 बूथों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर डा भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही संविधान की मूल प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर उसे आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संविधान की 75वीं वर्षगांठ को ऐतिहासिक रूप से वर्ष भर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के संदेश के साथ यह अभियान न केवल संविधान निर्माताओं के योगदान को सन्मानित करता है, बल्कि इसमें निहित मूल्यों को पुनः स्मरण कराता है। इस अवसर पर भीखम प्रसाद, भुवनेश्वर त्रिपाठी, विजय कुमार सोनी, अमित राय, सभासद बबलू खरवार, दिलीप राय,अरुण राय, जितेन्द्र मद्धेशिया, रामाशीष गोंड, मनीष चौधरी, विकास जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# जयंती अवसर पर डॉ. आंबेडकर को किया नमन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** राजकीय महाविद्यालय रूधौली में डा भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ मु नसीर हसन द्वारा मां सरस्वती के साथ ही डा आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। डा अम्बेडकर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्य ने कहा कि यह दिन न केवल उनके जीवन और संघर्षों को याद करने का दिन ही नहीं अपितु न्याय, सामाजिक समानता और मानव अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए उनके योगदान को याद करने का भी है। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि डा अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री,



राजनीतिज्ञ, विधिवेत्ता और भारतीय इतिहास के प्रभावशाली व्यक्तित्वों में से एक थे। समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जगदीश प्रसाद ने कहा कि डा अंबेडकर ने समाज में फैली जातिगत असमानता और छुआछूत के विरुद्ध व्यापक आंदोलन चलाए, जिसका उद्देश्य था कि दलितों को सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों और संसाधनों पर समान अधिकार मिले। अर्थशास्त्र विभाग के डॉ देवानंद ने कहा कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय की स्थापना कर भारत को एक सशक्त, समान और समावेशी राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ शैलजा ने कहा कि डा अम्बेडकर के विचार प्रासंगिक हैं हिन्दी के प्रसिद्ध कथाकार मुंशी प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में जिस दलित चेतना की बात की है वह अम्बेडकर के विचार से मेल खाती है।

# आंबेडकर जयंती पर माल्यार्पण विविध कार्यक्रमों का आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज अंबेडकर पार्क में विभिन्न जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सदर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और नगर पालिका अध्यक्ष सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए वंचितों, शोषितों और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनके प्रयासों पर चर्चा की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, सदर एसडीएम, पूर्व नगर अध्यक्ष, सभासद व अन्य कर्मचारियों ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शैक्षणिक संस्थाओं में भी जयंती पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोष्ठियां, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, प्रभात फेरी सहित कई आयोजन किए गए, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# ओपी गुप्ता जिलाध्यक्ष व राहुल श्रीवास्तव बने जिला मंत्री

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई बस्ती का वार्षिक अधिवेशन स्थानीय प्रेस क्लब सभागार में दो पालियों में संपन्न हुआ। प्रथम पाली में भारतीय मजदूर संघ के वर्तमान अध्यक्ष उमेश मिश्रा ने भारतीय मजदूर संघ के रीति नीति यथा राष्ट्रहित, उद्योगहित कर मिहित पर चलने का आह्वान किया। श्री मिश्रा ने संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। जिला मंत्री ओपी गुप्ता द्वारा तमाम कर्मचारी समस्याओं पर प्रकाश डाला गया तथा उनके निदान हेतु भारतीय मजदूर संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों को आगे ले जाने का दृढ़ निश्चय करने का आह्वान किया गया।

भारतीय मजदूर संघ बस्ती, संतकबीरनगर एवं सिद्धार्थनगर के क्षेत्रीय प्रमुख अशोक सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय मजदूर



संघ दुनिया का सबसे बड़ा मजदूर संगठन है तथा भारत को विश्व गुरु एवं विश्व शक्ति बनाने में हमें भी बढ़ चढ़कर कार्य करना होगा। वहीं द्वितीय पाली में जिला इकाई के नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मत से मनोनयन हुआ। जिसमें रोडवेज कर्मचारी संघ से उमेश चंद मिश्रा को संरक्षक एवं बडौदा यूपी बैंक से ओपी गुप्ता को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कोऑपरेटिव बैंक से विक्रम प्रताप सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बडौदा यूपी बैंक से अभिलाष त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से अनीता चौधरी, रोडवेज कर्मचारी संघ से राघवेंद्र सिंह उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से राहुल श्रीवास्तव जिला मंत्री तथा नगर पालिका परिषद से वेद प्रकाश पाण्डेय संगठन मंत्री मनोनीत किए गए। रोडवेज से रविंद्र चौधरी, बडौदा यूपी बैंक से विनोद यादव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से दीपिका पांडेय संयुक्त मंत्री के रूप में मनोनीत हुए। बड़ौदा यूपी बैंक से रवि रोशन श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, बड़ौदा यूपी बैंक से राजेश श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी एवं प्रचार मंत्री के रूप में व नगर पालिका परिषद से अजय कुमार त्रिपाठी कार्यालय मंत्री के रूप में मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बडौदा यूपी बैंक से मनीष श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से अवनीश श्रीवास्तव, बड़ौदा यूपी बैंक से संजय मणि, बड़ौदा यूपी बैंक से आर्यन राय मनोनीत किए गए। इस दौरान रवीन्द्र कुमार सोनकर, निरंकुश शुक्ला, उमेश चंद्र चौधरी, अमित कुमार शुक्ला, रमेश चंद्र, बृजेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नव मनोनीत कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी।

# युगों तक मार्गदर्शक रहेंगे बाबा साहब के विचार : डॉ. वर्मा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** पटेल एसएमएच हास्पिटल एण्ड आयुष पैरा मेडिकल कालेज गोटवा में बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर को उनके जयंती अवसर पर याद किया गया। प्रबंधक डा वर्मा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनके विचार युगों तक मार्गदर्शक बने रहेंगे। इस दौरान डा आलोक रंजन वर्मा, डा मनोज मिश्र, डा आरएन चौधरी, डा अतुल कुमार, डा लालजी यादव, डा आलोक वर्मा, डा रीतेश चौधरी, डा चन्दा सिंह, डा इरफना बानो, डा अनीता वर्मा, डा जुनेद, डा सीएम पटेल, डा राजेश चौधरी, विशाल, सतीश चौधरी, शिव प्रसाद चौधरी, शिवशंकर, मनीष वर्मा, मनोज गुप्ता, जग प्रसाद, उदयभान, सूरज, राजेश सिंह, शिवशंकर, उत्कर्ष दूबे, डा रामस्वरूप, डा सतीश, दीन बन्धु, गोल्डी, मनीषा, अतुल, सतीश, पूजा वर्मा, माया वर्मा, अभिषेक शुक्ल, दीपू चौधरी, फूलपती आदि मौजूद रहे।

# माल्यार्पण कर पढ़ा संकल्प पत्र



**परतावल।** बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने सोमवार को अपने जनसम्पर्क कार्यालय पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही विधायक ने कहा कि भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब ने संविधान में सभी के हितों को सुरिक्षित रखा है। डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय, समानता एवं एकता के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उनका जीवन हमें एक समतामूलक समाज की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। सभा को संबोधित करते हुए समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# बीस किग्रा अवैध गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** पुलिस ने अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करी गैंग का एस टीएफ व कसया पुलिस ने पर्दाफाश, कर एक कन्टेनर वाहन में छिपा कर तस्करी कर ले जाया जा रहा एक क्विंटल बीस किग्रा अवैध गांजे के साथ तीन शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं एएसपी रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व सीओ कुन्दन सिंह के नेतृत्व में अवैध मांदक, द्रव्य पदार्थों की तस्करी के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कसया पुलिस व एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा थाना कसया क्षेत्र से एक कैन्टेनर में छिपा कर तस्करी कर ले जाया जा रहा 1 क्विंटल 20 किग्रा अवैध गांजा व जामा तलाशी मे कुल 740 रू नगद व 2 मोबाईल फोन, 2 आधारकार्ड बरामद किया गया तथा



मौके से 3 शातिर गांजा तस्करों अजय यादव पुत्र रामबदन यादव निवासी बड़डाव थाना घोसी जनपद मऊ, विपिन कुमार पाल पुत्र दर्शन सिंह नि भरथना चौराहा गली नं 5 अशोक नगर जनपद ईटावा, सुहेल खान पुत्र पप्पू खान नि पुराना बस अड्डा इटावा जनपद इटावा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो गुवाहाटी राज्य असम से अवैध गांजा प्राप्त करते है। यह गिरोह अपने साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग गांजे को ट्रक/कंटेनर की केबिन में छिपाकर पुलिस की नजरों से बचते हुए एक राज्य से दूसरे राज्य में तस्करी करते है। जिससे वे अवैध रूप से धन अर्जित करते हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रनि ओमप्रकाश तिवारी थाना कसया जनपद कुशीनगर मय टीम उनि जावेद आलम सिद्दीकी एसटीएफ टीम लखनऊ मय टीम शामिल रहे।

# अब इस्तेमाल नहीं होगा कायस्थ समाज : अजय

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** राजनीतिक सामाजिक और आर्थिक रूप से हाशिए पर जा चुका कायस्थ समाज अब मुखर हो रहा है। कई मोर्चों पर कायस्थों की एकजुटता देखी जा रही है। इसी कड़ी में कायस्थ पार्टी के तत्वावधान में कायस्थ सम्मेलन का आयोजन चित्रगुप्त मंदिर पर किया गया।

कायस्थ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आजादी में कायस्थों का योगदान किसी से कम नही था, फिर भी कायस्थ हाशिए पर है, कायस्थ अमन और कानून पसंद बिरादरी के लोग धीरे धीरे राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक स्तर पर उपेक्षा का शिकार होते गए। मुख्य अतिथि ने कहा कि आगामी चुनाव को प्रभावित करने में कायस्थ समाज सक्षम होगा, इसके बाद स्वतः लोगों को समझ में आ जायेगा कि




प्रदेश व देश के सरकारों में कायस्थों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अपराजिता सिन्हा एवं मंडल अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कायस्थ किसी मायने मे कमजोर नही हैं, सिर्फ हमने पिछले कई दशक से अपनी स्थिति को लेकर चिंतन नही किया और हम पिछड़ते चले गये। सम्मेलन में वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर वर्मा, कायस्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, कायस्थ सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अजय श्रीवास्तव, सिद्धू श्रीवास्तव, राजेश चित्रगुप्त, चित्रांश क्लब के अध्यक्ष प्रकाश मोहन श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव साधु, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव दीपू, कंचन प्रसाद श्रीवास्तव, वार्ड अध्यक्ष तिवारीपुर विशाल श्रीवास्तव बबलू, गुड्डू मामा, बोका भैया, रत्नेश श्रीवास्तव, सुरेन्द्र मोहन वर्मा, मयंक श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव मास्टर साहब, विवेक श्रीवास्तव, रमेश चन्द्र, शिशिर, वीके श्रीवास्तव, राजेश कुमार, डा वीके श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव आदि का योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### पंडाल में श्रद्धालुओं ने बरसाए फूल



**हाटा, कुशीनगर।** हाटा ब्लाक के गांव मुंडेरा उपाध्याय में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन श्रीधाम वृन्दावन के आचार्य विश्वेश मणि उपाध्याय ऊर्फ पंकज जी महराज ने कथा श्रोता स्वर्गीय परमहंस सिंह की पत्नी राजकुमारी देवी सहित पांडाल में मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु को को बताए की महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र, श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत रुप से कथा सुनाई।

### धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** सोमवार को नगर के कस्टम रोड पर स्थित मन्दिर मे तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत श्री श्री हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर डीजे की धुन के साथ कन्याओं एवं महिलाओं के साथ सैकडो की संख्या मे शोभा यात्रा निकाल कर नगर मे भ्रमण किया गया। शोभा यात्रा मन्दिर से निकालकर पैदल माल गोदाम, गोला बाजार, बस स्टाप, समय माता मन्दिर पर पहुँची जहा पर पूजा पाठ मंत्रो के साथ करकर पुनः वापस शोभा यात्रा को हनुमान मन्दिर पर पहुँचकर समापन किया गया। इस दौरान जय श्रीराम एवं जय हनुमान के जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन शाम को 5 बजे से लेकर प्रभु की इच्छा तक भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे वाणीज्य संघ के अध्यक्ष रितेश शर्मा,पंडित अखिलेश मिश्रा, धनंजय सिंह, रामगोपाल गोयल, सतीश शर्मा, गोलू साहू, अर्जुन यादव , मुन्नु मौर्या, सुरेंदर साहू, संतोष चौधरी, गोकुल गोयल, अजय जयसवाल, विष्णु अग्रहरि , मुन्ना श्रीवास्तव, राकेश गौड़, दुर्गेश पाण्डे, पंकज चतुर्वेदी आदि लोग उपस्थित रहे

# बस्ती के मखौड़ा धाम से शुरू हुई 84 कोसी परिक्रमा




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**परसरामपुर, बस्ती।** भगवान राम से जुड़े स्थलों की 84 कोसी परिक्रमा चैत्र प्रतिपदा को मखौड़ा धाम से दूसरी टोली ने सोमवार को शुरू किया। धर्मार्थ सेवा संस्थान एवं 84 कोसी परिक्रमा के अध्यक्ष बाबा गया दास की अध्यक्षता में परिक्रमा निकाली गई। मखभूमि मखौड़ा धाम से सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में परिक्रमा मनोरमा नदी में स्नान पूजन करने के बाद धर्म ध्वजा फहराकर शुरू हुई।

बता दें कि रविवार को विहिप के प्रचारक केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री दिल्ली कोटेश्वर ने ध्वज दिखाकर परिक्रमा टीम को रवाना किया। इस टीम का आयोजन विहिप के हनुमान मंडल कर रहे हैं। परिक्रमा टीम के संचालक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि विहिप के संयोजन में साधु संतों के साथ गृहस्थ महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने मखौड़ा धाम से मनोरमा नदी में स्नान कर सीताराम मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात धर्म ध्वज के साथ परिक्रमा यात्रा शुभारम्भ किया। अयोध्या दशरथ महल के महंत बिंदु गद्याचार्य देवेंद्र प्रसादाचार्य ने बताया 84 कोसी परिक्रमा करने से मनुष्य को 84 लाख योनियों में भटकने से मुक्ति मिल जाती है। परिक्रमा में थाना प्रभारी परसरामपुर दिनेश कुमार चौधरी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे ।

## परिक्रमा मार्ग के द्वितीय पड़ाव पर पहुंचे श्रद्धालु



**दुबौलिया, बस्ती।** चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग के द्वितीय पड़ाव स्थल हनुमान बाग चकोही में भोर से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। प्रथम पडाव स्थल रामरेखा छावनी से भोर से ही राम जानकी मार्ग होते हुए विशेषरगंज, कसैला बाबू, समौडा के रास्ते तेज धूप के बीच नंगे पांव श्रद्धालु श्रीराम के जयघोष करते हुए परिक्रमा स्थल पर पहुंचे। प्रथम पडाव स्थल राम रेखा से सुबह ही श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला शुरू हुआ जो दस बजते बजते हनुमान बाग चकोही पहुंच गए। परिक्रमा के इस जत्थे की अगुवाई कर रहे विश्व हिन्दू परिषद के संचालक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि छह सौ साधु संत देश के विभिन्न प्रांतों के परिक्रमा मे हिस्सा ले रहे हैं।

# जरूरतमंदों को बांटी सिलाई मशीन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महाराजगंज।** रोटरी क्लब की मासिक बैठक स्थानीय एक रेस्टोरेंट में चार्टर प्रेसिडेंट विंध्यवासिनी सिंह के अध्यक्षता में आयोजित हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ चार्टर अध्यक्ष विंध्यवासिनी सिंह, आगामी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, उपाध्यक्ष डा एवी त्रिपाठी, सचिव देवेश पांडे,कोषाध्यक्ष डा साजिद अहरारी आदि रोटेरियन ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ डीके साहनी, पूर्व सचिव डॉ कृष्णा साहनी, पंकज मौर्य, सुरेश कश्यप, पूर्व सचिव रोटेरियन डा हेमंत श्रीवास्तव ने वाटर कूलर को मुख्य चौराहे के पास स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। साथ ही जरूरतमंद महिलाओं में आजीविका के लिए पांच सिलाई मशीन निःशुल्क वितरित करने की बात कही। इस बैठक में विनोद गुप्त, डा मनोज मद्धेशिया,डा अमित हालदार, वरुण बंसल, आत्माराम, निखिल टिबरेवाल, आगामी कोषाध्यक्ष मोहित मदन मद्धेशिया, अजय कुमार, अशोक चौरसिया एवं ओमप्रकाश गुप्त आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शहर से लेकर गांव तक निकली शोभायात्रा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर पुलिस विभाग से लेकर तमाम राजनीतिक और समाजिक संगठनों की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। लोगों ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है, जो शायद ही कहीं और देखने को मिले।

मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय से सोमवार सुबह एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। शोभायात्रा पैडलेगंज, रुस्तमपुर, बेतियाहाता और गोलघर जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः विकास भवन परिसर में समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में विभिन्न विभागों जैसे बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास और सामाजिक कल्याण विभाग के कर्मचारियों ने सहभागिता की। ढोल-नगाड़ों, बैंड और नारों के साथ निकली शोभायात्रा में लोगों ने अंबेडकर के विचारों और उनके योगदान को लेकर जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। राजकीय बौद्ध संग्रहालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में अंबेडकर की जीवन यात्रा पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. रामनरेश चौधरी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा, समानता और संविधान के माध्यम से देश को एक नई दिशा दी। प्रो. अनिल यादव, डॉ. यशवंत सिंह राठौर और अन्य वक्ताओं ने अंबेडकर के सामाजिक संघर्षों, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई के बाद माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अगुवाई क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने की। कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी ली। अंबेडकर जयंती के अवसर पर गोरखपुर के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक संगठनों, विद्यालयों और सरकारी संस्थानों द्वारा भी कई छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**डीएम ने दी श्रद्धांजलि :** डीएम सभागार में डीएम कृष्णा करुणेश की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। डीएम ने अपने राजपत्रित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक असमानता को दूर करने, वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने व भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान के लिए देशवासी सदैव उनके प्रति कृतज्ञ रहेंगे। डीएम ने कहा कि राजनीतिज्ञ न्यायविद, मानव विज्ञानी एवं समाज सुधारक होने के नाते बाबा साहेब एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। भेदभाव रहित एवं समरस समाज का निर्माण ही हम सभी की बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के प्रति श्रद्धांजलि होगी।

## घघसरा में बाबा साहब को दी गई श्रद्धांजलि



**घघसरा।** घघसरा में देश के संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन प्रभाकर दुबे व ईओ अमित नायक के साथ समस्त कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस दौरान चेयरमैन ने कहा कि बाबा साहब द्वारा देश के प्रति दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता हम सब उनके द्वारा बनाए गए संविधान से समाज में अपने मौलिक अधिकारों को पूरा करते हुए समानता के साथ रह रहे हैं। उन्होंने समाज में गरीब और निचले वर्ग को उठाने का कार्य करते हुए छुआछूत को मिटाने का काम किया। जुलूस में सभासद संतोष पाण्डेय, सुरेन्द्र बर्मा, विनोद कुमार, भोरई पाण्डेय, कृष्णमोहन, राकेश प्रसाद सहित आदि लोग रहे।

## जयंती पर याद किए गए बाबा साहेब



**गोरखपुर।** बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर युवा समिति, विकास नगर विस्तार, बरगदवा के तत्वावधान में सोमवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पिछले 30 साल से यह समिति बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। संस्था के संरक्षक लल्लन राम ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को अपनाकर हर आज समाज उन्नति कर सकता है। बाबा साहेब का सपना पूरा करने के लिए सभी को उनके द्वारा देश को दी गई अमूल्य धरोहर संविधान का सम्मान करते हुए उसी के हिसाब से अपना सामाजिक आचरण करने की जरूरत है। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष राम चंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष सोनू कुमार, अमरजीत, मंत्री सुधीर कुमार, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, विनयशील, पलटू प्रसाद,सिंहासन, रामलालित, महेंद्र, राम प्रसाद, प्रेम नारायण मौजूद रहे।

# बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने की जरूरत : कुलपति

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एससी-एसटी इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में विश्वविद्यालय के संवाद भवन में बोधिसत्व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती धूमधाम से मनाई गई।

मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन रही। जिन्होंने अपने उद्बोधन मे बाबा साहब के जीवन संघर्षों के बारे में विस्तार से बताते हुए यह कहा कि हमें बाबा साहब के सपनो का भारत बनाने के लिए संवेदनशील होना चाहिए जिससे कि हम हर प्रकार की भेदभाव की भावना से ऊपर उठ सके और जिससे हमारे अंदर सार्वभौमिक नैतिकता का विकास हो सके। हमें बाबा साहेब के आदर्शों को जीवन में अपनाने की जरूरत है। हिंदी विभाग के आचार्य, प्रो. विमलेश मिश्र ने बताया कि बाबा साहब के सामाजिक और राजनीतिक विचारों को जमीन पर उतारने वाले उनके आदर्श मूल्यों में गिरावट आई है क्योंकि लोग जन्मदिवस और परिनिर्वाण दिवस मनाकर बाकी के समय में उनके आदर्शों को भूले रहते है और ये एक गंभीर सोचनीय विषय है। राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी अलीगढ़ के पूर्व कुलपति और विधि विभाग के आचार्य, प्रोफेसर चंद्रशेखर ने बाबा साहब के अथक संघर्षों से लोगों को सीख लेने की बात अपने उद्बोधन में कही। साथ ही सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति तथा राजनीति विभाग में आचार्य, प्रोफेसर रजनीकांत पांडे जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश का विकास थोपी गई नैतिकता या फिर डर से उपजी नैतिकता से नहीं होगा, उसके लिए लोगों को बाबा साहब के आदर्शों को जीवन में उतरना पड़ेगा। अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर आलोक गोयल ने यह बताया कि आज के समाज में बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समाज कैसे उन्नति कर सकता है। प्रोफेसर शांतनु रस्तोगी, , प्रोफेसर, प्रोफेसर अनुभूति दुबे, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर सुनीता मुर्मू, डॉ अमित कुमार, डॉ प्रभुनाथ प्रसाद, डॉ राजेश कुमार, डॉ सुशील कुमार, डॉ वंदना अहिरवार, राजबहादुर गौतम, प्रवीण राना, राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। शहर के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अंग्रेजी विभाग के डॉक्टर बृजेश कुमार जी ने कियाद्य साथ ही अतिथियों का स्वागत उद्बोधन एसोसिएशन के सचिव प्रवीण राना जी ने किया। अंत में विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति और जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन के अध्यक्ष, प्रोफेसर गोपाल प्रसाद ने अपने उद्बोधन में बाबा साहब के संघर्षों को बताते हुए कुलपति से विश्वविद्यालय में बाबा साहब के एक भव्य प्रतिमा लगवाने की मांग की।

# परिनिर्वाण दिवस पर दी गई डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गगहा /गोरखपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को मुकेश मेमोरियल हॉस्पिटल गजपुर रोड गगहा में उनके चित्र पर पुष्पार्पण कर बाबा साहेब को याद किया गया। इस अवसर डॉ. मनोज कुमार सोनकर ने कहा कि भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महापुरुषों में एक बड़ा नाम है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का, जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किये। वहीं डॉ. सच्चिदा नन्द शर्मा ने कहा कि बाबा साहब का सपना था ऐसा भारत जहां हर व्यक्ति को सम्मान अधिकार मिले, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म व वर्ग का हो। इस अवसर पर अनिल, बबलू, नटवरलाल, प्रिंस, डॉ. विकल्प सोनकर, प्रशांत, राघवेंद्र, हर्ष आदि मौजूद थे।

# माल्यार्पण कर बाबा साहब को किया याद



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सहजनवा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती पर भाजपा पाली मण्डल अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिंसई में निवर्तमान जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह ने जल्लेपार में बाबा भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें नमन एवं वन्दन किया। तदुपरान्त संविधान की प्रस्तावना/उद्देशिका का वाचन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सम्पूर्ण जीवन शोषितों वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित था, बाबा साहब ऊंच नीच जाति पाती जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरोधी थे। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष शिवचरन प्रसाद मंडल उपाध्यक्ष व प्रधान राम सिंह, महामन्त्री विजय बहादुर सिंह, शक्तिकेन्द्र प्रभारी जगदीश यादव, शक्तिकेन्द्र संयोजक रणजीत यादव, रमेश चन्द्र प्रसाद उपस्थित थे।

# डॉ. अंबेडकर ने बेहतर संविधान बनाया : विधायक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**सहजनवा।** विधानसभा सहजनवा के ग्राम सभा भड़सार में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर नमन बंधन किया।

क्षेत्रीय महामंत्री व विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा की डॉ भीमराव अंबेडकर जी बेहतर संविधान बनाने का कार्य किया और उन्हीं के सिद्धांत पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय भी चलने का कार्य किया वर्तमान मोदी एवं योगी सरकार खास तौर से दलित पिछड़े समाज के उत्थान के लिए योजनाओं को लागू किया है और सभी वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर दलित परिवार में पैदा हुए थे और छुआ छूत को समाप्त करने का कार्य किया। धार्मिक आधार पर देश के बटवारे के खिलाफ हमेशा रहे। साथ ही भाजपा ने हमेशा दलित पिछले समाज के उत्थान के लिए योजनाओं को लागू किया पहले दलित और पिछड़े समाज के लोगों को शौच के लिए घर से बाहर सड़क पर जाते थे लेकिन भाजपा ने बिना भेदभाव के सभी परिवारों को शौचालय का निर्माण कराया साथी अनेक योजनाओं का लाभ पात्र उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी एवं योगी के हाथों में देश जाएगा तो विकास होगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री पिछड़ा वर्ग मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष सूर्यनाथ विश्वकर्मा,राम बुझारत पासी, विजय शर्मा,भारत लाल शुक्ला, बड़कू उपाध्याय,सुनील निगम, अभिषेक मिश्रादीपक उपाध्याय, शैलेंद्र कुमार,भास्कर सिंह, राणा प्रताप सिंह समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चार पुलिसवालों की चार्जशीट तैयार

**गोरखपुर।** खोराबार थाने की रामनगर कड़जहां चौकी पर तैनात रहे चार पुलिसकर्मियों पर एक युवक से अवैध वसूली के आरोप सही पाए गए हैं। जांच के बाद चौकी इंचार्ज शंभू साहनी, सिपाही विक्रांत सिंह, अरविंद पांडेय और अभिषेक शुक्ला को आरोपित बनाते हुए पुलिस ने चार्जशीट तैयार कर ली है। सभी चारों पुलिसकर्मी पहले ही निलंबित किए जा चुके हैं। मामले की शुरुआत दो फरवरी 2024 को हुई थी, जब खोराबार के जंगल बेलवार गांव के रहने वाले जामवंत कुमार अपने एक मित्र के घर गया था। रात में कुछ गांव वालों ने उसे संदेह के आधार पर चोर समझ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने सिपाही विक्रांत सिंह की अगुवाई में उसे कड़जहां चौकी लाकर बैठा दिया।

# बाबा साहब ने देश को समर्पित कर दिया था अपना जीवन : महेश



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बड़हलगंज।** भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपना समग्र जीवन दलित-शोषित और भारत के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने देश के लिए संविधान दिया।

उक्त बातें सोमवार को चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने आंबेडकर जयंती के अवसर पर संबोधित करते हुए कही। कहा कि देश के विकास के लिए बाबा साहब ने सामाजिक समानता पर ज़ोर दिया। उनके अनमोल विचार व सिद्धांत देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी हैं। इस दौरान समस्त सभासदों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभासद दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, राकेश राय, दीपक गौंड, रामदास मद्धेशिया, सुदीप वर्मा, रवि साहनी, अमूल्य चतुर्वेदी, सुनील यादव, राजीव मिश्रा, अमरनाथ उमर, दिलीप निगम, अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ राजन मिश्रा, अमलेश कुमार, सुनील कुमार, हरिकेश यादव, विकास गौंड, किशन उमर आदि मौजूद रहें।

## उनवल में दी गई संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि



**उनवल।** नगर क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। संविधान निर्माता, समाज सुधारक और उपेक्षित शोषित वंचित समाज के मसीहा के रूप में जाने जाने वाले बाबासाहेब ने अपना जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उमेश दूबे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर निषाद, पूर्व सभासद संतोष राम त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष भाजपा इन्द्र कुमार निगम, सभाषद सर्वेश लाल, सभाषद अरविन्द कुमार, सभासद प्रभुनाथ यादव, सभासद अज़ाज खांन अज्जू, सभासद व मंडल महामंत्री भाजपा योगेश वर्मा, सभासद श्रीप्रकाश गुप्ता, दाऊ शर्मा, शक्तिकेंद्र संयोजक द्वितीय संदीप तिवारी, दिलीप मास्टर,पूर्व सभाषद बैजनाथ भारती, शौर्य अभिषेक, विनय तिवारी, अभय, विकाश, राजकमल, दिलीप आदि लोग उपस्थित रहें।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती



**गोला(स्वतंत्र भारत)।** उपनगर गोला के ग्रामसभा बांहपुर में संविधान निर्माण में प्रमुख भूमिका निभा कर देश को एक सुव्यवस्थित ढांचा प्रदान करने वाले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम प्रभारी राजकपूर सिंह के अगुवाई में डॉक्टर अंबेडकर के कार्यो को याद किया गया एवं देश में संविधान को सर्वोपरि मानते हुए एक आदर्श समाज की स्थापना पर जोर दिया गया। इस अवसर पर डॉ बृजभूषण मिश्र, पवन कुमार त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष, वर्तमान मंडल अध्यक्ष गोला राजेंद्र कुमार सिंह, जोखन राजभर, पूर्व प्रधान अजय राजभर, सतीश सिंह, मनोज मल्ल, संतोष कुमार गौतम, रंजीत गौड़, पंकज पांडेय, राम पाठक व ग्राम सभा बांहपुर की जनता उपस्थित रही।

# चंद्रशेखर आजाद वार्ड में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**चौरीचौरा।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 में जयंती समारोह वार्ड नंबर 9 चंद्रशेखर आजाद आजाद नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व बाबा साहब पर माल्यार्पण कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय कुमार ने कहा की शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेगा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें शिक्षित होना पड़ेगा तभी हम अपने अधिकारो के लिए लड़ पाएंगे। सभासद मुन्ना भुज ने कहा की बाबा साहब ने एक समाज के लिए नहीं वरन पूरे समाज के लिए कार्य किया था। इस मौके पर ई. मानवेंद्र गुप्ता, अमरनाथ मद्धेशिया, सुमित गौतम, तारक विश्वकर्मा, किशोर भारतीय, मदन भारतीय, शकील अहमद, मनोज जायसवाल, सोहन लाल भुज, धर्मेंद्र गौतम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में बिहार निवासी एक मजदूर विकास की मौत हो गई। अनियंत्रित पिकअप से टक्कर लगने से यह हादसा हुआ। पिकअप ने पहले मृतक की माइक में टक्कर मारी उसके बाद एक आटो में। आटो में सवार एक व्यक्ति भी घायल हो गया है। बेगूसराय जिले के सीकर वासा निवासी मौसम पुत्र रामोदय महतो ईंट भट्ठों पर लेबर सप्लाई करता है। सोमवार की सुबह वह लेबर विकास को अपनी बाइक से गीडा थाना क्षेत्र के बसुधा गांव स्थित भट्ठे पर जा रहा था। गाड़ी विकास चला रहा था। अभी वह सहजनवा के लखमानी आटोमोबाइल के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही अज्ञात पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गिर गए। विकास गाड़ी के पहिया के नीचे आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# व्यापारियों से लूटपाट करने वाले गिरोह पर गैंगस्टर

## आरोपियों में महराजगंज व गोरखपुर के रहने वाले शामिल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** व्यापारियों से लूटपाट करने वाले आठ सदस्यीय गिरोह पर चिलुआताल पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। छ्रूके अनुमोदन के बाद थाना प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने केस दर्ज कराया। गिरोह के सरगना रजनीश मिश्रा को रविवार को सिंहासनपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

घटना 16 मई 2022 की है। खोराबार के पकवा चौराहा के रहने वाले व्यापारी संतोष निषाद अपने भाई मंतोष के साथ सात लाख रुपये लेकर रोडवेज बस से नौतनवां जा रहे थे। यह रकम नौतनवां के कस्बे में रहने वाले व्यापारी विनय जायसवाल को दी जानी थी। दोनों भाई बस से यात्रा कर रहे थे कि चिलुआताल इलाके में चिउटहा पुल के पास वारदात हो गई। बस जैसे ही चिउटहा पुल के पास पहुंची, एक कार में सवार तीन बदमाशों ने बस को ओवरटेक किया और असलहा दिखाकर दोनों भाइयों को जबरन नीचे उतार लिया। जान से मारने की धमकी दी और उनके पास मौजूद सात लाख रुपये लूट लिए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ितों की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया गया था। जांच में पता चला कि इस वारदात को अंजाम देने वाले सिर्फ तीन नहीं, बल्कि आठ बदमाश थे, जो एक संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने लूट के मुकदमे को डकैती में तरमीम किया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने अब तक जिन आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, उनमें गिरोह का सरगना रामप्रवेश राजभर (जंगल तुलसीराम बिछिया, शाहपुर) शामिल है। उसके साथ चंद्रशेखर राजभर (शाहपुर), अनिल पासवान (खोराबार), प्रवीण चौहान (वार्ड नंबर आठ, नौतनवां, महराजगंज), जितेंद्र पासवान (कूड़ाघाट), रजनीश मिश्रा (सिंहासनपुर), संजय कुमार (खजुरी, खजनी) और राहुल जायसवाल (जंगल कौड़िया, पीपीगंज) शामिल हैं। सभी को पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस का कहना है कि गैंग के कुछ सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह गिरोह लूट की कई घटनाओं में शामिल रहा है और इनके खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। गैंग की संपत्तियों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

# वसुधैव कुटुंबकम वृद्धाश्रम का हुआ शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**



**गोला।** सनातन धर्म विश्व का सबसे बड़ा धर्म है। सनातन धर्म में माता पिता को पृथ्वी पर साक्षात ईश्वर माना गया है। जो अपने माता में ईश्वर का दर्शन करते हुए उनकी सेवा नहीं करता उनका मंदिरों में जाने से कोई फायदा नहीं।

यह बातें सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य ब्रह्मानंद शास्त्री ने उपनगर गोला के वार्ड न 18 में वसुधैव कुटुंबकम वृद्धाश्रम का अपने माता कलावती देवी पत्नी स्व जगदीश नारायण शुक्ल के साथ शिलान्यास के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कही। श्री शास्त्री जी ने आगे कहा कि आज कुछ कलयुगी पुत्र अपनी वृद्ध माता पिता को प्रताड़ना दे रहे हैं। उनकी प्रताड़ना से अजीज आकर या तो वह सड़कों पर भटक रहे हैं, भीख मांग रहे हैं या होटलों में जाकर अपने पेट की भूख शांत करने के लिए जूठा बर्तन साफ कर रहे हैं। श्री शास्त्री जी ने कहा कि जनपद के दक्षिणांचल में स्थित इस उपनगर में कोई वृद्धाश्रम नहीं था। शिलान्यास आचार्य अतुल राम त्रिपाठी आचार्य हरीश, आचार्य संतोष पाण्डेय, आचार्य मयंक द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण व शंख ध्वनि के बीच किया गया। इस अवसर पर सिद्ध पीठ मदरिया श्रीश दास, डीसी मनरेगा गोरखपुर रघुनाथ सिंह, बीडीओ गोला दीवाकर सिंह, ईओ गोला वैभव, सम्पूर्णानंद शुक्ल, अमरमणि त्रिपाठी, कवि निर्भय निनाद, टीएन चंद, रणविजय चंद, विनोद तिवारी, रजनीश पाण्डेय, विनय शुक्ल, सुधीर शुक्ला, डा प्रवीण तिवारी, हरे द्विवेदी, घनानन्द यादव, विनय पाण्डेय, सत्यपाल पाण्डेय, तेज बहादुर, रिन्टु चंद, योगेंद्र शुक्ल, गिरधारी लाल स्वर्णकार, भागीरथी स्वर्णकार, दिनेश सिंह, पप्पू राय, सूरज पांडेय आदि मौजूद रहे।

# हत्यारों को पकड़ने को लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** जम्मू के वादीपुरा में 24 जनवरी 2025 को एक महिला की मौत हो गई। महिला का मायका सहजनवा में है।

मायके वालों को सूचना दी गई थी कि महिला की मौत रात 11 बजे जलने के कारण हो गई। महिला का भाई जब जम्मू पहुंचा तो उसे शक हुआ। उसने हत्या का आरोप लगाया। जम्मू पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो उसने पुलिस के सामने गुहार लगाई है। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को आवेदन देकर न्याय दिलाने की मांग की है। एसपी नार्थ की ओर से जम्मू पुलिस को पत्र लिखकर पोस्टमार्टम व एफएसएल रिपोर्ट मांगी गई है। ताकि यह पता चल सके कि उसकी मौत वास्तव में कैसे हुई थी। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। भीटी रावत क्षेत्र के तीतनापार निवासी राजेश कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनकी बहन की शादी सहजनवा क्षेत्र के भटवल निवासी परमानंद के साथ मई 2015 में हुई थी। जब बहन विदा होकर ससुराल गई तो कुछ दिन तक सब ठीक था। लेकिन बहन के ससुर की मौत के बाद जब पति की अनुकंपा के आधार पर नौकरी लग गई तो प्रताड़ना शुरू हो गई। राजेश कुमार ने बताया कि उनकी बहन को परमानंद व उनका पूरा परिवार परेशान करता था। इसी बीच 25 जनवरी को परमानंद के विभाग के एक अधिकारी ने रात में फोन कर बताया कि बहन की 24 जनवरी को रात 11 बजे जलने से मौत हो गई। जम्मू जाने पर पता चला कि जिस कमरे में आग लगने की बात कही जा रही थी, वहां न तो शार्ट सर्किट हुआ था और न ही गैस से आग लगी थी।

# जिले के रंगकर्मियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** जिले के रंगमंच को अपनी लेखनी, निर्देशन और अभिनय से समृद्ध करने वाले वरिष्ठ रंगकर्मियों की स्मृति में रविवार को बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में रंगमहर्षि मंच की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नई दिल्ली की पैरोज़ ग्रुप द्वारा डॉ. एम सईद आलम लिखित व निर्देशित हास्य नाटक 'ग़ालिब इन न्यू दिल्ली' का सफल मंचन भी किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

समारोह की शुरुआत वरिष्ठ रंगकर्मी राजेंद्र श्रीवास्तव, पीयूषकांत 'अलग', रोशन एहतेशाम और रवि अवस्थी को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। उनके रंगमंचीय योगदान को वीडियो और पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसे वरिष्ठ रंगकर्मी शैलेश श्रीवास्तव और मानवेंद्र त्रिपाठी ने तैयार किया। इस प्रस्तुति को दर्शकों की सराहना मिली। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि पुष्पदन्त जैन, रविशंकर खरे और मुख्य संरक्षक डॉ. विमल कुमार मोदी की मौजूदगी में रंगमहर्षि मंच के संरक्षक मंडल के सदस्यों—डॉ. स्मिता मोदी, डॉ. त्रिलोक रंजन, सुधीर डॉक्टर, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. सुरेश श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र गुप्ता, अरविंद चंद्र, देवेंद्र चौधरी, जेके लाल, राकेश श्रीवास्तव और प्रबोध श्रीवास्तव को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। रंगमंच के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय दो वरिष्ठ कलाकारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सुल्तान अहमद रिजवी को 'विनोद चन्द्रा स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' और तमाल आचार्य को 'राजेंद्र श्रीवास्तव लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से नवाजा गया। दोनों ने अपने अभिनय और निर्देशन से गोरखपुर रंगमंच को नई ऊंचाई दी है। हास्य नाटक 'ग़ालिब इन न्यू दिल्ली' ने समारोह को जीवंत बना दिया। नाटक में मिर्ज़ा ग़ालिब के पुनर्जन्म और आधुनिक दिल्ली में उनके हास्य-व्यंग्य से भरे अनुभवों को मंचित किया गया। नाटक में मिर्ज़ा ग़ालिब का किरदार समकालीन सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर तीखा व्यंग्य करता है, जो दर्शकों को हँसाने के साथ सोचने पर भी मजबूर करता है। नाटक में अंजू छाबड़ा (पान वाली व मिसेज चड्ढा), सत्यम झा (बस कंडक्टर व ऐड एग्जीक्यूटिव), राघव चड्ढा (टैक्सी ड्राइवर व दिल्ली पुलिस) और देव (रिक्शावाला) के अभिनय ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। खास बात यह रही कि गोरखपुर में जन्मे और यहीं से रंग यात्रा शुरू करने वाले हिमांशु श्रीवास्तव ने टैक्सी ड्राइवर और शराबी की भूमिका निभाकर शानदार अभिनय किया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भारत रत्न बाबा साहेब की जयंती



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जनपद मे बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई।जनपद के प्रत्येक चौराहों पर गाजा बाजा के साथ झांकियां निकाली गई।कलेक्टर शिव सहाय अवस्थी एवं सदर विधायक,एसपी डॉ अनिल कुमार भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति सहित जनप्रतिनिधियों ने आंबेडकर चौराहा पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके सिद्धांतों,विचारों पर चलने की नसीहत दी।इसके उपरान्त बाबा साहेब जयंती पर आयोजित कार्यक्रम मे शामिल हुए।कुंडा तहसील अन्तर्गत बिहार बाजार मे बाबा साहेब जयंती पर जुलूस निकाला गया,इसी के साथ नगर पंचायत गढ़वारा एवं अंतू मे बाबा साहेब जयंती पर डीजे के साथ जुलूस निकाला गया।इसी तरह पट्टी तहसील में जुलूस निकाला गया।जनपद के समस्त जगहों पर बड़े धूमधाम से बाबा साहेब जयंती मनाई गई।

# श्रमिक दिवस पर तीन ग्रामीण बैंकों का होगा सम्मेलन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** बड़ौदा यूपी बैंक सेवानिवृत्त कार्मिक समिति प्रतापगढ़ के क्षेत्रीय अध्यक्ष डीपी सिंह ने बताया कि सेवा निवृत्त कार्मिक समिति जौनपुर,भदोही क्षेत्र द्वारा ग्रामीण बैंक स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष कार्यक्रम मे रविवार को एनके मिश्रा की अध्यक्षता में वृहद समारोह कार्यक्रम जौनपुर मे आयोजित किया गया।बेल्लारी कर्नाटक में संपन्न आल इंडिया रीजनल रूरल बैंक ईम्पलाइज एसोसिएशन के संपन्न चुनाव मे उत्तर प्रदेश से केंद्रित समिति मे सर्वश्री सगुण शुक्ला,महेंद्र सिंह,चैन सिंह रावत,आनंद दुबे,पीके श्रीवास्तव,यशवीर सिंह,आनंद तिवारी एवं शिव करन द्विवेदी को चुना गया है।समारोह में मुख्य समिति संरक्षक आरपी सिंह कार्यकारी अध्यक्ष बीडी यादव,कार्यकारी महामंत्री पी एन पथिक,आर्यावर्त बैंक से पीके चौरसिया,प्रथमा बैंक से ओपी तिवारी सहित विभिन्न जनपदों से आए सभी साथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया।



आगंतुकों का जौनपुर क्षेत्र के अध्यक्ष डीके विश्वकर्मा,शकील अहमद द्वारा स्वागत किया गया।सभा को रत्नाकर दूबे,जनार्दन सिंह, विक्रमादित्य पांडेय,संजीव चौरसिया, आदि ने संबोधित किया।सभा को विभिन्न जनपदों से पधारे ओपी तिवारी,एमके सिंह,डीपी सिंह,आरपी सिंह,जेएनत्रिपाठी,बीडी यादव,अशोक पांडेय,पीएन पथिक,सुनील गौड़ आदि ने संबोधित किया।महामंत्री अजित मेहरोत्रा द्वारा समिति की विभिन्न उपलब्धियों एवं लंबित विभिन्न समस्याओं से सभा को अवगत कराया। अरेबिया के राष्ट्रीय प्रवक्ता सगुण शुक्ला ने ग्रामीण बैंक की 50 वर्ष की गौरव यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा यह बताया कि 01 मई से उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक देश का व्यवसाय के दृष्टि से आठवां सबसे बड़ा बैंक होगा।सभी से एकजुट होकर समस्याओं के समाधान हेतु आगे आना होगा।चैन सिंह रावत ने सेवानिवृत्त साथियों को नींव का पत्थर बताते हुए एकीकृत बैंक में तदर्थ कमेटी शीघ्र बनाए जाने की बात कही।एलके सिंह ने अरेबिया के संघर्ष उपलब्धियों को बताते हुए सभी से एक जुट होकर शीघ्र ही संगठन के भी एकीकरण की बात रखी।मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों के साथ विभिन्न बैंक व जनपदों से पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।सभा का संचालन मिलन चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

## खबर एक नजर

### आयकर लिपिक की त्रुटि से कलेक्टर की फजीहत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** कलेक्टर शिव सहाय अवस्थी ने सूचित किया है कि कतिपय समाचार पत्रों व मीडिया स्रोतों में खबर प्रकाशित की जा रही है कि प्रतापगढ़ के जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी सबसे अमीर है। उन्होंने 2024 में पत्नी सौम्या त्रिवेदी के नाम 2.26 हेक्टेयर कृषि जमीन खरीदी है।जिसकी मौजूदा कीमत 5.54 करोड़ रूपये बताई गई है।इस बाबत डीएम शिव सहाय अवस्थी द्वारा सर्व सुलभ जानकारी के लिए सूचित किया गया है कि उनके द्वारा परीक्षण कराया गया तो पता लगा कि आइटीआर भरते समय लिपिकीय त्रुटि बस रिपोर्ट में एक शून्य अधिक जुड़ गया, जिसके कारण उक्त कीमत त्रुटिपूर्ण तरीके से दर्शित हो गई।संदर्भित भूमि की वास्तविक कीमत लगभग 54 लाख रुपए बताई जा रही है।जिलाधिकारी के अनुसार उक्त विसंगति को ठीक करने के लिए नियुक्ति विभाग को पृथक से पत्र लिखा जा रहा है।

### पत्नी के प्रेमी ने पति को दी जान से मारने की धमकी

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली के अर्जुनपुर गांव निवासी अमित सरोज ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 2 वर्ष पूर्व पट्टी कोतवाली क्षेत्र के ही बेलारामपुर गांव की एक युवती के साथ हुई थी।पत्नी लगभग 1 साल पूर्व से ही जनपद स्थित एक अस्पताल में नर्स की ट्रेनिंग कर रही थी।इस दौरान उसकी दोस्ती उसी अस्पताल के एक मुस्लिम वार्डबॉय से हो गई।उसके बाद ये दोनों फोन से घंटों बातें करने लगे।जब पीड़ित पति को इस बात की जानकारी हुई तो उसने अपनी पत्नी को मना किया लेकिन पत्नी नहीं मानी और युवक से बातचीत करना जारी रखा।पति का कहना है कि युवक मुस्लिम है मामला लव जिहाद का है।युवक द्वारा फोन पर पति को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।युवक की धमकी से पीड़ित पति डर सहम गया है।पुलिस मामले की छानबीन मे जुट गई है।

### हत्या के प्रयास में गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के उपनिरीक्षक विवेक कुमार यादव ने आरोपी सचिन यादव पुत्र स्व छोटे लाल यादव निवासी बभनपुर को चार सुतली बम के साथ गिरफ्तार किया है।एसआई रमेश कुमार वर्मा ने हत्या के प्रयास मे वांछित आरोपी अमित वर्मा पुत्र सुरेश वर्मा निवासी ताजपुर बगिया पूरे तिलक राम को गिरफ्तार किया है।

### बाबा साहेब जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना के बिहार बाजार मे आंबेडकर समाज सुधार समिति बिहार के नेतृत्व मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।दो दर्जन से अधिक गांव के कमेटी के अध्यक्ष समस्त ग्रामवासी सहित धूमधाम से डीजे झांकी के साथ सम्मिलित हुए।कार्यक्रम बिहार बाजार पेट्रोल पंप पर समस्त कमेटी के पदाधिकारी एवं ग्रामवासियों का स्वागत कर शोभायात्रा की शुरुआत की गई।शोभायात्रा अंबेडकर नगर बिहार बाजार कुंडा मोड़,लोदीपुर होते हुए ग्राम सभा सराय सैयद खां मे एक बड़ी जनसभा कर समाप्त हुई।कार्यक्रम में बाघराय थाना प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में समस्त स्टाफ मुस्तैदी के साथ तैनात रहे।इस कार्यक्रम के मौके पर गुड्डनराज पासी जिला अध्यक्ष सपा एससीएसटी प्रकोष्ठ,सुरेश यादव सपा नेता ऋषभ यादव सपा नेता,अनुभव यादव पूर्व प्रमुख,बाबूलाल गौतम अध्यापक,अंकुश यादव पत्रकार,मो जाकिर पत्रकार,लोकेश मिश्रा पत्रकार,बड़कऊ यादव,छोटू गौतम,सौरभ यादव गुड्डू मो नसीम,मो इरफान,प्रधान प्र.छेवांगा,रमेश गौतम,ग्राम प्रधान प्र. देवर पट्टी बब्लू यादव समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय महिलाओं व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### घरवालों को ठुकराकर युवती ने थामा प्रेमी का हाथ

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली के तिलौरी विक्रमपुर निवासी दिशा पटेल पुत्री संतोष पटेल दिल्ली में रहती थी,जहां पर उसी मोहल्ले में देंहगरी जमालपुर निवासी शुभम सरोज पुत्र रामचंद्र सरोज अपने फूफा के यहां रहता था।तीन वर्ष पहले दोनों में प्रेम हो गया।जिसके बाद दोनों मिलने जुलने लगे।16 मार्च को दोनों दिल्ली से भाग निकले और कोर्ट मैरेज कर लिया।बेटी के भागने के बाद दोनों एक ही कुंडा कोतवाली क्षेत्र के होने के बाद युवती के पिता ने कुंडा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया।जानकारी होने पर युवक सोमवार को युवती के साथ कुंडा कोतवाली में हाजिर हो गया जहां पर पुलिस ने युवती का बयान दर्ज किया।युवती ने अपनी उम्र 22 वर्ष बताई उसके आधार कार्ड व शैक्षिक प्रमाण पत्र में भी युवती बालिग है।पुलिस ने युवती को स्वजनों के साथ भेजने की बात कही,लेकिन युवती जाने को तैयार नही हुई।जिसके बाद युवक व युवती ने कोतवाली के बगल स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव को साक्षी मानकर शादी रचा लिया।इस दौरान कुछ अधिवक्ता व समाज के लोग मौजूद रहे।

### श्रद्धा के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

**स्वतंत्र भारत रुपईडीहा बहराइच।** नगर पंचायत रुपईडीहा कार्यालय में सोमवार को भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य ने की।समारोह की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।अध्यक्ष ने डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷बाबा साहेब ने समाज के दबे-कुचले वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया।

# 801 मनरेगा मजदूर कागजों में भांज रहे फावड़ा

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** मनरेगा मजदूरों को लगभग चार माह से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है उसके बावजूद मनरेगा मजदूरों का मजदूरी को लेकर उत्साह सातवें आसमान पर चढ़ा हुआ है ये वही मनरेगा मजदूर है जो कागजों मे मजदूरी करते है और डिजिटल इंडिया के माध्यम से खाते मे भुगतान प्राप्त करते है।

विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ के ग्राम पंचायत मादामई से होकर गुजरने वाली लोनी नदी के जीर्णोद्धार के लिए मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा के द्वारा अथक प्रयास किया गया और कई बार निरीक्षण किया गया।करोड़ों के खर्च से लोनी नदी जीर्णोद्धार के लिए शिलान्यास किया गया,वहीं दूसरी तरफ मनरेगा धन लूट गिरोह मे लोनी नदी जीर्णोद्धार स्वीकृति को लेकर मन ही मन लड्डू फूट रहे थे।तकनीकी सहायक राजेश वर्मा ने लोनी नदी जीर्णोद्धार के



नाम पर 2 लाख 43 हजार 6 सौ 36 रुपए का मेजरमेंट बुक बनाया है जबकि लोनी नदी जीर्णोद्धार कार्य होना प्रतीत नही होता है और न ही फावड़ा भांजना प्रतीत होता है।इसी तरह 75 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल जारी है,कोड़री बार्डर से दुबान का पुरवा तक और कासिमपुर माइनर से दुबान का पुरवा तक नाला खुदाई के लिए लेकिन यहां एक भी मनरेगा मजदूर के दर्शन दुर्लभ हो गए।इसी तरह महमदपुर चारपुरा मे 70 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल जारी है पूरे श्याम से पुल तक नाला खुदाई के लिए लेकिन एक भी मजदूर कार्य नहीं कर रहा है।इसी तरह ग्राम पंचायत जसमेढ़ा में 32 मनरेगा मजदूर चंद्रेश के खेत से पप्पू मास्टर के खेत तक संपर्क मार्ग निर्माण और नहर से नाला तक गुल खुदाई के लिए लेकिन कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला। इसी तरह ग्राम पंचायत बीजू मऊ में 59 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल छोटी खपराही पुल से महादेव के खेत तक नाला खुदाई और प्राथमिक विद्यालय बड़ी बीजू मऊ में मिट्टी भराई के लिए जारी है लेकिन यहां कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला।इसी तरह ग्राम पंचायत भटनी 47 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल अरुण के खेत से दुर्गा प्रसाद के खेत तक गुल खुदाई और नन्द लाल मौर्या के खेत से केदार के खेत तक गुल खुदाई के लिए जारी है लेकिन कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला।ग्राम पंचायत धना टिकरिया मे 29 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल तालाब खुदाई के लिए जारी है लेकिन कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला।ग्राम पंचायत जमालपुर में 79 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल तालाब जीर्णोद्धार के लिए जारी है लेकिन यहां कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला।ग्राम पंचायत रायपुर में 53 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल दई तालाब पर बांध और खुदाई के लिए जारी है लेकिन यहां कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला यहां के तालाब की खुदाई गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदार के द्वारा किया गया था अब इस तालाब में बांध निर्माण मशीन के द्वारा किया जा रहा है और उमरपुर माइनर से संतोष के खेत तक चक मार्ग निर्माण के लिए जारी है लेकिन कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला।ग्राम पंचायत रामापुर में 57 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल तालाब जीर्णोद्धार के लिए जारी है लेकिन यहां कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला। ग्राम पंचायत रतनपुर महेशपुर में 76 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल तालाब जीर्णोद्धार के लिए जारी है लेकिन कोई कार्य करता हुआ नहीं मिला।ग्राम पंचायत सराय लालमती में 49 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल पटवा के खेत से बच्चा के खेत तक नाला खुदाई के लिए जारी है लेकिन कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला। ग्राम पंचायत सराय निर्भय मे 51 मनरेगा मजदूर का मास्टर रोल वीरेंद्र के खेत से सराय निर्भय सीमा तक नाला खुदाई और लाल के घर से चेरगढ़ बार्डर तक नाला खुदाई के लिए जारी है लेकिन यहां कोई मजदूर कार्य करता हुआ नहीं मिला है

# विश्व हिंदू परिषद ने आयोजित की रामोत्सव धर्म जागरण यात्रा

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मिहींपुरवा के नगर पंचायत मिहींपुरवा क्षेत्र में स्थित श्री राम जानकी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से रामोत्सव धर्म जन जागरण शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए भक्तों के द्वारा लगाए गए जय श्री राम के नारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा।तथा भगवा झंडों से यात्रा भगवामय रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवध प्रांत मार्गदर्शक मंडल के स्वामी विष्णु देव आचार्य व प्रांत कार्याध्यक्ष राजदेव सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप के जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह व प्रखंड मंत्री नीरज पोरवाल ने की। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके बाद धर्म जागरण एवं शोभा यात्रा श्री राम जानकी मंदिर से नगर भ्रमण के लिए निकली चौराहे पर पहुंचकर कराटे कोच दिलीप जायसवाल व उनकी टीम में दिनकर द्विवेदी व जीत भारती द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम किया गया। जो आकर्षण का केंद्र रहा ।इसके बाद यात्रा श्री राम जानकी मंदिर पर पहुंची मुख्य अतिथि स्वामी विष्णु देव आचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म में रहना वाला सदैव सबके कल्याण के लिए कार्य करता है। उन्होंने हिंदुओं से एक सुर में हिंदू राष्ट्र के सपने को साकार करने के लिए एकजुट होने की बात कहीं। मुख्य अतिथि राजदेव सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति हमारी धरोहर है इसका संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम आयोजक संदीप सिंह ने कहा कि आज के युवाओं को सनातन संस्कृति की जानकारी होना बहुत जरूरी है कार्यकर्ता सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करें। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मिहींपुरवा दिलीप मोदनवाल, प्रखंड अध्यक्ष बलहा मदन सोनी ,मंत्री राजेंद्र कुमार, अंकित बजरंगी, संयोजक राम सिंह, प्रखंड कार्याध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद वर्मा, जिला समरसता प्रमुख प्रवीण श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव, देशराज पासवान, रवि जायसवाल, संदीप मौर्य, हृदेश मौर्य, नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में सनातनी राम भक्त मौजूद रहे।

# शार्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगी भीषण आग

**स्वतंत्र भारत बाबागंज बहराइच।** सोमवार की भोर में एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर प्रतिष्ठान मालिक व स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित दुकानदार मो सुब्हानी ने बताया कि भोर के सुबह 5¬00 बजे अचानक उसकी दुकान में शॉर्ट सर्किट हो गया। दुकान में रखा दर्जन भर बैटरियां, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक का समान आग की चपेट में आ गया, और आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके बाद दुकान पूरी तरह से जलकर खाक हो हो गया। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के कस्बा बाबागंज निकट इंडियन बैंक भारत बैटरी एण्ड इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक सर्विस प्रतिष्ठान है, उक्त दुकान में भोर 5¬00 बजे अचानक आग लग गई, आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय राहगीरों ने घटना की जानकारी दुकान मालिक को दी, जिसके बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंच कर और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# बाबा साहब की 134वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संविधान रक्षक सेना के तत्वावधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर अंबेडकर पार्क में एक भव्य जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पूर्व सांसद सावित्री बाई फुले ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, ÷बाबा साहब ने हमें जो अधिकार दिए हैं, उनका सदुपयोग करना हमारी जिम्मेदारी है। आज हम जिस मुकाम तक पहुंचे हैं, वह संविधान की देन है। मगर आज कुछ ताकतें संविधान से छेड़छाड़ करना चाहती हैं, जिनसे सावधान रहने की जरूरत है।÷ सुश्री फुले ने वंचित समाज से आह्वान किया कि वे किसी के बहकावे में न आएं और उन लोगों का साथ दें जो समाजहित में कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक अक्षयवर नाथ कन्नौजिया ने भी बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और केक काटने के साथ हुई। पूरा पंडाल 'जय भीम' के नारों



से गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोकगीतों के माध्यम से अंबेडकर की जीवनी को मंडली द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने खूब सराहा।जनसभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उपस्थित जनसमूह के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था की गई थी, साथ ही विभिन्न सामाजिक जागरूकता से जुड़े स्टॉल भी लगाए गए थे। मंच पर कुलदीप वर्मा, सुरेंद्र कुमार, आनंद सरोज, महावीर मंडल, सरदार सुखविंदर सिंह, संगीता रागिनी, राधेश्याम कनौजिया, निसार खां, अनिता सिंह, सोनम राज, गीता भारती, रीना गौतम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इधर नगर सहित आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी बाबा साहब की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं देर शाम तक जुलूस और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का सिलसिला चलता रहा। नगर के बाल्मीकि टोला मंदिर में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# प्रसिद्ध मंदिरों एवं पर्यटन स्थलों का होगा कायाकल्प

**श्रावस्ती, ।** सू0वि0। पर्यटन विभाग की तरफ से जनपद श्रावस्ती के अंतर्गत 6 महत्वपूर्ण परियोजनाओं / स्थलों के कायाकल्प के लिए 147.05 करोड़ की धनराशि को शासन द्वारा मंजूरी मिली है। इसको लेकर शासनादेश भी जारी हो गया है। जल्द ही टेंडर कराते हुए काम भी शुरू कर दिए जाएंगेउक्त जानकारी देते हुए जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया है कि माननीय जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के अथक प्रयासों के फल स्वरुप वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 140 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से स्वीकृत बौद्ध पर्यटन स्थल श्रावस्ती एवं प्राचीन मंदिरों का सौंदर्यीकरण एवं मूलभूत अवस्थाना सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बौद्ध पर्यटन स्थल श्रावस्ती पर पर्यटन सुविधाओं के सृजन कार्य हेतु रुपए 4398.37 लाख स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद श्रावस्ती के समेकित पर्यटन विकास परियोजना के क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार के वित्त मंत्रालय/व्यय विभाग के अंतर्गत जारी योजना के अंतर्गत रुपए 7653.86 लाख स्वीकृत किया गया है। मा0 विधायक श्रावस्ती राम फेरन पांडे के प्रस्ताव पर विधानसभा क्षेत्र श्रावस्ती के अंतर्गत सीता द्वार झील पर बने घाट के पर्यटन विकास हेतु रुपए 100 लाख स्वीकृत किया गया है। जिला योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती के कलकलहा माता मंदिर के पर्यटन विकास हेतु रुपए 50 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। बौद्ध पर्यटन स्थल श्रावस्ती में महामंगोल बौद्ध विहार परिसर स्थित भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर फसाट लाइटिंग के कार्य हेतु रुपए 110.15 लाख स्वीकृत किया गया है। बौद्ध स्थल श्रावस्ती में जातक कथा पर आधारित थीम पार्क के निर्माण कार्य हेतु रुपए 2394.62 लाख स्वीकृत किया गया है। सभी योजनाओं को अभिलंब प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# 16 अप्रैल को आयोजित होगा किसान दिवस

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 16 अप्रैल 2025 को पूर्वान्ह 12:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# वन्यजीव के हमले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे वन विभाग व तहसील के अधिकारी

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आज प्रातः लगभग 04:30 बजे से 05:00 बजे के बीच सूचना मिली की विकास खण्ड महसी के ग्राम बग्गर में कोई जानवर घनश्याम नाम के बच्चे को उठा ले गया। सूचना मिलते ही वन विभाग व तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामवासियों के साथ बच्चे का इलाज कराया। डीएफओ ने बताया कि उनके द्वारा स्वयं गांव का भ्रमण किया गया। डीएफओ ने बताया कि बच्चा जीवित है और स्वस्थ भी है। गांव के भ्रमण के दौरान बच्चे की मॉ ने बताया कि वह बगल में सोई थी, लेकिन बच्चा कब ले गया उसे पता नहीं चला। गांव के अन्य लोगों से पूछताछ करने पर बताया गया कि किसी ने किसी जानवर को बच्चा ले जाते नहीं देखा। डीएफओ ने बताया कि मात्र एक महिला ने बताया कि कोई जानवर बच्चे को उठाकर ले जा रहा है। डीएफओ ने बताया कि मौके पर किसी जानवर के पैरों के निशान नहीं मिले हैं। लेकिन किसी डाग फैमली का जानवर हो सकता है। डीएफओ ने बताया कि आगे की छानबीन की जा रही

# धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई डॉ. अम्बेडकर जी की जयंती

श्रावस्ती । सू0वि0। प्रदेश सरकार के मंशानुसार जिले में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, मा0 विधायक प्रतिनिधि अवधेश पाण्डेय एवं अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा एवं अधिकारियों/कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा डा0 अम्बेडकर जी पर आधारित गीत प्रस्तुत किया, जिसकी लोगों ने सराहना भी की।इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष ने बाबा साहब के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि हमें बाबा साहब के बताए गए रास्तों पर चल कर देश प्रदेश एवं अपने जनपद को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जो अपने सुख साधनों को छोड़कर देश का हित करें, ऐसे महान व्यक्तियों को नमन करते हैं। देश एवं प्रदेश तथा जिले का चहुमुखी विकास के लिए शत प्रतिशत लोगों को शिक्षित होना बहुत ज़रूरी है। बाबा साहब ने समाज में परिवर्तन लाने के लिए अनोखा कार्य किया है। समाज के सभी वर्ग एक ही पंक्ति में खड़े हो सकें, ऐसे उनके विचार थे। संविधान निर्माण में उन्होंने सभी धर्म, वर्ग, जाति को एक समान करने का विशेष ध्यान रखा। नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि सभी कार्यों का समय से निर्वाहन करें।जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे गांव महू में हुआ था। बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका उद्देश्य था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन का लोग अध्ययन कर उनके विचारों से जरूर सीख ले, उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया है। भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

# महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने किया 34 वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे महिला क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** दिनांक 14.04.2025 से 20.04.2025 तक रेलगाँव स्टेडियम प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में आयोजित हो रही 34वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे महिला क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी द्वारा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चेतना जोशी सहित उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर आगमन पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी का अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ एस पी द्विवेदी ने तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस क्रम में महाप्रबंधक ने सभी टीमों और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

इस अवसर पर अपने स्वागत उदबोधन में एस पी द्विवेदी के कहा कि, उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ द्वारा इस क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रयागराज में आयोजन हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारतीय रेल के 09 ज़ोनों से टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, जिनको 5 एवं 4 टीमों के दो ग्रुपों में बांटा गया है।






इस दौरान महाप्रबंधक महोदय ने उम्मीद जताई कि, इस चैंपियनशिप के आयोजन से रेलवे में खेलों को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि, महिला क्रिकेट में टीमों की बढ़ती हुई संख्या देश में महिला सशक्तिकरण का प्रतीक ही है। उन्होंने कहा इस तरह की प्रतियोगिता नई खिलाड़ियों के प्रोत्साहन का माध्यम बनेंगी। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि, यह आयोजन टीम भावना बढ़ाने मे सहायक होगा । इस अवसर पर उन्होंने रेलवे बोर्ड सहित विभिन्न स्थानों से आए खिलाड़ियों , कोचों, रेफरी और अन्य ऑफीशियलों को भी इस आयोजन की सफलता और निष्पक्षतापूर्वक कराने के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे की वरिष्ठ खिलाड़ी पूनम यादव ने सभी खिलाड़ियों के ओर से शुचितापूर्ण और खेल भावना से खेलने की शपथ ली और उत्तर मध्य रेलवे की कोच हेमलता काला ने रेफरी, अंपायर, स्कोरर आदि को शपथ दिलाई।

ज्ञात हो कि, इस प्रतियोगिता में उत्तर रेलवे, पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे, पूर्व रेलवे, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे, दक्षिण रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे और पहली बार प्रतिभाग कर रही दक्षिण पश्चिम रेलवे के साथ -साथ उत्तर मध्य रेलवे हिस्सा ले रही हैं। इस 07 दिवसीय समागम में भारतीय रेल के 9 ज़ोनों की टीमों के साथ आए लगभग 150 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्रतियोगिता का पहला मैच उत्तर मध्य रेलवे और दक्षिण मध्य रेलवे के बीच हुआ।, इसमें उत्तर मध्य रेलवे 09 रनों से जीती। उत्तर मध्य रेलवे ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 8 विकेटों के नुकसान पर 113 रन बनाए जवाब में दक्षिण मध्य रेलवे 9 विकेट खोकर 104 रन ही बना सकी। दिन का दूसरा मैच उत्तर रेलवे और पूर्व रेलवे के मध्य हुआ। इसमें उत्तर रेलवे ने पहले बैटिंग कर 103 रन बनाए और जवाब में पूर्व रेलवे ने 101 रन बनाए । उत्तर रेलवे ने मात्र दो रन से जीत दर्ज की। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष, एस पी द्विवेदी, उपाध्यक्ष, बीपी सिंह, कोषाध्यक्ष रवि पटेल, महासचिव, सर्वेश चंद द्विवेदी, सचिव/महाप्रबंधक, अजय सिंह आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ डॉ अमित मालवीय ने किया।

ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता उत्तर मध्य रेलवे के रेलगाँव स्टेडियम के साथ साथ खेलगाँव पब्लिक स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड में भी आयोजित हो रही है। यहाँ पर दिन का एक मात्र मैच पश्चिम रेलवे और पूर्वोत्तर सीमा रेल के मध्य हुआ। मैच के पहले खेल गाँव पब्लिक स्कूल के वाइस चेयरमैन अनिल मिश्रा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और इस अवसर उन्होंने विद्यालय के चेयरमैन डॉ यू के मिश्रा की ओर से सभी को आयोजन की शुभकामनाएं दी और खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस मेच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पश्चिम रेलवे ने 20 ओवरों में 3 विकेटों के नुकसान पर 151 रन बनाए जवाब में पूर्वोत्तर सीमा रेलवे 8 विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी।

## जंक्शन पर बड़े धूमधाम से बाबा साहब की 134 वी जयंती मनाई गई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।**आज जंक्शन पर बड़े धूमधाम से बाबा साहब की 134 वी जयंती मनाई गई। सभा के अध्यक्ष विभाग प्रमुख राधेश्याम पाण्डेय अतिथि रविकांत जी महामंत्री राजकीय मुद्रालय, संरक्षक के.पी. दुबे, विशिष्ठ अतिथि मे सतनरायण यादव महामंत्री उ.प्रदेश रोडवेज संघ, जंगदम्बा विश्वकर्मी महामंत्री रेलवे मेल सर्विस, राजीव मिश्रा महामंत्री आल इण्डिया गर्ड काउंसिल मनोज कुमार अध्यक्ष प्रदेश कर्मचारी रहे, कार्यक्रम का नेतृत्व रूपम पाण्डेय सयुंक्त महामंत्री ने किया। मण्डल मंत्री आशीष मिश्रा एवं मनीष जायसवाल कार्यक्रम व्यवस्थापक रहे एवं श्री सत्यम गुप्ता ने संचालन किया । प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष राजीव सिंह, रूकमानंद पाण्डेय, उमंग विजय, प्रियरंजन, रज्जन ओझा, पवन मालवीय, राज कुमार शुक्ला, राजेश सिरमौर, राम रतन सिंह, संजय कुमार, सुधांशु पाण्डेय आदि पदाधिकारीगण शामिल रहे।

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पूर्वी यूपी ईकाई की बैठक आज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा, प्रयागराज।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था की पूर्वी उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा 15 अप्रैल 2025 को डीजीएस, गेस्ट हाउस, मेजारोड, एक कार्यकम आयोजित करने जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रेम शंकर सिंह ने बताया कि देशभक्त नागरिकों एवं पूर्व सैनिकों का संगठन है। श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम चरित्र की परिभाषा देश काल पात्र के अनुसार होनी चाहिए पर आधारित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर (डा.) पवन सिन्हा गुरुजी, संस्थापक, पावन चिंतन धारा आश्रम करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूज्य आचार्य डा. लोकेश, संस्थापक विश्व शांति केंद्र एवं अहिंसा विश्व भारती होंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व सांसद, डा. केपी श्रीवास्तव, एमएलसी, राजन छिब्बर चेयरमेन, राष्ट्रीय आर्थिक काउंसिल, राष्ट्रीय सैनिक संस्था। उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, महापौर, प्रयागराज मे जर जनरल ओपी सोनी, वीएसएम, देव भूमि यूनिवर्सिटी देहरादून, राष्ट्रीय संयोजक, शिक्षा विंग। कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी, वीरचक्र, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय सैनिक संस्था होंगे व विशेष आमंत्रित अशोक चौधरी, सदस्य, पूर्वांचल विकास बोर्ड, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री। मुरारीलाल अग्रवाल, उप महापौर, प्रयागराज।

## डेलौहा गांव में शोपीस बनी टंकी पेयजल के लिए जूझ रहे ग्रामीण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** विश्व बैंक सहायतिक नीर निर्मल परियोजना के तहत हर घर जल के लाभ से वंचित डेलौहा गांव के ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। यहां लगे ज्यादातर हैंडपंप गंदा पानी उगलने लगे हैं। ऐसे में ग्रामीण प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं। गांव में लगी टंकी शोपीस बनी हुई है।शासन द्वारा 2015-2016 में नीर निर्मल परियोजना पेयजल योजना के तहत एक करोड़ 37 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत जल निगम पानी की टंकी पांच हजार की आबादी वाले गांव डेलौहा में जल निगम स्थापित किया गया था। निर्माण के चार माह बाद ही जल निगम ध्वस्त हो गया और जलापूर्ति ठप हो गई। इसके बाद जल निगम का जलापूर्ति ठप हो गई। जल निगम आज तक नहीं चालू हो सका। जल निगम पानी की टंकी स्थापित हो जाने से गांव वासियों में यह आस जगी थी कि अब पानी के लिए दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। लेकिन, विभागीय लापरवाही के चलते उनके मंसूबे पर पानी फिर 10 वर्ष पूर्व सपा सरकार मे विधायक रहे गिरीश चंद्र पांडेय गामा पांडेय ने शिलान्यास कराया था लेकिन नीर निर्मल परियोजना पेयजल योजना आज तक ध्वस्त पड़ी है। जिला पंचायत सदस्य देश राज सिंह कहा कि प्रशासन से शिकायत किया था तो विभाग द्वारा एक माह का समय मांगा था किंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

## डॉ. भीम राव अंबेडकर के 135 वें जयंती क्षेत्र में बड़े धूम मनाया गया

### डॉ. भीम राव अंबेडकर के द्वारा लिखा गया संविधान ही भारत के लोकतंत्र के जड़ों को मजबूत बनाया : योगेश शुक्ला



**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** मेजा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पौसिया दुबे के अलावा अन्य क्षेत्रों में डॉ. भीम राव अंबेडकर के 135 वें जयंती के उपलक्ष्य गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर डॉ भीम राव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किए एवम उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष के नाते आजाद भारत को न केवल दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान दिया बल्कि सार्वभौमिक एवं मौलिक अधिकारों के आदर्शों से प्रत्येक नागरिक सशक्त बनाने का काम किया था , डॉ अंबेडकर के समानता , स्वतंत्रता एवं बंधुता के मौलिक विचारों के कारण ही आजादी के बाद से ही भारत मजबूत राष्ट्रीय एकता के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है अंबेडकर के द्वारा लिखा गया संविधान ही भारत के लोकतंत्र के जड़ों को मजबूत बनाए हुए है आज भारतीय जनता पार्टी उनके सपनों के भारत को विकसित भारत के लक्ष्य कि ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मोदी योगी के हाथों में भारत का संविधान और उसकी मूल भावना सुरक्षित है। इस अवसर पर नाथू गुप्ता , कामेश्वर पटेल, राजेश पाल धनगर, शैलेश पाण्डेय,सूबा लाल प्रजापति, अखिलेश शुक्ल, रमेश जैसल ,कामेश्वर पटेल ,अनीश जैसल, राजन मिश्र, राजेश पाठक, हीरा लाल दुबे, मणि शंकर दुबे, अशोक जैसल , सोहन लाल, कौशलेश भारतीय, व्यास जी शुक्ल, हरि कांत पाण्डेय, पारस नाथ पाल हरि कांत पाण्डेय , राहुल जैसल, सर्वेश जैसल, संजय चंद्रा, आचार्य कमलेश मिश्रा ,अंकित जैसल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने किया डायमंड्स शो रूम का उद्घाटन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** वॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने रविवार को सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित लाइमलाइट डायमंड शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने शोरूम की स्थापना की प्रशंसा की और कहा कि इससे प्रयागराजवासियों को काफी लाभ होगा। इस प्रकार के शोरूम की काफी समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। ये भारत में बने हैं और मुझे लगता है कि हर भारतीय महिला इन डायमंड्स को पहनने में गर्व महसूस करेगी। ब्रांड की सबसे अच्छी बात है उनकी सॉलिटेयर-बेज़्ड डिज़ाइन्स जो उनकी यूएसपी भी है। उनकी सॉलिटेयर रेंज नवीनतम तकनीक का उपयोग करके बनाई गई है, जो सर्वोत्तम गुणवत्ता के साथ बोल्ड और आधुनिक डिजाइन पेश करती है।

## नैनी छिवकी स्टेशन पर लावारिस हालत में मिली मासूम बच्ची, चाइल्डलाइन को सौंपी गई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन पर रविवार शाम एक भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। प्लेटफार्म नंबर दो पर एक करीब दो माह की नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली, जिसे रोते हुए देख यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर गश्त कर रहे जीआरपी जवानों ने तुरंत बच्ची को गोद में उठाया और उसके बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की, मगर किसी ने भी उसे पहचानने से इनकार किया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल मनोज कुमार यादव, पीयूष कुमार, और प्रिंस यादव ने बच्ची को चौकी लाकर सुरक्षित रखा और चाइल्डलाइन को इसकी सूचना दी। जब तक चाइल्डलाइन की टीम मौके पर पहुंची, तब तक सिपाहियों ने बच्ची के लिए दूध मंगाया और उसे सन्हेपूर्वक संभाला।



## जब तक सभ्य समाज रहेगा, तब तक न्याय व्यवस्था समाप्त नहीं होगी : न्यायमूर्ति गौतम चौधरी

### ☐ मूट कोर्ट विधि विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है : प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे
### ☐ सीएमपी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता संपन्न, यूनाइटेड विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने जीती राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता



**प्रयागराज।** सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के मुख्य परिसर में प्रथम चौधरी महादेव राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता संपन्न हुई। मुख्य परिसर स्थित एकेडमिक ऑडिटोरियम हॉल में हुए समापन समारोह में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश बतौर मुख्य अतिथि श्री गौतम चौधरी जी और विशिष्ट अतिथि श्री अनीश कुमार गुप्ता जी शामिल हुए। माननीय न्यायाधीश गौतम चौधरी को प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। डीन विधि संकाय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रो. आदेश कुमार को डॉ शिव शंकर सिंह ने स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। प्राचार्य प्रो.अजय प्रकाश खरे को रेनू सिंह ने स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश गौतम चौधरी ने कहा कि विधि के छात्र भारत के भविष्य है, बहुत से छात्र उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय में जाएंगे, एक सभ्य समाज के लिए विधि व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। बच्चों ने अच्छे तर्क दिया जिससे स्पष्ट है कि भारत की विधिक व्यवस्था अच्छे हाथों में है। एक अधिवक्ता दूसरे का शत्रु नहीं होता है, अधिवक्ता को स्पर्धा करनी चाहिए ना की ईर्ष्या। विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के माननीय न्यायाधीश अनीश कुमार गुप्ता ने कहा कि सहभाग करने वाले विद्यार्थियों को मूट कोर्ट बहुत कुछ सिखाता है। यह मंच विद्यार्थियों को प्रायोगिक जानकारी देता है। उन्होंने विद्यार्थियों उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने विधि विद्यार्थियों का उत्सावर्धन किया। उन्होंने कहा कि कानून का क्षेत्र केवल विश्वास पर आधारित है। अपनी छवि को बनाए रखना ही सबसे महत्वूपर्ण है, ऐसे में विधि क्षेत्र में अपनी सकारात्मक छवि को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि किताबें डिजिटल प्लेटफार्म से अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध करवा देती हैं। ऐसे में किताबें से लगाव बनाए रखें।विशिष्ट अतिथि जितेंद्र नाथ चौधरी ने कहा कि मूट कोर्ट न्याय व्यवस्था का एक पूर्व अभ्यास है इससे बच्चों में आत्मविश्वास आता हैकार्यक्रम की अध्यक्ष बीए एलएलबी, समन्वयक रेनू सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपको सक्षम वकील बनने के लिए स्वयं को सक्षम बनाना होगा। कार्य के साथ परिश्रम आवश्यक है और कार्य के साथ हमें जिम्मेदारी भी आती है। अपनी गलतियों को पहचानों और स्वयं को सक्षम बनाओ। उन्होंने कहा कि बोलने, शोध करने और तथ्यों को सही तरीके से रखने सीखना बहुत जरूरी है। उन्होंने एक कथन "किसी दिये का कोई अपना मकां नहीं होता, जहां होती है वहीं रोशनी लुटाता है" के माध्यम से जीवन को महत्व बताया। उन्होंने कहा कि रविंद्र नाथ टैगोर का जीवन हमें सच के साथ खड़ा रहने की प्रेरणा देता है। विधि के विद्यार्थियों को सदैव निष्पक्ष रहना सिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियो को सीख दी कि स्वयं को अपने व्यवसाय के प्रति वफादार बनाएं। डीन, विधि संकाय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रो. आदेश कुमार ने कहा कि मानव द्वारा निर्मित विधि पूर्ण नहीं होती इस विधि व्यवसाय पूर्ण बनाते है। अधिवक्ताओं को बिना पक्षपात के समाज का भला करना चाहिए।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि, समानता के मार्ग पर चलने का संकल्प

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।**आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. अंबेडकर के विचारों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया और उनके बताए हुए समानता और न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कांग्रेस इरशाद उल्ला ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने दलित, मुस्लिम और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से इन वर्गों को सामाजिक और राजनीतिक समानता प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। आज, उनकी जयंती पर, कांग्रेस पार्टी उनके द्वारा स्थापित मूल्यों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेती है।नेताओं ने यह भी कहा कि डॉ. अंबेडकर का सपना एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जहां सभी को समान अवसर मिलें और कोई भी भेदभाव का शिकार न हो। कांग्रेस पार्टी, उनके इस सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है और दलित, मुस्लिम और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगी।

## यूपी चैलेंजर ट्रॉफी टी-20 पर यूपी ईस्ट एकादश का कब्ज़ा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** रामा मिश्रा यूपी चैलेंजर ट्रॉफी टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में यूपी ईस्ट-एकादश ने यूपी नॉर्थ-एकादश को 6 विकेट से पराजित कर ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमा लिया। कानपुर के डीएवी मैदान पर रविवार रात हुए फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए यूपी नॉर्थ-एकादश ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। टीम के लिए माजिद हसन खान ने तेज़तर्रार 69 रन और रवि चावला ने 59 रन की पारी खेली। गेंदबाज़ी में यूपी ईस्ट-एकादश की ओर से उदय प्रताप सिंह सबसे सफल गेंदबाज़ रहे। उन्होंने 3 विकेट मात्र 39 रन देकर झटके। आशीष यादव और शिवाकांत को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी ईस्ट की शुरुआत सधी हुई रही। टीम ने 19 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आशीष यादव ने नाबाद 47 रन और शिवाकांत शुक्ला ने 42 रन की पारी खेली। यूपी नार्थ की ओर से मनोज यादव ने दो विकेट और अहमर खान व जगदीश सक्सेना ने एक-एक हासिल किया।




## विकास की मुख्य धारा से जुड़ चुका है नैनी क्षेत्र : नन्दी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने रविवार को नैनी इलाके में 126.60 लाख रुपए से निर्मित विभिन्न सड़कों एवं गलियों के मार्ग निर्माण का लोकार्पण किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि नैनी क्षेत्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ चुका है। महाकुंभ के दौरान यह सिद्ध हुआ। संगम क्षेत्र से सटा इलाका होने के कारण करोड़ों लोगों का आगमन हुआ। लेकिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रयागराज महानगर का विभिन्न अंग होने के बाद भी नैनी का नया व पुराना इलाका पिछली सरकारों में काफी पिछड़ा हुआ था, लेकिन योगी सरकार में लगातार कराए जा रहे विकास कार्यों की वजह से नैनी इलाके का नक्शा ही बदल गया है। सड़क, बिजली, पानी, नाली, खड़ंजा के साथ ही डिवाइडर व रोड लाइट आदि पर अब तक अरबों रूपये खर्च किए जा रहे हैं।कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने रविवार को नैनी खरकौनी इलेक्ट्रिक बस स्टैंड गेट नंबर 2 के सामने राकेश कुमार के घर से रमेश चंद्र द्विवेदी के घर होते हुए जमुना देवी मलिक से राजेश शुक्ला के घर तक रोड एवं नाली निर्माण कार्य 12.09 लाख, नैनी दुबे तालाब में सुरेश यादव के घर से राजू यादव के घर तक रोड का निर्माण 4.25 लाख, नैनी दुबे तालाब में जनकधारी के घर से राजन मिस्त्री के घर तक रोड का निर्माण कार्य 4.65 लाख.



## मेजा ऊर्जा निगम द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर प्राथमिक विद्यालय गडेवरा में स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।**मेजा ऊर्जा निगम ने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को संयंत्र परिसर में उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर एन एन सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) मुख्य अतिथि रहे। इस कार्यक्रम में अनिल बवेजा, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग), अमित रौतेला, मुख्य वित्तीय अधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे और सभी ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कीध कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर को याद किया और उनके असाधारण जीवन और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में 13 अप्रैल को सेवा समिति द्वारा कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता का विषय 'डॉ. बी.आर. अंबेडकर का जीवन और भारतीय संविधान' था।डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में प्राथमिक विद्यालय गडेवरा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय गडेवरा के विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया।



## क्षेत्र में भव्य रूप से मनाई गई अम्बेडकर जयंती, भंडारे का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर कनैला चौराहा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए और उनके जीवन, संघर्ष व विचारों को याद किया गया।

इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन का उद्देश्य सामाजिक। समरसता और भाईचारे का संदेश देना रहा कार्यक्रम का आयोजन दिनेश कुमार, मोतीलाल, सुशील, पवन कुमार कनौजिया, शिव बहादुर, संतोष कुमार, तिरेश कुमार और अन्य स्थानीय सहयोगियों द्वारा मिलकर किया गया। सभी आयोजकों ने मिलकर पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। आज के इस कार्यक्रम में वीर रस के कवि अमित मिश्रा ने भी अपनी रचनाओं से बाबा साहब को याद किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने और डॉ. अम्बेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम हैं।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## मुर्शिदाबाद हिंसा

वक्फ संशोधन अधिनियम के कानून बनने की प्रक्रिया के दौरान और उसके बाद विपक्ष का आरोप रहा है कि इस पर उठाई गई आपत्तियों का निराकरण नहीं किया गया। भले ही सरकार ने विपक्ष को मौका देने के लिए जेपीसी बना दी थी लेकिन उसमें भी संतोषजनक बदलाव नहीं किए गए। अब यह साफ हो गया है कि यदि कानून लागू करने से पहले इस पर व्यापक रूप से विचार किया गया होता और सभी पक्षों की उचित सलाहों भी इसमें शामिल किया गया होता तो वह न होता जो पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुआ है। कानून बनाने में चूंकि विपक्ष को नजरअंदाज किया गया तो उसने समुदाय के रोष को इस्तेमाल करने के लिए इसे राजनीतिक हथियार बना लिया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ तौर पर कह दिया है कि वह इस कानून को अपने राज्य में लागू नहीं करेंगी। इसे केवल एक बयान ही नहीं बल्कि आगे चलकर होने वाली ऐसी घटनाओं की बुनियाद भी माना जाना चाहिए। लेकिन यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं कहा जा सकता। यदि इस मामले में आम सहमति बनी होती तो कश्मीर से लेकर मणिपुर तक लोग सड़कों पर न उतरते और न उनको इतना व्यापक समर्थन ही मिलता। मुर्शिदाबाद में हिंसा प्रभावित क्षेत्र से सैकड़ों लोगों का पलायन शुरू हो गया है। भाजपा इसे लेकर वहां की सत्तारूढ़ टीएमसी पर आरोप लगाने में जुटी है। वक्फ कानून को लेकर मणिपुर में एक नेता का घर जला दिया गया तो कश्मीर विधान सभा में भारी हंगामे के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक सामने ही नहीं आ गए बल्कि नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। बंगाल में जब विधानसभा के चुनाव आ रहे हैं तो सत्तासीन तृणमूल और विपक्षी भाजपा, दोनों ही इस मामले को स्वाभाविक रूप से तूल देती रहेंगी। यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों को चुनाव के लिए एक मजबूत मुद्दा मिल गया है। अन्य राज्यों में इस तरह की प्रतिक्रियाएं आ सकती हैं। लोकतंत्र के लिए यह चिंता का विषय है।

## धूम्रपान रोकें

धुआं उड़ाना यानी सिगरेट पीना एक काफी लोकप्रिय व्यसन है। कुछ लोग देखादेखी या सिनेमा में अभिनेताओं की नकल में भी यह शौक करते हैं और खुद को भी उसी तरह का मानते हैं। एक जमाने में स्व. देवानंद की फिल्मों से तो इस शौक को खूब बढ़ावा मिला था। आज भी इसके दीवाने कम नहीं हैं। अब तो किशोरों को इसका मजा लेते हुए देखा जाता है। अब तो युवतियां और महिलाएं भी आराम से यह शौक करती नजर आती हैं। यह पहले ही माना जाता था कि सिगरेट स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अब पता चला है कि धूम्रपान से दुनिया भर में कैंसर जैसे घातक रोगों के मामले बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि धूम्रपान खत्म करने से लाखों लोगों की समय से पहले होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। दावा है कि 2050 तक वैश्विक धूम्रपान की दर घटकर पांच प्रतिशत कर हो जाए तो पुरुषों की औसत आयु एक वर्ष और महिलाओं की औसत आयु 0.2 प्रतिशत बढ़ेगी। हालांकि इस बारे में अब लोगों में कुछ जागरूकता बढ़ रही है। हालांकि अक्सर बड़ी उम्र के लोग सोचते हैं कि इसको छोड़ने के लिए अब बहुत देर हो चुकी है लेकिन शोध बताते हैं कि धूम्रपान किसी भी उम्र में छोड़ा जा सकता है। इसीलिए यह भी माना गया है कि अगर धूम्रपान छोड़ने का मौजूदा रुझान जारी रहे तो मध्य शताब्दी तक पुरुषों में धूम्रपान दर घटकर 21 प्रतिशत और महिलाओं में चार फीसदी रह जाएगी। अगर ऐसा हो जाए तो इसे विश्व आबादी के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है। अब तो तंबाकू मुक्त पीढ़ी नीति बनाने के बारे में भी अध्ययन हो रहा है जिसका मकसद नई पीढ़ी को तंबाकू के इस्तेमाल से दूर रखना है।



## काँव-काँव



♦♦♦

**दुश्मनों के ड्रोन मार गिरायेगा भारतीय लेजर**
राणा सांगा तो भाला फेंककर ड्रोन गिरा देते!

**सुप्रीम फैसले पर झल्लाये केरल के राज्यपाल**
खिसियानी बिल्ली चौथे खंभे के सामने रोती है!

**सहकारिता क्षेत्र में दिख रहे बड़े बदलाव- गृहमंत्री**
न सहकारी कृषि बची है,न सहकारी उद्योग!

**हर पांचवें व्यक्ति में है विटामिन डी की कमी**
पहले चार व्यक्ति इनकम टैक्स के निशाने पर!

**अवैध बोरवेल से पानी निकालना पाप है- कोर्ट**
रामराज्य चालू है देश में,हर करतब पुण्य है!

**दस लाख करोड़ से देश में बनेंगे नये राजमार्ग**
खेती किसानी खत्म, अब सिर्फ राजमार्ग बचेंगे!

♦♦♦

# आठवें वेतन आयोग के गठन में विलंब क्यों

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता



**- बलदेव राज भारतीय**

है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल 2025 भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है, और न ही इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए जनता या विशेषज्ञों से सुझाव मांगे गए हैं। यह देरी न केवल कर्मचारियों की उम्मीदों पर खरा उतरने में बाधा बन रही है, बल्कि यह सवाल भी उठा रही है कि क्या सरकार इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को समय रहते पूरा कर पाएगी।

वेतन आयोग भारत में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, भत्तों और अन्य सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए गठित किया जाता है। यह प्रक्रिया स्वतन्त्रता के बाद से नियमित रूप से चली आ रही है, जिसमें हर दस साल में एक नया वेतन आयोग गठित किया जाता है। सातवें वेतन आयोग, जिसका गठन फरवरी 2014 में हुआ था, ने अपनी सिफारिशें नवंबर 2015 तक दे दी थी। जिससे सातवां वेतन आयोग जनवरी 2016 से अपने समय पर लागू हो गया था। अब आठवां वेतन आयोग जिसको जनवरी 2026 से लागू किया जाना है, के गठन की घोषणा हुए भी चार महीने बीतने को हुए, परन्तु अभी तक सरकार द्वारा घोषणा के अतिरिक्त अन्य कोई कदम इस दिशा में नहीं उठाया गया। आठवां वेतन आयोग जिससे अपेक्षा की जा रही है कि वो न केवल वेतन संरचना में बदलाव लाएगा, बल्कि महंगाई, जीवन यापन की लागत और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के लिए एक नया ढांचा तैयार करेगा।आठवें वेतन आयोग की घोषणा के साथ ही कर्मचारी संगठनों ने इसे एक स्वर्णिम अवसर के रूप में देखा। बढ़ती महंगाई, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की लागत ने कर्मचारियों के मासिक बजट पर भारी दबाव डाला है। विशेष रूप से मध्यम और निम्न वेतन वर्ग के कर्मचारियों के लिए यह वेतन वृद्धि किसी वरदान से कम नहीं होगी। लेकिन इस प्रक्रिया में हो रही देरी उनकी




उम्मीदों पर अनिश्चितता की काली घटाओं की तरह मंडरा रही है। आठवें वेतन आयोग के गठन में देरी के कई संभावित कारण हो सकते हैं। सबसे पहले, सरकार को इस आयोग के लिए उपयुक्त अध्यक्ष और सदस्यों का चयन करना होगा, जो न केवल अनुभवी हों, बल्कि विभिन्न हितधारकों के बीच संतुलन बनाए रखने में सक्षम हों। दूसरा, आर्थिक स्थिति भी इस देरी का एक कारण हो सकती है। भारत की अर्थव्यवस्था हाल के वर्षों में कई चुनौतियों से गुजरी है, जिसमें वैश्विक मंदी, महामारी के प्रभाव और मुद्रास्फीति शामिल हैं। वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने में सरकार को भारी वित्तीय बोझ उठाना पड़ता है, और संभवतः सरकार इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले अपनी आर्थिक स्थिति का आकलन कर रही है। तीसरा, वेतन आयोग की प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक है। आयोग को न केवल वेतन संरचना की समीक्षा करनी होती है, बल्कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव लेने, डेटा विश्लेषण करने और फिर अपनी सिफारिशें तैयार करने में भी महीनों लग सकते हैं। इसके बाद सरकार को इन सिफारिशों की समीक्षा करनी होती है, जिसमें कई बार संशोधन और कटौती भी शामिल होती है। यह पूरी प्रक्रिया इतनी जटिल है कि यदि वेतन आयोग का काम समय पर शुरू न हो, तो जनवरी 2026 तक इसे लागू करना मुश्किल हो सकता है। कर्मचारी संगठनों ने इस देरी पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि सरकार ने घोषणा तो कर दी, लेकिन उसका कोई ठोस रोडमैप सामने नहीं आया है। कई संगठनों ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द आयोग के सदस्यों की घोषणा करे और इस प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से शुरू करे।

कर्मचारियों का यह भी कहना है कि अगर देरी और बढ़ी, तो उनकी वित्तीय स्थिति और खराब हो सकती है, क्योंकि महंगाई का दबाव लगातार बढ़ रहा है। आठवां वेतन आयोग न केवल कर्मचारियों के लिए, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। सरकारी कर्मचारी देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और उनकी खर्च करने की क्षमता बाजार को गति देती है। वेतन वृद्धि से न केवल उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, बल्कि इससे उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी, जो अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा, वेतन आयोग का गठन कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने और उनकी कार्यक्षमता में सुधार लाने में भी मदद करता है। यह आयोग विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों की विशिष्ट जरूरतों को भी ध्यान में रखता है। उदाहरण के लिए, रक्षा कर्मियों, रेलवे कर्मचारियों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों की अलग-अलग चुनौतियां होती हैं, और वेतन आयोग इन सभी पहलुओं पर विचार करता है। इसके अलावा, पेंशनभोगियों के लिए भी यह आयोग महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनकी आय को भी महंगाई के अनुरूप समायोजित करने की आवश्यकता होती है।

यदि आठवें वेतन आयोग के गठन में और देरी होती है, तो इसके कई नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। सबसे पहले, कर्मचारियों का सरकार के प्रति विश्वास कम हो सकता है। दूसरा, यह देरी कर्मचारियों की वित्तीय योजनाओं को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि कई कर्मचारी इस वेतन वृद्धि के आधार पर अपने भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। तीसरा, अगर आयोग को अपनी सिफारिशें तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता, तो उसकी गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है, जिससे कर्मचारियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा। इसके अलावा, देरी से सरकार पर भी दबाव बढ़ेगा। यह सरकार की छवि को प्रभावित करेगा। इससे कर्मचारियों का विश्वास प्रभावित होगा जिससे उनकी कार्य के प्रति अभिरुचि पर प्रभाव पड़ सकता है। आठवें वेतन आयोग को समय पर लागू करने के लिए सरकार को तत्काल कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तेज करना होगा। इसके लिए सरकार को अनुभवी और निष्पक्ष व्यक्तियों का चयन करना चाहिए, जो इस जटिल प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संचालित कर सकें। दूसरा, सरकार को कर्मचारी संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ संवाद शुरू करना चाहिए, ताकि उनकी मांगों और सुझावों को प्रक्रिया के शुरुआती चरण में ही शामिल किया जा सके। तीसरा, सरकार को इस प्रक्रिया के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करनी चाहिए। उदाहरण के लिए, अगर आयोग को अपनी सिफारिशें 2025 के अंत तक प्रस्तुत करनी हैं, तो इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। इसके अलावा, सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आयोग को सभी आवश्यक संसाधन और डेटा समय पर उपलब्ध हों, ताकि वह अपनी जिम्मेदारी को प्रभावी ढंग से निभा सके।

## प्रेमचंद की कहानियां



### कजाकी

अम्मां जी ने कहा-तुमने मुझसे पूछ क्यों न लिया ? क्या मैं कजाकी को थोड़ा-सा आटा न देती ?

मैंने इसका उत्तर न दिया। दिल में कहा- इस वक्त तुम्हें कजाकी पर दया आ गयी है, जो चाहे दे डालो; लेकिन मैं मांगता, तो मारने दौड़तीं। हां, यह सोचकर चित्त प्रसन्न हुआ कि अब कजाकी भूखों न मरेगा। अम्मां जी उसे रोज खाने को देंगी और वह रोज मुझे कंधे पर बिठा कर सैर करायेगा।

दूसरे दिन मैं दिन भर मुन्नू के साथ खेलता रहा। शाम को सड़क पर जा कर खड़ा हो गया। मगर अंधेरा हो गया और कजाकी का कहीं पता नहीं। दीये जल गये, रास्ते में सन्नाटा छा गया; पर कजाकी न आया!

मैं रोता हुआ घर आया। अम्मां जी ने पूछा- क्यों रोते हो, बेटा? क्या कजाकी नहीं आया?

अम्मां-तूने आटा नहीं निकाला ? देख कितना आटा सारे आंगन में बिखरा पड़ा है?

मैं चुप खड़ा था। वह कितना ही धमकाती थीं, चुमकारती थीं, पर जबान न खुलती थी। आने वाली विपत्ति के भय से प्राण सूख रहे थे। यहां तक कि यह भी कहने की हिम्मत न पड़ती थी कि बिगड़ती क्यों हो, आटा तो द्वार पर रखा हुआ है। और न उठा कर लाते ही बनता था, मानो क्रिया-शक्ति ही लुप्त हो गयी हो, मानो पैरों में हिलने की सामर्थ्य ही नहीं। सहसा कजाकी ने पुकारा- वह जी, आटा द्वार पर रखा हुआ है।

मैं और जोर से रोने लगा। अम्मां जी ने मुझे छाती से लगा लिया। मुझे ऐसा मालूम हुआ कि उनका कंठ गद्गद हो गया है। उन्होंने कहा-बेटा चुप हो जाओ, मैं कल किसी हरकारे को भेजकर कजाकी को बुलवाऊंगी। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नाहारं चिन्तयेत्प्राज्ञो धर्ममेकं हि चिन्तयेत्द्।**
**आहारो हि मनुष्याणां जन्मना सह जायते।।**

विद्वान् व्यक्ति को अपने आहार की चिंता न करते हुए केवल धर्म के अनुष्ठान में प्रवृत्त होना चाहिए, क्योंकि आहार तो व्यक्ति के जन्म के साथ ही उत्पन्न हो जाता है।

♦♦♦

# मनुष्य के दुश्मन नहीं, हितकारी हैं पशु-पक्षी !

सोशल नेटवर्किंग साइट्स के फायदे भी बहुत हैं। हाल ही में फेसबुक पर राजस्थान के एक स्थानीय यू-ट्यूब रील्स कलाकार(कामेडियन) की एक फेसबुक पोस्ट देखी। पोस्ट ने इस



**- सुनील कुमार महला**

लेखक को बहुत अधिक प्रभावित किया। दरअसल, यह पोस्ट भीषण गर्मी में रेगिस्तान में पशुओं को पानी पिलाने के संदर्भ में थी। राजस्थान में रेगिस्तानी धोरों (रेत के टीलों) के बीच बने एक कुंड से, राजस्थान का यह स्थानीय कलाकार रेगिस्तान में आवारा/लावारिस गाय के बछड़ों को कुंड से पानी निकाल कर पिला रहा था और दर्शकों से भी आवारा/लावारिश पशुओं/पक्षियों को पानी पिलाने की गुहार कर रहा था। हमारे हिन्दू धर्म में पानी पिलाने को सबसे बड़ा धर्म व परोपकार माना गया है। सच तो यह है कि हमारी भारतीय सनातन संस्कृति में परोपकार को दान और सेवा के रूप में वर्णित किया गया है। वास्तव में परोपकार हमारे देश की पुरानी परंपरा होने के साथ-साथ ही हम भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है।कहना ग़लत नहीं होगा कि धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारे यहां तो क्या खूब कहा गया है कि - 'परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः परोपकाराय वहन्ति नद्यः।परोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकारार्थ मिदं शरीरम्।।' अर्थात तात्पर्य यह है कि- परोपकार के लिए वृक्ष फल देते हैं, परोपकार के लिए ही नदियाँ बहती हैं और परोपकार के लिए गाय दूध देती हैं।अर्थात् यह शरीर भी परोपकार के लिए ही बना है। सद्गुरु कबीर जी ने भीबड़े ही सरल व स्पष्ट शब्दों में कहा है कि 'चिड़ी चोंच भर ले गई, नदी न घटियो नीर।दान दिए धन न घटे, कह गए दास कबीर।' गर्मियों में हम जल संरक्षण करें और पशु ही नहीं पक्षियों के लिए भी समुचित पानी की व्यवस्थाएं करें।पाठक जानते हैं कि पहले के जमाने में रेगिस्तानी इलाकों/दूर-दराज के क्षेत्रों में पानी के लिए प्याऊ लगाई जाती थी, पशुओं के लिए खेतों में जगह-जगह पर पानी की खैली की व्यवस्था की जाती थी, ताकि भीषण गर्मी के सीजन में उनकी प्यास बुझाई जा सके। इस लेखक ने देखा कि फेसबुक पोस्ट में दो बछड़े पानी के टांके/कुंड/हौद के पास खड़े थे, लेकिन वे(अमूक प्राणी) पानी नहीं पी सकते थे, कुंड/टांके/हौद के पास सीमेंट से बना एक गोल बरतननुमा पात्र भी वहां रखा हुआ था,



लेकिन वह रेगिस्तानी धोरों के बीच सूख गया था। स्थानीय कलाकार ने कुंड/टांके के पास रखी बाल्टी से पानी निकाल कर इन दोनों बछड़ों को पिलाया। अभी अप्रैल का महीना ही चल रहा है, आने वाले समय में भीषण गर्मी पड़ने की पूरी संभावनाएं हैं, जैसा कि ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव आज हर तरफ है और वर्ष 2024 और 2025 पिछले वर्षों की तुलना में काफी गर्म बताये जा रहें हैं। बहरहाल, ऐसा भी नहीं है कि आज धर्मार्थ पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्थाएं नहीं की जातीं हैं, अनेक लोग, विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाएं और अनेक भामाशाह ऐसे पुण्य कार्यों के लिए आगे आ रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके विशेषकर गर्मियों के मौसम में हमें पशु-पक्षियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। रेगिस्तानी इलाकों में (दूर-दराज के क्षेत्रों में) जहां पानी के कुंड/टांकों की उपलब्धता है, उनको पानी से भरकर रखा जाना चाहिए और पानी की खैली की समुचित व्यवस्थाएं आवारा लावारिश पशुओं के लिए होनी चाहिए। पशु-पक्षी मनुष्य की तरह बोलकर अपनी भावनाओं का इजहार भूख-प्यास के लिए नहीं कर सकते हैं, यह तो हम मनुष्यों का ही दायित्व बनता है कि हम इन बेजुबान आवारा लावारिश पशुओं, पक्षियों की भावनाओं को समझें क्यों कि ये पशु-पक्षी ही हमारी खाद्य श्रृंखला के कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में अंग हैं। हमारी खाद्य श्रृंखला बनी रहेगी तो धरती की पारिस्थितिकी और पर्यावरण भी बना रहेगा और हमें यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि धरती का पर्यावरण और पारिस्थितिकी है तभी तो हमारा भी अस्तित्व है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य की भांति ही पशु, और पक्षी भी सचेतन जीव हैं और इनमें ममता, वात्सल्य, और स्नेहभाव होता है, हम इन्हें स्नेह और प्यार देंगे तो हमें आत्मिक सुख और खुशी का तो अनुभव होगा ही, साथ ही साथ यह मनुष्यता का भी प्रतीक है। याद रखिए कि मनुष्य पशु-पक्षियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता है ,जैसा कि पशु-पक्षी पर्यावरण के संतुलन और स्वच्छता में मदद करते हैं।पक्षी भोजन, औषधि, उर्वरक, और मधुर गीत देते हैं।इनसे हमारा पर्यावरण समृद्ध है।पक्षी कीटों को नष्ट करके जैव नियंत्रण में मदद करते हैं। यहां तक कि पक्षियों का सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक महत्व भी है।पक्षी स्वतंत्रता, शांति, और ज्ञान के प्रतीक हैं। पाठक जानते होंगे कि मानव-पशु-पक्षी संबंधों के बारे में हमारे शास्त्रों में भी वर्णन मिलता है। कहना चाहूंगा कि हम घायल या पीड़ित पशु-पक्षियों के लिए हम आश्रय, उपचार, और भरण-पोषण की व्यवस्था कर सकते हैं, उनके लिए गर्मियों में पानी की व्यवस्थाएं कर सकते हैं। अंत में यही कहूंगा कि मनुष्य और पशु एक-दूसरे पर न केवल निर्भर हैं बल्कि पूरक भी हैं।दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। हमें यह याद रखना चाहिए कि यदि जंगल से एक जीव(पशु-पक्षी)लुप्त हो जाता है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण व हमारी पारिस्थितिकी पर पडऩा स्वाभाविक व लाज़िमी ही है।

## प्रेरक प्रसंग

### कर्म का खेल

एक दिन एक अमीर आदमी भगवान शिव के दर्शन करने के लिए मंदिर में गया। इस अमीर आदमी ने बहुत ही महंगे जूते पहन रखे थे और उसने ऐसा भी सुना था की इस मंदिर में अक्सर चोरी होती रहती है। इस वजह से उसका मन नहीं हुआ की वह अपने कीमती जूते वहा बाहर छोड़कर चला जाए। जूते पहनकर वह मंदिर में नहीं जा सकता था और उसे ऐसे ही बाहर छो?कर वह जाना नहीं चाहता था। अब वह करे तो क्या करे? वह बड़ी दुविधा में पड़ गया था। थो?ी देर सोचने के बाद उस अमीर आदमी ने मंदिर के बाहर बैठे एक भिखारी से बात की। अमीर आदमी ने उस भिखारी को अपने जूते संभालने के लिए दे दिए। भिखारी भी उसके जूते संभालने के लिए राजी हो गया। फिर वो अमीर आदमी अंदर मंदिर में पूजा करने के लिए चला गया। पूजा में बैठे-बैठे उस अमीर आदमी के मन में ख्याल आया कि भगवान ने कैसी विषम दुनिया बनाई है। मेरे जैसे कई लोगों को पैरों में कीमती जूते पहनने लायक बनाया है लेकिन उस बिचारे भिखारी जैसे अनगिनत लोगों को रोटी खाने के लिए भी भीख मांगनी प?ती हैं। वो अमीर आदमी मन ही मन भगवान से फरियाद करते हुए बोला कि आपने सब लोगों को एक समान क्यों नहीं बनाया? आपने सभी को एक जैसी सुविधा क्यों नहीं दी? फिर उसने मन ही मन तय किया की यहाँ से वापस जाते समय वो उस भिखारी को 500 रूपये देकर जाएगा। पूजा खत्म होने के बाद जब अमीर आदमी बाहर आया तो ना उसे अपने जूते दिखे नाही उसे वो भिखारी दिखा। उस अमीर आदमी को लगा की भिखारी किसी काम से कही बाहर गया होंगा। इसलिए थो?ी देर तक उसने वही ख? रहकर भिखारी का इंत?ार किया। काफी देर तक इंत?ार करने के बाद भी जब भिखारी वापस नहीं आया तो उस अमीर आदमी को पता चल गया की भिखारी उसे ठग के चला गया है। दुखी होकर अमीर आदमी नंगे पैर ही अपने घर की तरफ चल प?ा। रास्ते में उस अमीर आदमी ने देखा की फुटपाथ पर एक जूते चप्पल बेचने वाला बैठा है। अमीर आदमी एक जोड़ी चप्पल खरीदने के लिए उसके पास पहुंचा। वहां पहुंचते ही उस अमीर आदमी की नजर उसके जूते के जैसे ही जूते पर पड़ी। अमीर आदमी पहचान गया कि ये उसी के जूते है। पूछने पर बेचने वाले ने पहले मना किया लेकिन बार-बार पूछने पर और दबाव देने पर उसने माना कि यह जूते उसे एक भिखारी ?500 में बेच कर गया है। अब वह अमीर आदमी बिना चप्पल खरीदे मुस्कुराते हुए वहां से अपने घर की तरफ नंगे पैर ही चला गया। उसे भगवान से की गई अपनी फरियाद का जवाब मिल चुका था। उसे समझ में आ गया था कि जब तक लोगों के कर्म एक जैसे नहीं होते तब तक सब एक समान नहीं हो सकते। भगवान ने उस भिखारी के तकदीर में 500 रूपये लिखे ही थे लेकिन कैसे कर्म करके उन्हें लेना है यह उस भिखारी के हाथ में था। अगर वह चोरी ना भी करता फिर भी उसे 500 रूपये मिलने वाले थे। शायद उसके ऐसे ही बुरे कर्मों की वजह से आज वो एक भिखारी था।

## आपका पत्र मिला

### माननीयों के लाडले कानून से ऊपर क्यों

खबरों के मुताबिक एमपी में विधायक के बेटे ने देवास के चामुंडा माता मंदिर में जो हंगामा किया वह निंदनीय तथा भर्त्सना योग्य होने के साथ अक्षम्य है। अब करेला नीम चढ़ा की कहावत चरितार्थ हो रही है कि विधायक के बेटे को बचाने में पुलिस जुटी है। पहले भी माननीयों के बेटों, परिजनों व रिश्तेदारों की हंगामा हुड़दंग लीला की खबरें छपती रही है। यह सिलसिला थमने वाला नहीं है क्योंकि माननीयों के पूत अपने आपको न केवल वीवीआईपी समझते हैं, बल्कि स्वयं को कानून से ऊपर मानते हैं। यह विकृत सोच ही माननीयों के लाड़लों की हुड़दंग लीला का मूल कारण है। अगर इसी तरह कोई आम आदमी इस प्रकार का कृत्य करता है तो उसे न केवल डंडे मारे जाते हैं, बल्कि कानून के तहत उसे अदालत में जूते घिसने के साथ, सजा भी भोगनी पड़ती है। अपनों -परायों का यह फर्क लोकतंत्र के लिए किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है। चाहे राजा हो या रंक, अफसर हो या कर्मचारी, आम हो या खास, सांसद हो या मंत्री, अन्य, कोई भी न कानून से बड़ा, न कोई ऊपर हो सकता है, सभी बराबर है। लेकिन विडंबना है कि देश/प्रदेश में कानून के राज को ठेंगा दिखाया जा रहा है। राजे-रजवाड़ों के समय भी आम व खास, अपना-पराया में कोई भेद नहीं होता था।

इंदौर के महाराजा रणजीत सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोप में अपने बेटे को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई थी। लोकतंत्र में उल्टी ही धारा बह रही है। सरकार को ऐसे मामलों में दखल न देते हुए जो आम आदमी के ऊपर कारवाई की जाती है, वह इन पर भी करना चाहिए। ऐसे मामलों में कानून को अपना काम करने देना चाहिए।

**हेमा हरि उपाध्याय 'अक्षत'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# वट सावित्री व्रत : वट वृक्ष की पूजा क्यों करती हैं सुहागिनें?

हिंदू मंदिरों का विशेष धार्मिक महत्व है, जहां लोग सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना के साथ दर्शन व पूजन के लिए जाते हैं। हालांकि हर मंदिर की अपनी अलग महिमा और खासियत है। दांपत्य जीवन और प्रेम संबंधों के लिए देश के कुछ मंदिर बहुत प्रसिद्ध माने जाते हैं। ये मंदिर न केवल वैवाहिक समस्याओं को दूर करने में मददगार माने जाते हैं, बल्कि प्रेम, आपसी समझ और रिश्तों में मधुरता बनाए रखने के लिए भी शुभ माने जाते हैं। देश के ऐसे कुछ मंदिरों में लोगों को अपने जीवनसाथी के साथ एक बार जरूर जाना चाहिए। श्रद्धालु यहां आकर अपने रिश्ते को और अधिक प्रगाढ़ बना सकते हैं। अगर आप भी अपने दांपत्य जीवन में सुख, समृद्धि और प्रेम बनाए रखना चाहते हैं तो कपल्स के बीच लोकप्रिय इन मंदिरों के दर्शन कर सकते हैं और अपने रिश्ते को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर सकते हैं।



### तिरुमनांचेरी मंदिर

तमिलनाडु का तिरुमनांचेरी मंदिर विवाह आशीर्वाद के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्थित तिरुमनांचेरी मंदिर को विवाह से जुड़ी समस्याओं को दूर करने वाला मंदिर माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति शादी में देरी या वैवाहिक जीवन में समस्याओं का सामना कर रहा हो, अगर वह सच्चे मन से इस मंदिर में पूजा करे तो उसे शीघ्र ही विवाह और वैवाहिक सुख का आशीर्वाद मिलता है।

### बरसाना राधा रानी मंदिर

मान्यता है कि उत्तर प्रदेश में बरसाना में राधा रानी का जन्म हुआ था। यहाँ राधा रानी का मंदिर है जो प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इस मंदिर में लट्ठमार होली मनाई जाती है, जिसमें राधा-कृष्ण की होली और अठखेलियों को कपल भी दोहराते हैं। राधा-कृष्ण के अमर प्रेम को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेमी जोड़े इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं, ताकि उनका रिश्ता भी मजबूत हो सके। यह मंदिर प्रेम, त्याग और आपसी समझ को बढ़ावा देता है, जिससे रिश्तों में मधुरता बनी रहती है।

### मदुरै मीनाक्षी अम्मन मंदिर

तमिलनाडु के मदुरै में प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव और शक्ति का संगम स्थान माना जाता है। मंदिर भगवान शिव और देवी मीनाक्षी के दिव्य मिलन का प्रतीक है। मीनाक्षी मंदिर एक आदर्श दांपत्य जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करता है और यहां आने वाले जोड़ों को सुखी और सफल विवाह का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह मंदिर रिश्तों में विश्वास, प्रेम और आपसी सम्मान को बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

### कामाख्या मंदिर

असम में स्थित कामाख्या मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां माता का यौनी भाग गिरा था, ऐसे में यह मंदिर स्त्री शक्ति और प्रजनन का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि यहां पूजा करने से दंपति को संतान सुख प्राप्त होता है और उनके रिश्ते में भावनात्मक गहराई आती है। यह मंदिर वैवाहिक जीवन में प्रेम और समर्पण को बढ़ाने में सहायक माना जाता है।

### जेजुरी खंडोबा मंदिर

महाराष्ट्र में स्थित जेजुरी खंडोबा मंदिर को पारिवारिक सुख और प्रजनन क्षमता को बढ़ाने वाला माना जाता है। यहां लोग सुखी और समृद्ध दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद लेने आते हैं। इस मंदिर में नवविवाहित जोड़े और संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाले दंपति विशेष रूप से दर्शन के लिए आते हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में जो पति अपनी पत्नी को गोद में उठाकर मंदिर की सीढ़ियां चढ़ते हुए प्रवेश करते हैं और साथ में दर्शन करते हैं, उन्हें सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मिलता है।

# वैशाख माह में आएंगे ये प्रमुख व्रत और त्योहार

हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख माह का शुभारंभ इस वर्ष 13 अप्रैल 2025 से शुरू है। यह मास हिंदू नववर्ष का दूसरा महीना है, जो आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र और

### वैशाख माह के व्रत-त्योहार

| | |
|---|---|
| 16 अप्रैल | संकष्टी गणेश चतुर्थी |
| 18 अप्रैल | गुड फ्राइडे |
| 20 अप्रैल | ईस्टर |
| 21 अप्रैल | कालाष्टमी |
| 24 अप्रैल | वरुथिनी एकादशी |
| 25 अप्रैल | प्रदोष व्रत |
| 26 अप्रैल | मास शिवरात्रि |
| 27 अप्रैल | वैशाख अमावस्या |
| 29 अप्रैल | परशुराम जयंती |
| 30 अप्रैल | रोहिणी व्रत , अक्षय तृतीया |
| 01 मई | वरद चतुर्थी |
| 03 मई | गंगा सप्तमी |
| 05 मई | बगलामुखी जयंती , दुर्गाष्टमी व्रत |
| 06 मई | सीता नवमी |
| 08 मई | मोहिनी एकादशी |
| 09 मई | प्रदोष व्रत , परशुराम द्वादशी |
| 11 मई | नृसिंह जयंती |
| 12 मई | चैत्र पूर्णिमा , बुद्ध पूर्णिमा |

पुण्यदायक माना जाता है। मान्यता है कि इस महीने में पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न सिर्फ सारे कष्ट दूर होते हैं, बल्कि जीवन में सुख, समृद्धि और




शांति भी आती है। वैशाख मास में भगवान विष्णु की विशेष रूप से आराधना की जाती है। इसी मास में भगवान बुद्ध और भगवान परशुराम का जन्म भी हुआ था, जिससे इस माह की धार्मिक महत्ता और अधिक बढ़ जाती है। यह समय तप, सेवा और आत्मशुद्धि का होता है, जहां व्यक्ति अपने भीतर झांककर आध्यात्मिक उन्नति की राह पर बढ़ता है। इस महीने में वरुथिनी एकादशी, अक्षय तृतीया, सीता नवमी और नृसिंह जयंती जैसे अनेक शुभ पर्व आते हैं, जो जीवन को धार्मिक ऊर्जा से भर देते हैं।



### वैशाख माह का धार्मिक महत्व

भारतीय परंपरा में समय को केवल तिथियों और महीनों में नहीं बांटा गया, बल्कि हर महीने को एक आध्यात्मिक अवसर माना गया है। इन्हीं महीनों में वैशाख का स्थान सबसे ऊंचा बताया गया है। वैशाख माह में भगवान विष्णु की आराधना विशेष फलदायी मानी जाती है। साथ ही यह भी माना जाता है कि भगवान बुद्ध और भगवान परशुराम का जन्म भी वैशाख मास में ही हुआ था। यही कारण है कि यह मास धर्म, करुणा और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। जिस प्रकार सतयुग को युगों का सबसे पवित्र काल माना गया है, वेदों को समस्त ज्ञान का मूल कहा गया है, और गंगा को समस्त नदियों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है, उसी तरह वैशाख को महीनों में सबसे पुण्यदायक माना गया है। इस मास में किया गया प्रत्येक पुण्यकर्म, चाहे वह एक लोटा जल अर्पण हो, एक मुट्ठी अन्न का दान हो, या एक मन से बोला गया हरि नाम सब हजार गुना फल देने वाला कहा गया है। ऐसा विश्वास है कि वैशाख में सूर्योदय के समय गंगाजल से स्नान करने, तुलसी में दीपक जलाने, और गरीब को भोजन कराने से जन्मों के पाप भी नष्ट हो सकते हैं।

# मैं आदि अंत हूं ईश्वर हूं......!



संभ्रांत भी हूं- आक्रांत भी हूं
मैं युद्ध भी हूं- मैं शांत भी हूं!
मैं क्षमा दया हूं- करुणा हूं
मैं दृश्य भी हूं- दृष्टांत भी हूं!

मैं दुखित हृदय की- व्यथा भी हूं
मैं विश्व शांति की- कथा भी हूं!
टूटे मन का- आधार भी हूं
सदियों से जीवित- प्रथा भी हूं!

जीवन और मृत्यु- सभी मुझ में
मैं रहता हूं- प्रतिक्षण तुझ में!
तू देख समझ- मैं तेरा हूं
नश्वर शरीर- पर मैं तुझ में!

सुख-दुख सब- तुझको देता हूं
फिर मैं ही सब- ले लेता हूं!
मैं संचालन करता सबका
सब लेता हूं- सब देता हूं!

ना लोभ मोह- ना काम क्षुधा
मन शांत प्रेम- और ज्ञान विधा!
उनके उर अंदर रहूं सदा
जिनमें रहती- समस्त वसुधा!

मुझको पाने की एक राह
निर्मल मन प्रेम से भरा भाव!
मुझको पाना है- तो पहले
परिवर्तित कर- अपना स्वभाव!



-विवेक प्रताप सिंह

जो लोभ मोह से भरा हुआ
वह मुझे प्राप्त कब कर पाया!
जो त्याग है- प्रेम समर्पण है
मैंने उसको ही अपनाया!

जो भ्रम में है- जो भटक रहा
मैं उसे कहां मिल सकता हूं!
जो सब में है- सब है जिसमें
मैं उसके संग चल सकता हूं!

यदि दृग हैं तो- पहचान मुझे
कण-कण में हूं- हर पथ पर हूं!
प्रतिक्षण मैं देख रहा तुझको
मैं आदि- अंत हूं- ईश्वर हूं!

मैं आदि- अंत हूं- ईश्वर हूं!

# गोबर से क्यों होती है घर की लीपाई? जानें इसका धार्मिक महत्व

आज भी जब हम गांव जाते हैं तो सुबह की पहली किरण के साथ जो सोंधी खुशबू उठती थी, वह सिर्फ मिट्टी की नहीं, गोबर से लिपे आंगनों की होती थी। यह परंपरा असल में सनातन धर्म की उन गहराइयों से जुड़ी है जहां हर वस्तु का एक दिव्य और व्यावहारिक अर्थ छुपा होता है। गोबर से घर लीपने से वह शुद्ध और ठंडा बना रहता है। तो आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि पहले के समय में घर को गोबर से क्यों लीपा जाता है। क्या ये सिर्फ एक चली आ रही कोई परंपरा थी, या इसके पीछे कुछ कारण भी थे? आइए जानते हैं।



### क्यों गोबर से लीपा जाता था घर?

सनातन परंपरा में गोबर को पवित्रता और शुद्धता का प्रतीक माना गया है। किसी भी धार्मिक आयोजन से पहले जब घर के आंगन को गोबर से लिपा जाता है, तो वह सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि भूमि को ऊर्जा देने की एक क्रिया होती है। शास्त्रों में तो यहां तक कहा गया है कि गोबर में लक्ष्मी का वास होता है । इसलिए कहते हैं, ÷गोमय वसते लक्ष्मी÷। इसका अर्थ यही है कि जहां गोबर है, वहां समृद्धि, सकारात्मकता और पवित्रता खुद आ जाती है।

### पंचगव्य बनाने में भी आता है काम

गोबर केवल धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल नहीं होता है, बल्कि यह पंचगव्य का भी एक आवश्यक हिस्सा है, जिसमें गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी आदि शामिल है। इन पांच तत्वों का मिश्रण न केवल आध्यात्मिक शुद्धिकरण करता है, बल्कि यह आयुर्वेद में एक औषधीय तत्व के रूप में भी प्रयोग होता है। कुछ पुराणों में यह साफ बताया गया है कि पंचगव्य का सेवन पापों को हरने वाला और रोगों को मिटाने वाला होता है।

### शुभ कार्य के दौरान गोबर का किया जाता है इस्तेमाल

धार्मिक ग्रंथों में गोबर का जो स्थान है, इसे किसी भी प्रकार से बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताया गया है। अथर्ववेद से लेकर गरुड़ पुराण और मनुस्मृति तक में गोबर और गाय से जुड़े पदार्थों की महिमा का वर्णन मिलता है। इसलिए जब भी घर में कई त्यौहार मनाया जाता है या फिर कोई शुभ कार्य, जैसे कि हवन या पूजा किया जाता है तो पूरे घर को गोबर से लीपा जाता है, जिससे घर में लक्ष्मी का वास हो और घर की सुख-समृद्धि में वृद्धि हो।

### घर में मक्खियों, मच्छरों को भी दूर भगाता है गोबर

बता दें कि गोबर कीट-पतंगों से रक्षा करने में काफी असरदार साबित होता है। गोबर से घर में मक्खियां, मच्छर, और कीट दूर रहते हैं। यही कारण है कि गांवों में गोबर से लिपे घरों में रोगों का प्रकोप कम देखा गया है। इसके अलावा, यह पूरी तरह जैविक है, पर्यावरण के अनुकूल है, और धरती को हानि नहीं पहुंचाता।

# नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के लिए अपनाएं ये उपाय

यह भौतिक संसार पंच तत्वों से बना है। इन पंच तत्वों से ही घर का निर्माण होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में सभी चीजों के लिए एक निश्चित दिशा होती है, लेकिन जाने-अनजाने में हम अक्सर ऐसी गलतियां कर देते हैं जिससे घर में नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है और सकारात्मक ऊर्जा में कमी आती है, जिसका असर घर में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों पर पड़ता है। अगर हम निम्नलिखित उपायों का पालन करें तो नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकते हैं

1-- घर के फर्श को प्रतिदिन समुद्री नमक से साफ करें। लेकिन गुरुवार को ऐसा न करें। घर के फर्श पर समुद्री नमक का पोंछा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा आती है।

2-- पूजा कक्ष को जहां तक ??संभव हो उत्तर-पूर्व दिशा में बनाएं। इस दिशा को हमेशा साफ रखें।यदि ऐसा करना संभव न हो तो प्रमुख मूर्तियां पूजनकक्ष में उत्तर पूर्व दिशा में रखकर पूजा करें ।

3-- घर में कभी भी बंद घड़ी न रखें, इससे तरक्की रुकती है और नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है।

4-- घर में तुलसी का पौधा लगाएं और प्रतिदिन घी का दीपक जलाएं, इससे सकारात्मक ऊर्जा आएगी और परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा।

5-- घर की पूर्व या उत्तर दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाएं, इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी। साथ ही घर के लोगों की परेशानियां भी दूर होंगी।

6-- घर के मुख्य द्वार पर शमी का पौधा लगाएं और हर शनिवार को तेल का दीपक जलाएं। इससे शनि के कारण होने वाली नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी और शनि के कारण होने वाली परेशानियां भी दूर होंगी।

7-- शाम के समय घर में लोबान जलाएं और उसका धुआं फैलाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी।

**राजीव आचार्य**
**ज्योतिषाचार्य एवम वास्तुशास्त्री**

# पितृ दोष करना है दूर तो अक्षय तृतीया पर दान करें ये चीजें

**1. जल का कलश-** अक्षय तृतीया के दिन आप जल का कलश दान कर सकते हैं। तांबे, पीतल या मिट्टी के कलश में ठंडा जल भरें। उसमें तुलसी, गुड़ या चंदन की कुछ बूंदें डालें और किसी जरूरतमंद को सौंप दें। यह केवल पानी नहीं है। कहते हैं कि यह तपती आत्माओं के लिए राहत, श्रद्धा और शांति का संदेश भी देती है।



**2. चप्पल और छाता का दान करना-**अक्षय तृतीया पर आप चप्पल और छाता भी दान कर सकते हैं। जब कोई तपती जमीन पर नंगे पांव चलता है या धूप में जाता है, उसके पैर जलते हैं, तो उसके लिए एक जोड़ी चप्पल या एक छाता बहुत मायने रखता है। इसलिए चप्पल और छाता वह चीज है, जो लोगों के लिए काफी जरूरी है और इसे दान करने से ही शुभ फल मिलता है।

**3. सात अनाजों का कर सकते हैं दान-**आप अक्षय तृतीया के दिन सात अनाजों का भी दान कर सकते हैं। आप सत्तू, चना, गेहूं, चावल, जौ, मक्का और मूंग आदि का दान कर सकते हैं। किसी भी जरूरतमंद को अनाज का दान करना सबसे बड़े दानों में से एक माना जाता है। सात अनाजों का दान करने से पितृ दोष से भी मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-समृद्धि भी बढ़ती है।

# सुबह या शाम, कब करनी चाहिए हनुमान जी की पूजा?



हिंदू धर्म में सप्ताह के सभी सात दिन किसी न किसी देवता को समर्पित हैं। ज्योतिष हो या धर्म, हनुमानजी की पूजा का विशेष महत्व है। मंगलवार को बजरंग बली के भक्त पूरे मन और श्रद्धा से उनकी पूजा करते हैं। कहा जाता है कि जिस संकट को कोई टाल नहीं सकता उसे संकटमोचन हनुमान जी टाल देते हैं। धार्मिक मान्यता है कि जो व्यक्ति मंगलवार के दिन विधि-विधान से भगवान हनुमान जी की पूजा करता है और उन्हें चोला चढ़ाता है, उसे बजरंगबली की कृपा प्राप्त होती है। लेकिन हनुमान जी की पूजा कब करनी चाहिए सुबह या शाम? आइए जानते हैं इसके बारे में।



इस संसार में हनुमान जी को भगवान श्री राम का परम सेवक और अनन्य भक्त माना जाता है। हनुमान जी भगवान श्री राम की सेवा में समर्पित थे। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्री राम से पहले हनुमान जी की पूजा की जानी चाहिए। हनुमान जी के बिना प्रभु श्री राम की प्राप्ति असंभव है। कहते हैं कलियुग में जब भी श्री राम का नाम लिया जाता है या मुल्ला रामायण का पाठ किया जाता है तो हनुमान जी स्वयं उपस्थित होकर सुनते हैं। हनुमान जी को कलियुग का सबसे पूर्ण देवता माना जाता है।

### हनुमान जी की पूजा का सही समय

हनुमान जी स्वयं सुबह से लेकर पूरा दिन भगवान श्री राम की सेवा में बिताते हैं, इसलिए पारंपरिक रूप से हनुमान जी की पूजा शाम को होती है।

इसका मतलब यह है कि हनुमान जी की पूजा हमेशा शाम के समय करनी चाहिए क्योंकि हनुमान जी स्वयं सुबह भगवान श्री राम की पूजा में व्यस्त रहते हैं।

ऐसा माना जाता है कि मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करने से साधक की परेशानियां दूर हो जाती हैं और उसका जीवन बेहतर हो जाता है। उसी समय मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस दिन ? श्री हनुमंते नमः मंत्र का जाप करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है।

### ऐसे करें हनुमान जी की पूजा

हनुमान जी की पूजा करते समय धूप, दीप, लाल फूल, फल, सिंदूर आदि चढ़ाएं।

इसके बाद हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ करें।

हनुमान जी की सेवा में सुन्दर काण्ड का पाठ करना बहुत महत्वपूर्ण है।

आरती के साथ पूजा समाप्त करें और हनुमान जी से प्रार्थना करें कि वे आपको सुख, समृद्धि, बल, बुद्धि, ज्ञान और शक्ति प्रदान करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ

**मंगलवार, 15 अप्रैल 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे कृष्ण पक्षे द्वितीया तिथौ मंगल वासरे 10/56/ विशाख नक्षत्रे 27/11/ सिद्धि योग 23/33/ गर करणे 10/56/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं. 20मि.27 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारम्भ घं.24 मि.07 से।

**मेष :** पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**तुला :** भगदौड रहेगी। निजी संबंध प्रधान होंगे। व्यासायिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे।

**वृष :** रचनात्मक कार्य में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**वृश्चिक :** परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**मिथुन :** बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है।

**धनु :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे।

**मकर :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**सिंह :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख मय होगी।

**कुंभ :** व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**कन्या :** खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

# खड़ी पिकअप से बाइक टकराई एक की मौत, दूसरा गंभीर

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रतनपुरा कस्बा के डीहतिलक ठाकुर मौजे में अवस्थित फंतासिया वॉटर पार्क के समीप खड़ी पिकअप वाहन में एक बाइक टकरा गई। जिससे बाइक चला रहे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दर्दनाक हादसा रविवार की रात्रि लगभग 8ः10 पर घटित हुई। बताया जाता है कि प्रशांत चौहान 20 वर्ष पुत्र योगेंद्र चौहान एवं लाल बहादुर चौहान पुत्र कपिल चौहान 20 वर्ष निवासी भुड़सुरी थाना हलधरपुर जनपद मऊ यह दोनों बाइक पर सवार होकर के रतनपुरा बाजार से अपने घर भुड़सुरी जा रहे थे कि फंतासिया वॉटर पार्क के सामने एक पिकअप वाहन डीजल ईंधन समाप्त हो जाने की वजह से पटरी पर खड़ी थी। इस पिकअप वाहन में बाइक चला रहे प्रशांत चौहान अपनी बाइक समेत टकरा गया। जिसकी वजह से प्रशांत चौहान की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके पीछे बैठे लाल बहादुर चौहान का जबड़ा टक्कर की वजह से टूट गया। इस दौरान बाइक से जा रहे गस्ती सिपाहियों ने मृतक और घायल को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने प्रशांत चौहान को मृत्यु घोषित कर दिया ।जबकि लाल बहादुर चौहान को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। जिला चिकित्सालय में उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मंडलीय अस्पताल भेज दिया। वहां से भी उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया ।

# जन सैलाब बनकर उभरा महामैत्री मार्च




**स्वतंत्र भारत मऊ ।** भारतरत्न बाबा साहेब डॉ.आंबेडकर के जन्मदिवस एवं भारतीय नववर्ष बुद्धाब्द 2570 आंबेडकराब्द 134 के अवसर घोसी में एक विशाल महामैत्री मार्च मझवारा मोड़ से चीनी मिल तक लगभग पांच किमी0 पैदल निकाला गया। जिसका नेतृत्व महा मैत्री मार्च समिति के अध्यक्ष प्रीतेश रंजन ने नेतृत्व किया। रैली ऐतिहासिक रही है जिसमे विभिन्न दलीय दलो से ऊपर उठकर लोगों ने भाग लिया रैली को संबोधित करते हुए डॉ.रामविलास भारती ने सभी को भारतीय नववर्ष बुद्धाब्द 2570 आंबेडकर सन 134 की बधाई दिया और कहा कि हम सबको बाबा साहेब डॉ.आंबेडकर के बताए हुए मार्गो पर चलकर अपना और राष्ट्र का कल्याण कर सकते हैं।प्रीतेश रंजन ने कहा कि समाज का उद्धार बाबा साहेब के विचारों में निहित है। शिवचन्द राम ने सभी का उत्साह वर्धन किया। अवसर पर प्रितेश रंजन, डॉ.रामविलास भारती शिवचंद राम, अजय जैसवाल, मुन्ना गुप्ता, जितेन्द्र गोयल, सन्नी राव, डबलू राजभर, अजय, आदित्य, देवेंद्र, विक्रम प्रसाद आदि सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने अपनी 17 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना के नुरूल्लाहपुर निवासी युवक के खिलाफ पुलिस से शिकायत किया है । इस मामलें में पुलिस आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में सोमवार को मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुटी हुई है । थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बीते 13 अप्रैल को भोर में स्थानीय थाना क्षेत्र के नुरूल्लाहपुर निवासी तुफानी बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जब इसकी जानकारी हुई तो पुलिस को तहरीर दिया । इस मामले में पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुटी हुई है ।

# लड़की की शादी का कार्ड बांटने गए बाप की छत से गिरने से मौत

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के चालीसवाँ गांव निवासी एक व्यक्ति की छत से गिरने से रविवार देर रात मौत हो गई पुलिस ने सूचना पाकर मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के चालीसवाँ गांव निवासी ओम हरी चौहान उम्र 45 वर्ष जिनकी दुकान चुंगी तिराहे के पास आटा चक्की बेचने की है इनके पहली लड़की की शादी 12 में को होनी है उसी के शादी का कार्ड अपने रिश्तेदारियों में बांट रहे थे देर थाना जीयनपुर आजमगढ़ अतरकच्छा गांव में अपने साढ़ू के घर कार्ड देने के लिए पहुंचे और वहीं पर खाना खाकर दो मंजिला मकान के ऊपर सो रहे थे कि रात लगभग 2 बजे अचानक लघुसनक्का मिटाने के लिए उठे और दो मंजिला मकान से नीचे गिर गए घर के लोगों को जब पता चला तो मौके पर पहुंचे और उनको आनन फानन में अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया दुर्घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

## खबर एक नज़र

### राष्ट्रीय विकास प्रदर्शनी मेला में जन सुविधा व सुरक्षा की कमी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना बाईपास स्थित टाउन इंटर कॉलेज के सामने लगी हुई राष्ट्रीय विकास प्रदर्शनी मेला में अभी भी जन सुविधा अथवा सुरक्षा को लेकर तमाम कमी है जबकि सुरक्षा को लेकर इस प्रदर्शनी में लगभग आधे से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हुए हैं और उसे सही नहीं कराया गया है जिसके चलते किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है पूछे जाने पर प्रदर्शनी के मैनेजर का कहना है कि दो दिन पूर्व हुई बारिश के चलते कुछ वायर खराब हो गए हैं उसे जल्द ही सही कर दिया जाएगा इसके अलावा बूढ़े वृद्धि लोगों को प्रदर्शनी देखने के लिए सीधी से चढ़कर नीचे उतरना पड़ रहा है जिससे लोगों को दिक्कतें हो रही है लोगों ने मांग किया है कि सीसीटीवी सही कराई जाए और अन्य सुविधा भी मुहैया कराई जाए लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट कराया है

### लोक संस्कृति की पहचान है सतुवान का त्यौहार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** भारत को त्यौहारों का देश कहा जाता है। यहां प्रत्येक मौसम व महीने में कोई न कोई पर्व या त्यौहार मनाया जाता है।इन त्यौहारों में लोक-संस्कृति की झलक के साथ साथ प्रकृति से हमारे जुड़ाव की भावना प्रदर्शित होती है। ये त्यौहार लोगों के जीवन में भाईचारा ,आनंद ,उमंग,उत्साह और ऊर्जा का संचार करते दिखाई देते है। इन्हीं पर्वों में लोक संस्कृति की पहचान कराने वाला पर्व है सतुआन। जिसमें चना, मटर, जौ, गेहूं, मक्का, बाजरा आदि को पानी में भिगोकर सुखाते हैं फिर उन्हें भूनकर उन्हें पीस कर सतुआ के रूप में तैयार करते है। और सतुआ में नमक मिलाकर पानी से गीला कर अचार, आम और पुदीने की चटनी तथा कच्चे प्याज के साथ चटखारे लेकर खाते हैं। गर्मी के मौसम का यह अत्यन्त पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ है । सोमवार को सतुआन त्यौहार के अवसर पर यदा कदा घरों में ही सतुआ खाने की परंपरा का निर्वहन होता दिखा।

# राजकीय किशोर संप्रेषण गृह का जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**बच्चों की रुचियां के अनुसार दिनचर्या बनाने तथा उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन सुधार लाने हेतु विशेष प्रयास करने के दिए निर्देश**

**स्वतंत्रभारत मऊ।** सोमवार को जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर)का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय संप्रेषण गृह में बंद बच्चों के पढ़ाई लिखाई,उनको मिलने वाली सुविधाएं, बाथरूम के साफ-सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रसोई घर सहित शिक्षण कक्ष तथा लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बैरकों के निरीक्षण के दौरान बच्चों को अपने जीवन को बेहतर बनाने हेतु प्रेरित भी किया। उन्होंने राजकीय संप्रेक्षण गृह में बंद बच्चों की रुचियां के अनुसार दिनचर्या बनाने के निर्देश अधीक्षक को दिए। साथ ही जिला प्रोबेशन अधिकारी को बच्चों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन एवं सुधार लाने हेतु कार्य करने को कहा। उन्होंने बच्चों के स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। इसके लिए अतिरिक्त गतिविधियां भी कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को संप्रेक्षण गृह में बंद किशोरो को गुणवत्तापूर्ण भोजन तथा बेहतर सुविधाएं अनवरत उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण‹हृश्ठ्ठद्गऋ के दौरान समस्त बैरकों में बंद बच्चों से वार्ता की तथा उनके जीवन में बेहतर सुधार लाने हेतु बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनने हेतु प्रेरित भी किया। साथ ही बच्चों से उनकी रुचियो के अनुसार उनको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित भी किया।

## दो पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** स्थानीय पुलिस ने सोमवार पशु को अन्तर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय पशु तस्कर गिरोह के सरगना सहित उसके एक अन्य साथी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि पशु तस्कर गिरोह का गैंग लीडर अंकित यादव निवासी पचखोरा थाना सुखपुरा जनपद बलिया एवं उसका एक साथी मुनीब चन्द्र उर्फ भुटकन चौहान निवासी धनौती सलेम कटईया थाना गढवार जनपद बलिया वर्तमान में पशु तस्करी में सक्रिय हैं। उनके द्वारा एक साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक गिरोह कायम कर लिया गया है। यह गिरोह अन्तर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय है। इस गिरोह के सरगना द्वारा अपने व अपने गिरोह के अन्य सक्रिय सदस्य के साथ मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिये गोवंशी पशुओं को नृषंकता पूर्वक वध करने के लिए तस्करी किया जा रहा है। विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के विपरीत अवैध धन अर्जन किया जाता है।

# सैनिक कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने धूमधाम से मनाई अम्बेडकर जयंती



**स्वतंत्रभारत मऊ।** 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती सैनिक कॉलेज ऑफ नर्सिंग ताजोपुर मऊ के सेमिनार हाल में बड़ी धूम धाम व भव्य रूप से मनाई गई। कार्यक्रम में सैनिक कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सैनिक पैरामेडिकल कॉलेज, सैनिक आई टी आई, सैनिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं सैनिक पब्लिक स्कूल के अध्यापकगण और छात्र-छात्राए उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ की गई कार्यक्रम काफी देर तक चला जिसमे सैनिक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन ब्रिगेडियर पी एन सिंह सहित लक्ष्मी सिंह, शिल्पी यादव और अमृता यादव एवं ने अपने विचार व्यक्त किए।

# आठ इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास



**बदलापुर जौनपुर।** नगर पंचायत के अन्तर्गत विभिन्न वार्डो में नवनिर्मित कार्य हेतु सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह के प्रतिनिधि वैभव सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन किया। चेयरमैन प्रतिनिधि ने वार्ड नं 2 हंकारपुर में लालजी शर्मा के मकान से अवधेश सिंह, प्रेमचंद गुप्ता के मकान से बबलू शर्मा, वार्ड नं 8 भलुआही में लल्लू सेठ से राजकुमार, अमरनाथ शर्मा के मकान से प्रमोद मिश्रा, आलोक दुबे के मकान से अवनीश तिवारी, इ. ला. सड़क से राजेन्द्र यादव,वार्ड नं 9 सरोखनपुर में अनिल शुक्ला के मकान से अरुण पुजारी, वार्ड नं 1 में इंटर लॉकिंग सड़क से राजकुमार मौर्य के मकान तक कुल 8 नए इंटर लॉकिंग निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। श्री सिंह ने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। यह मार्ग बन जाने से बरसात में लोगों को किचड़ व आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत तिवारी, माता प्रसाद उपाध्याय, बीके बोस केवल सिंह, हरिनाथ मौर्य, लक्ष्मण सिंह मोनू, संदीप शुक्ल, राजेश साहू, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यलयों ने मनाया अम्बेडकर जयंती

**स्वतंत्र भारत मऊ।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की स्वतंत्रभारत मऊ।134वीं जयंती पर आज जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इसके अलावा अपर जिला अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर आजीवन इस भेदभाव को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी हेतु भी अनवरत प्रयास किया। उनके आदर्शों की प्रेरणा लेकर हमें उत्कृष्ट बनने तथा संपूर्ण देश को उत्कृष्ट बनाने हेतु प्रयास करना चाहिए। नगर मजिस्ट्रेट विजेंद्र कुमार अपर उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सिंह, सहायक भूलेख अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन से संबंधित विचारों को साझा किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, सहायक श्रमायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी तथा कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित रहे।इसी कड़ी में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर जनपद के समस्त थानों कार्यालयों पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। बाबा साहब के जन्मदिवस पर 14 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना कार्यालयों पर अम्बेडकर जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक थाने पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांसुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में संबंधित थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारीगण ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।इसी कड़ी में मुहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक के विभिन्न कस्बों, बाजारों, गाँवों, स्मारकों, संस्थाओं व स्कूलों में संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब भारतरत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों की धूम रहीं। ब्लॉक प्रमुख मुहम्मदाबाद गोहना रानू सिंह, भाजपा नेत्री पूनम सरोज व डॉक्टर उमेश सरोज ने भाजपा कार्यकर्ताओं के संग राजापुर, टेकई, करहां, याकूबपुर, बारा, आरीपुर, बड़ागांव, बिजौली, भांटीकला आदि विभिन्न गाँवो की अंबेडकर प्रतिमाओं पर पूजन-अर्चन व माल्यार्पण कर नमन किया। करहां क्षेत्र के सौसरवां, माहपुर व सुल्तानीपुर सहित विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में प्रभातफेरी, प्रार्थनासभा, पौधरोपण, वाद-विवाद, पेंटिग व स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ बाबा ही साहेब के जीवन दर्शन से बच्चों को परिचित कराया गया। इस मौके पर त्रिभुवन प्रसाद, ऋच्चा सोनी, रामनिवास मौर्य, शिवशंकर राम, छोटू प्रसाद, भूपेंद्र सिंह, विजयनरायन यादव, ज्योतिंद्रपति पांडेय, विजय मिश्र, अंकित सरोज, चंद्रकला, शगुफ्ता याशमीन, कुंदन कुमार, बसंत सिंह, सुनील कुमार, शिवदान चौहान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अन्तर्जनपदीय दो पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, तलाश जारी

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** स्थानीय पुलिस ने सोमवार पशु को अन्तर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय पशु तस्कर गिरोह के सरगना सहित उसके एक अन्य साथी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा कायम किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि पशु तस्कर गिरोह का गैंग लीडर अंकित यादव निवासी पचखोरा थाना सुखपुरा जनपद बलिया एवं उसका एक साथी मुनीब चन्द्र उर्फ भुटकन चौहान निवासी धनौती सलेम कटईया थाना गढवार जनपद बलिया वर्तमान में पशु तस्करी में सक्रिय हैं। उनके द्वारा एक साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक गिरोह कायम कर लिया गया है। यह गिरोह अन्तर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय है। इस गिरोह के सरगना द्वारा अपने व अपने गिरोह के अन्य सक्रिय सदस्य के साथ मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिये गोवंशी पशुओं को नृषंकता पूर्वक वध करने के लिए तस्करी किया जा रहा है। विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के विपरीत अवैध धन अर्जन किया जाता है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एंव समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत मुकदमा कायम कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान, टैगलाइन के अंतर्गत 15 दिवसीय कार्यक्रम

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** स्वतंत्रता के अमृत काल मे भारत रत्न बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस 14 अप्रैल 2025 को '' भीमराव अंबेडकर जयंती'' हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान, टैगलाईन के अन्तर्गत 14 से 28 अप्रैल तक 15 दिवसीय कार्यक्रम उत्सव के रूप मे शुभारम्भ एवं जनपदीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार किया गया। जनपद में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था। उनके पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता भीमाबाई थीं। बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा। उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, अध्यक्ष जिला



पंचायत सपना सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गाजीपुर सरिता अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजना ओमप्रकाश राय, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 दिनेश कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, परियोजना निदेशक राजेश यादव, एंव अन्य अधिकारियो एंव कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी ने डा0 भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा बाबा साहब की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, उनके बताए गए विचारों पर चलें । उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया है। भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए, सभी को बराबर का समान, अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। डॉ. आंबेडकर जी का पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है। उन्होंने व्यक्तिगत जीवन मे अनेक बाधाओं व कष्टों को सहा किंतु कभी भी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए। सार्वजनिक जीवन मे उन्होंने अश्पृश्यता व भेदभाव का कड़ा विरोध किया। उन्होने कहा कि महापुरूषों के जीवन का अनुसरण करते हुए व्यक्ति को उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर देश, प्रदेश की तरक्की, खुशहाली के लिए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। जनपद मुख्यालय के अतिरिक्त समस्त तहसीलो, विकास खण्डो, ग्रामीण अंचलो मे बाबा साहब भीम राव अंम्बेडकर की जयंती घूम धाम से मनाई गयी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर चन्द्रशेखर यादव, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष कुमार, कलेक्टेउ्ट/विकास भवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# भीमराव अम्बेडकर का 134वां जयंती धूमधाम से मनाया गया




**स्वतन्त्र भारत संवाददाता दिलदारनगर ।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। दिलदारनगर में बड़ी संख्या में लोगों ने रैली में भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि एहसान अहमद, आनंद भारती, पूर्व बीडीसी दीपक राम और सित प्रकाश मास्टर के अलावा अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित रहे। जयंती पर रैली और जनसभाओं का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि एहसान अहमद ने बाबा साहेब के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने ऐसे ग्रंथों की रचना की, जिनसे हर व्यक्ति को पहचान मिली। एहसान ने बताया कि बाबा साहेब न केवल भारत बल्कि विश्व के महान नेता थे। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कभी दुखी नहीं होता। शाहपुर क्षेत्र के फूली, शेरपुर और कंचनपुर गांव में भी रैलियां निकलीं। इनमें बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल हुईं। फूली में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव ने लड्डू बांटे। लोगों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रशासन ने सभी कार्यक्रमों के लिए पहले से सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी।



स्वतंत्र भारत

# अयोध्या

लखनऊ, मंगलवार, 15 अप्रैल. 2025 (9)







## अम्बेडकर जयंती पर विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित हुए 50 लोग

**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** नगर निगम अयोध्या के सरदार पटेल नगर वार्ड में सपा पार्षद इंद्रावती यादव की अगुवाई व युवा सपा नेता मिथिलेश यादव सोनू के संयोजन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहेब की जयंती महोत्सव का कार्यक्रम वार्ड के चूड़ामणि चौराहे के समीप रखा गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ सपा नेता पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन मौजूद रहे। इस अवसर पर समाजसेवा समेत अन्य क्षेत्रों अच्छा में कार्य करने वाले 50 लोगों को सम्मानित किया गया। जिन्हें सम्मान के तौर पर बाबा साहेब का फोटो लगा स्मृति चिंह और अंगवस्त्र भेंट किया। सम्मानित होने वालों में रामबदल, वीरेंद्र आदि प्रमुख रहे। पार्षद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव सोनू के नेतृत्व में भारत रत्न बाबा साहेब की मूर्ति व उसके पास साफ-सफाई किया गया। फिर पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन, पार्षद इंद्रावती यादव, मिथिलेश यादव सोनू समेत अन्य उपस्थित जनों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन द्वारा लोगों को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के पदचिंहों पर चलने का आहवान किया गया। उन्होंने कहा कि आज हमें भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। युवा सपा नेता और पार्षद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव सोनू ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर दलितों, शोषितों गरीबों और दबे-कुचले समाज की लड़ाईयां लड़ी। उन्हें न्याय दिलाने का काम किया। हम सबने बाबा साहेब की 134वीं जयंती मना रहे हैं। जयंती महोत्सव पर हम सब संकल्प लें कि हम भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के पदचिंहों पर चलेंगे। गरीब, शोषित, दबे-कुचले, मजलूमों की मदद करेंगे। बाबा साहेब के नाम को आगे बढ़ायेंगे। इससे पहले पार्षद प्रतिनिधि की अगुवाई में मुख्य अतिथि तेजनारायण पांडेय पवन का अंगवस्त्र ओढ़ा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अंत में मिष्ठान वितरण हुआ। इस अवसर पर रवि यादव, रामचंद्र, सुरेश, अवधेश यादव, सौरभ आदि मौजूद रहे।

## करोड़ों रुपए की साइबर ठगी में एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** दिल्ली पुलिस ने करोड़ों रुपए के साइबर ठगी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को बसखारी थाना क्षेत्र के फैजुल्ला पुर गांव से गिरफ्तार कर दिल्ली लेकर चली गई। आरोपी की गिरफ्तार होने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। बताया जाता है कि फैजुल्लापुर निवासी राज प्रजापति पुत्र रमेश दिल्ली से करोड़ों रुपए का साइबर ठगी कर फरार हो गया था। इतना ही नहीं आरोपी के बैंक खाते में विदेशो से भी ट्रांजैक्शन हुआ था। मामले में दिल्ली के ही पीड़ित व्यवसायी ने ही कमला मार्केट नई दिल्ली के साइबर थाने में ठगी के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कराया था। दिल्ली पुलिस ने मामले की तहकीकात की तो राज प्रजापति का नाम सामने आया। रविवार देर शाम को दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक व दो कांस्टेबल बसखारी थाने पर पहुंच गये। तथा बसखारी पुलिस की मदद से फैजुल्लाहपुर में छापा मारा तो राज प्रजापति अपने घर में मौजूद मिला। मोबाइल व 2 लैपटॉप को अभिरक्षा में लेकर थाने पहुंच गयी। तथा आरोपी से आवश्यक पूछताछ कर आरोपी को लेकर पुलिस दिल्ली रवाना हो गयी।

## देश सेवा को समर्पित था डा. अंबेडकर का जीवन : कुलपति



**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कुलपति ने विवि के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, एनएसएस, एनसीसी कैडेट एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर परिसर की साफ-सफाई की और झाड़ू लगाए। कुलपति ने कहा कि बाबा साहब सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचार हैं, जिन्होंने हमेशा समाज को नई राह दिखाई है। उनका पूरा जीवन देश की सेवा को समर्पित था। कहा कि वे संविधान के निर्माता होने के साथ-साथ एक महान विद्वान, वकील, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी भी थे। डा. अंबेडकर ने सभी लोगों के लिए न्याय और समानता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कानूनी सुधारों का नेतृत्व किया। वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ भगवानदीन ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर किताबों को पढ़ने के शौकीन होने के साथ-साथ उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं। उनके आदर्शों को सभी को आत्मसात करना चाहिए। डॉ आर. के. दोहरे ने कहा कि डा. अंबेडकर समाज में व्याप्त छूआछूत, दलितों, महिलाओं एवं मजदूरों से भेदभाव जैसी कुरीतियों को दूर करने का काम किया है। डा. अंबेडकर ने संविधान बनाने से पहले कई देशों के संविधानों का अध्ययन किया था। सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र पर उनके विचार आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी बाबा साहब पर अपने विचारों को रखा। सभी अतिथियों का स्वागत कुलपति के सचिव डॉ जसवंत सिंह व डॉ आर. के आनंद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डा. सीताराम मिश्रा ने किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बाबा साहब का संविधान खत्म करना चाहती है भाजपा : सांसद अवधेश प्रसाद



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी जिला/महानगर कार्यालय फैज़ाबाद अयोध्या लोहिया भवन गुलाबबाड़ी में सोमवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान को याद किया और बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को खत्म करना चाहती है। बाबा साहेब की जन्म जयंती पर हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान की रक्षा के लिए हम सबको एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। समाजवादी पार्टी बाबा साहब के सपने को हर हाल में पूरा करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने दलित वर्ग के उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए काम किया। महानगर महासचिव हामिद जाफर मीशम, जिलाध्यक्ष महिला सभा सरोज यादव, जिला उपाध्यक्ष एजाज़ अहमद, जेपी यादव, ओपी पासवान, जय सिंह राणा, राम अचल यादव,अनूप सिंह, बाबूराम गोंड, बलराम मौर्य, कन्हैयालाल गौड़, आकिब खान सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मो असलम सईद, वसी हैदर गुड्डू, पवन यादव, सीताराम यादव, अपर्णा जायसवाल, सौम्या बर्मा, जगन्नाथ यादव, सुरेंद्र यादव, राजनाथ यादव, विद्या भूषण पासी, अश्वनी यादव, कृष्ण गोपाल यादव मंजीत यादव, राम अजोर यादव अनस खान सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन परिसर में मनाया गया अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** फायर स्टेशन पुलिस लाइन परिसर में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में अग्निशमन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा फायर स्टेशन पुलिस लाइन पर शोक परेड का आयोजन किया गया तथा 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई बन्दरगाह पर घटित भीषण अग्निकाण्ड में शहीद हुये अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया व 02 मिनट का मौन रखा गया। स्मृति दिवस कार्यक्रम के उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु पम्फलेट्स का विमोचन किया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को पिन फ्लैग किया गया व मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या एम0पी0सिंह द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/ प्रोटोकाल व अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों को पिन फ्लैग किया गया तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल द्वारा अग्निशमन वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## सामाजिक न्याय के लिए समर्पित थे बाबा साहब : वेद गुप्ता



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों द्वारा अम्बेडकर जयंती पर महानगर में कई स्थान पर स्थापित डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या में भाजपाईयों द्वारा महानगर क्षेत्र में स्थापित 16 स्थानों पर अम्बेडकर प्रतिमा की साफ-सफाई किया गया। रात्रि में दीपक जलाए गए। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जयपुरिया स्कूल में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय सचिव महेन्द्र पाण्डेय के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने पूराबाजार के सनेथू, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने मोहबरा, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने साहबगंज बालदा कालोनी, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह ने पूरा बाजार के दतौली, महामंत्री शैलेन्द्र कोरी व भाजपा नेता अभय सिंह ने कृष्णा नगर वार्ड के मसिनियां में अम्बेडकर प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। सहादतगंज स्थित कार्यालय में डा. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्वत व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर सुनाया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए गरीबों, मजदूरों, शोषितों व वंचितों के उत्थान के प्रति संकल्पित है। भेदभाव के खिलाफ व गरीबों शोषितों व वंचितों के हितों की रक्षा के लिए बाबा साहब द्वारा किये संघर्ष हमें आज भी प्रेरणा प्रदान करते है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब उनके सिद्धान्तों व विचारों का पालन करने के साथ हम समाज के हित काम करने का संकल्प लेंगे। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चल कर सरकार ने सबका साथ सबका विकास करने के लिए जनकल्याण कारी योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की हैं। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, डा राकेश मणि त्रिपाठी, काशीराम रावत, अभय सिंह, रवि सोनकर, बालकृष्ण वैश्य, हेमंत जायसवाल, सूरज सोनकर, नयन कमल चौधरी, बब्लू मिश्र सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव सर्व समाज के आदर्श : विधायक रामचंद्र यादव



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** संविधान के रचयिता डॉ भीम राव अम्बेडकर का 134वाँ जन्म दिवस भेलसर चौराहे के समीप कुड़ा सादात गांव में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रूदौली राम चंदर यादव व वशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख मवई राजीव तिवारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार खुननु पांडे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कादिर खान उर्फ मुन्ने व संचालन किशोरी लाल भारती ने किया वही इस अवसर पर मुल्कराज एवं पूजा कौशल द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक राम चन्दर यादव ने सर्व प्रथम डॉ भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज भीम जयंती है। संविधान निर्माता बाबा साहब सर्व समाज के आदर्श है। समारोह के दौरान निर्मल शर्मा, शिव गोबिंद पाण्डेय, शीतला प्रसाद, राधेश्याम त्यागी, सुमन रावत, कंचन पासवान, जग प्रसाद रावत, राम प्रकाश यादव, डॉ राम भवन रावत, सोहन लाल शास्त्री, रामनेवल लोधी, पवन कोरी, कुलदीप सोनकर, कप्तान गिरि, माधुरी सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शतीश कुमार, पूर्णमासी रावत, शिव कुमार, माताफेर चौरसिया सुलखान यादव, हृदय लाल, अमरेश कुमार यादव, दीपक कुमार सिंह, सदन लाल निषाद सहित लोग मौजूद रहे। एडीओ पंचायत सौरभ गुप्ता, एडीओ समाज कल्याण रवीश कुमार मिश्रा, एडीओ आईएसवी भगवान दीन, पंचायत सचिव राजीव कुमार गौतम, पंचायत सचिव करुणा शंकर चौहान, अनुजा द्विवेदी सहित लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यस्था की कमान सीओ आशीष निगम, कोतवाल संजय कुमार मौर्य, थानाध्यक्ष मवई संदीप कुमार त्रिपाठी, थानाध्यक्ष पटरंगा शशिकांत यादव चौकी प्रभारी भेलसर मनीष कुमार चतुर्वेदी,चौकी प्रभारी शुजागंज शंकर लाल यादव सहित दर्जनों उपनिरीक्षक व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने बाबा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** संविधान निर्माता, समाज सुधारक और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर अयोध्या की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह ने उनके विचारों और योगदान को याद करते हुए कौशल पुरी कॉलोनी स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उनके साथ उनके प्रतिनिडव सामाजिक कार्यकर्ता आलोक सिंह रोहित भी उपस्थित रहे। दोनों ने संयुक्त रूप से बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें सत सत नमन किया और उपस्थित लोगों को उनके संघर्ष, शिक्षा, और सामाजिक समरसता के संदेशों से अवगत कराया। रोली सिंह ने कहा कि बाबा साहब न केवल वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले महान नेता थे, बल्कि उन्होंने भारत को एक मजबूत संविधान देने का कार्य भी किया। आलोक सिंह रोहित ने कहा कि आज भी डॉ. अंबेडकर के विचार सामाजिक समानता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## पब्लिक सेवा संस्थान ने अम्बेडकर की मनायी जयंती

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पब्लिक सेवा संस्थान में निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के साथ आज डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव पर पार्षद मनीषा, पार्षद प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव, उपाध्याय तथास्तु सिंह, सह कार्यक्रम प्रभारी रामकुमार शिक्षिका रिया यादव डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मुख दीप प्रज्वलित कार्यालय पढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को समोसा ट्रॉफी बिस्किट्स वितरण किया गया।

## सामाजिक समरसता के प्रणेता भीमराव अंबेडकरः प्रो0 आशुतोष सिन्हा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा, कुलसचिव उमानाथ, ए.एन. डी.के. पी.जी. कॉलेज बभनान के डॉ. अजय मौर्य, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 महेन्द्र सिंह व छात्र-छात्राओं ने अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। दूसरी ओर वहीं विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रणेता रहे। कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव उमानाथ ने बताया कि अंबेडकर जी के विचार समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है। यदि उनके विचारों पर बात करनी है तो हमें शिक्षा को सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बनाना होगा। आज समाज के हर वर्ग को शिक्षित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजी के प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि डॉ. अंबेडकर को 'सिम्बल ऑफ नॉलेज' के नाम से जाना जाता है। उनका जीवन बड़ा ही संघर्ष पूर्ण रहा है। वे सदैव समता मूलक सिद्धांत के पक्षधर रहे है। जो समाज को एकता के बंधन में बाँधता है। अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास के प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने अम्बेडकर ने कभी भी वर्गांतर की बात नही की है। निर्धनों की आवश्यकताओं को पूरा करना और उनको उनके अधिकारों से वंचित न करके उनको संपन्न कराना उनका ध्येय रहा है। गोष्ठी में डॉ0 अजय मौर्य ने बाबा साहब अंबेडकर के समाज के प्रति समर्पण एवं उनके विचारो से अवगत कराया। एमएड विभाग के डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि समाज के दलित वर्ग व निर्धन वर्ग को अपने अधिकारों के बारे में जानने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. अलका श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर हीरालाल यादव, किसमिता देवी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## भाकियू ने अम्बेडकर की मनायी जयंती



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारतीय संविधान के शिल्पी, भारत रत्न समता, समानता के प्रतीक डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों द्वारा कलेक्ट्रेट अयोध्या पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके पुष्पांजलि अर्पित किया गया। मालार्पण करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा में कहां की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने भारत को विश्व का सर्वोत्तम संविधान दिया है सभी देशवासियों को समता समानता के साथ जीने का अधिकार दिया है पूरा भारत देश डॉ भीमराव अंबेडकर जी का ऋणी है। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन जिला उपाध्यक्ष भागीरथी वर्मा,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास वर्मा, विवेक पटेल, रविंद्र मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती कांग्रेस ने मनायी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर मनाई गई। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम सागर रावत के संयोजन में केक काटा गया। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने कहा बाबा साहब ने समाज के निचले वर्ग को मुख्यधारा में लाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा बाबा साहब ने समाज के निचले वर्ग को संविधान के रूप में एक ऐसा मजबूत हथियार दिया जिससे आज समाज का दबा कुचला गरीब वर्ग सर उठाकर चल सकता है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान निर्माता के रूप में जाना जाता है. वह भारत के सामाजिक और कानूनी बदलावों में केंद्रीय भूमिका निभाने वाले महान विचारक थे। इस अवसर पर युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, पासी कल्याण परिषद के राम अवध पासी ने भी सम्बोधित किया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, शीतला पाठक, रामदास वर्मा, राम भोर रावत, रामअवध बाबू, संतोष गौतम, राकेश गौतम, राजेंद्र प्रसाद रावत, राजित राम, अजय चंद, सरोज रावत, राकेश रावत, अखिल रावत, वीर बहादुर रावत, राम चरित्र वर्मा, अखिलेश दुबे, विनायक धर द्विवेदी, बलवंत रावत, इंद्र प्रताप, राकेश यादव, हरिनाथ कोरी, अजीत वर्मा, राजन कोरी, दीपक कोरी, राजू पासी, मनीष कुमार, अरुण, अभिषेक, दिवाकर, अमरजीत यादव, पंकज यादव, राम तीरथ, शैलेंद्र मणि पांडेय, अनिल सिंह, फ्लावर नकवी, करन त्रिपाठी, उमेश उपाध्याय, प्रवीण श्रीवास्तव, संतोष तिवारी, महमूद अहमद, डीएन वर्मा, रामेंद्र त्रिपाठी, बसंत मिश्रा, राज प्रताप, धर्मेंद्र सिंह फास्टर, अशोक राय, धीरेंद्र सिंह बबलू, अशोक कनौजिया, अवधेश तिवारी, मोहम्मद मुस्ताक आदि प्रमुख लोग रहे।

## श्रीमहंत ज्ञानदास ने सीतानयम का किया उदघाटन



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के शीर्ष महंत और अखाड़ा परिषद पूर्व अध्यक्ष धर्मसम्राट श्रीमहंत ज्ञानदास महाराज ने सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य प्रवेश द्वार पर होटल सीतायनम का फीता काटकर उदघाटन किया। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कैसरगंज से निवर्तमान भाजपा सांसद एवं पूर्व कुश्ती संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। महंत मुकेश दास, होटल सीतायनम के मालिक बृजनंदन सिंह ने मुख्य अतिथि-विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि वह अयोध्या धाम में होटल सीतायनम के शुभारंभ अवसर पर शामिल हुए। जहां उन्होंने दीप प्रज्वलन कर होटल का उदघाटन किया। भगवान रामलला से कामना है कि यह होटल सीतानयम अपने समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो। दिन-दूनी, रात चौगुनी वृद्धि करे। महंत मुकेश दास हनुमानगढ़ी ने कहा कि यह होटल श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखते हुए बनाया गया है, जिसमें सभी प्रकार की विशेष सुविधाएं हैं। इसमें विदेशी श्रद्धालुगण भी रूक सकते हैं। उन्हीं की सुविधाओं को देखते हुए उक्त होटल तैयार किया गया। होटल सीतायनम के मालिक बृजनंदन सिंह ने बताया कि भगवान श्रीराम की पावन नगरी में उन्होंने माता सीता के नाम से होटल का शुभारंभ किया है। जो विशेष प्रकार की सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें देश-विदेश के श्रद्धालु-भक्त रूक सकते हैं। उदघाटन अवसर पर धर्मसम्राट श्रीमहंत ज्ञानदास महाराज के उत्तराधिकारी व संकटमोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास, बड़ाभक्तमाल के महंत स्वामी अवधेश कुमार दास, हनुमानगढ़ी के सरपंच महंत रामकुमार दास, महंत बलराम दास हनुमानगढ़ी, हनुमत ध्यान भवन के महंत महंत पवनकुमार दास, हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास, पूर्व पार्षद पुजारी रमेश, अभिषेक दास, आचार्य विवेक दास, महेंद्र त्रिपाठी आदि समेत सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# कोठरा गांव के ऊसर मे लगने जा रहा बायोगैस का उत्सर्जन प्लांट

**माहुल आजमगढ़ ।** अहरौला के कोठरा गांव के ऊसर में अब कमल खिलने की तैयारी है अब इस उसर में बायोगैस का उत्सर्जन प्लांट लगने जा रहा है जिससे ब क्षेत्र के सैकड़ो किसानों को गांव में ही उनकी आय दुगना करने के लिए उन्हीं के खेतों से निकलने वाली हरियाली से बायोगैस तैयार होगा और गांव में ही उन्हें रोजगार मिलेगा इससे जहां सरकार की मंशा है कि आने वाले 2030 तक डीजल और पेट्रोल की खपत देश में जीरो पर लाना है देश से प्रदूषण मुक्त करते हुए ग्रीन एनर्जी का उत्सर्जन करते हुए सीएनजी की तरह बायोगैस का उत्सर्जन करना है इससे आने वाले समय में गांव से लेकर शहर तक गाड़ी से लेकर ट्रैक्टर तक रोड पर चलने वाले हर उपकरण फैक्ट्री में चलने वाले हर उपकरण इसी संयंत्र से निकलने वाले बायोगैस से चलेंगे और देश



में ग्रीन एनर्जी का उत्सर्जन होता और एक स्वस्थ समाज की स्थापना होगी इस प्लांट के लगने की आधारशिला अहरौला क्षेत्र के अरूसा गांव के रहने वाले समाजसेवी और बिजनेसमैन रवींद्रनाथ सिंह ने आज इसका क्षेत्र के किसानों के लिए एक उम्मीद पैदा की है इस मौके पर यूपी नेडा से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी के साथ क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग पहुंचे थे बताया जाता है कि यह प्लांट आगामी 1 साल के अंदर बनकर तैयार होगा और लगभग 20 बीघा के अंदर इस प्लांट को लगाया जाएगा और इसमें जमीन से लेकर प्लांट लगाने तक की जिम्मेदारी रविंद्र नाथ सिंह की होगी और 20त्न से ज्यादा इसमें सरकार अपना अनुदान देगी जिससे इस बायोगैस प्लांट को लगाने में बड़े-बड़े लोग इसमें आगे आए पूरे पूर्वांचल का यह अब तक का सबसे बड़ा बायोगैस प्लांट लगने जा रहा है इसकी क्षमता 1 दिन में 6 टन नेपियर घास की पेराई होगी और इसमें लगभग रोज पशुओं से निकलने वाले 10 से 15 कुंतल गोबर का भी इस्तेमाल होगा अब इस गोबर की भी कीमत इस प्लांट से किसानों को मिलेगा इससे जहां पशुओं को पालने की किसानों के अंदर प्रेरणा जागेगी वही पशु संरक्षित भी होंगे यही नहीं फूलपुर के जगदीशपुर के पास इसी तरह का 3 टन की क्षमता वाला पूजन वाला बायोगैस प्लांट लगाया जाएगा धीरे-धीरे अहरौला क्षेत्र का यह इलाका रोजगार के लिए इंडस्ट्रियल एरिया के रूप में हब होने जा रहा है यह बायोगैस 50 करोड़ की लागत से बनने जा रहा है।

# डीएम ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर किया माल्यार्पण

**बलिया।** बताया जाता है कि जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी श्री त्रिभुवन, अपर जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार एवं नगर मजिस्ट्रेट श्री आसाराम वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

जिलाधिकारी ने आयोजित गोष्ठी में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को नमन करते हुए कहा कि शिक्षा ऐसी है, जो जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकती है। अगर हम शिक्षा के महत्व को समझते हैं तो हमेशा के लिए आपकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। भारतीय



संविधान के निर्माण में 02 वर्ष 11 माह एवं 18 दिन का समय लगा। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान निर्माण के समय अलग-अलग देशों के संविधान का अध्ययन कर उसमें से अच्छी चीजों को लेकर हमारे संविधान में रखा। उन्होंने संविधान में राज्य को एक लोक कल्याणकारी राज्य के रूप में रखा। स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार दिया। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने अनेक पुस्तकों की रचना की तथा अपना पूरा जीवन शिक्षा एवं राष्ट्र के लिए समर्पित किया।

गोष्ठी में मुख्य राजस्व अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने भी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जीवन दर्शन, सिद्धांतों एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। नगर मजिस्ट्रेट ने अपनी कविता के माध्यम से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

# अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही राष्ट्र कल्याण संभव है : डॉ. मदन मोहन मिश्र

**जफराबाद जौनपुर।** अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही राष्ट का कल्याण सम्भव है। विज्ञान कृति का विश्लेषण करता है अध्यात्म अन्वेषण करता है विज्ञान व्यक्ति को गतिशील बनता है।यह बातें महरुपुर गांव में स्थित हनुमान जी मंदिर प्रांगण में टीडी कालेज के पूर्व प्रबन्धक व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए मानस कोविद डॉ मदनमोहन मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि अध्यात्म संवेदनशील बनाता है। विज्ञान के बल पर हम आकाश में पक्षी की तरह उड़ सकते हैं जल में मछली की तरह तैर सकते हैं। अध्यात्म के अभाव में हम आदमी की तरह नहीं चल सकते हैं। हम चंद्रमा की दूरी नाप रहे हैं किंतु पड़ोसी से दूर होते जा रहे हैं। श्री राम ने दशरथ जी के यहां पुत्र बनकर अपनी शक्ति सीता को जनक के यहां पुत्री बनाकर दोनों को जोड़ दिया। परशुराम को अभिवादन कर केवट से चरण प्रक्षालन करवरकर शबरी का फल खाकर सुग्रीव और विभीषण को मित्र बनकर वशिष्ठ व विश्वामित्र को शास्त्र गुरु अगस्त को मंत्र गुरु बनकर जोड़ दिया।उन्होनें कहा कि स्वर्गीय बाबू अशोक सिंह बड़े ही संवेदनशील समाजसेवी परोपकार भावना रखते थे। प्रकाश चंद पांडे विद्यार्थी ने फुलवारी प्रसंग का रोचक वर्णन किया।कार्यक्रम की शुरूआत में दोनों कथा वाचकों का टीडी कॉलेज के प्रबंधक राघवेंद्र सिंह,देवेन्द्र प्रताप सिंह,शिवेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व सांसद डॉ कृष्णप्रताप सिंग,धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने माल्यर्पण कर स्वागत क़िया।उसके बाद सभी लोगो ने अशोक कुमार सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

कार्यक्रम में मंत्री गिरीश यादव,भाजपा के मछलीशहर जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह,आशुतोष मिश्र,राजबीर सिंह, श्रीप्रकाश सिंह,वीरेंद्र सिंह,अंबिका सिंह, शिवप्रकाश सिंह,कृष्णा यादव आदि मौजूद रहे।पूर्व सांसद डॉ कृष्णप्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विकास भवन में कार्यक्रम सम्पन्न

## डीएम ने बाबा साहब के योगदानों को किया नमन

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में एक भव्य व गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से हर नागरिक को समान अधिकार और गरिमा का जीवन दिया। आज का दिन हमें सामाजिक समरसता, न्याय और लोकतंत्र की मूल भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। बाबा साहब का सपना था कि हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और वह सम्मान के साथ जीवन यापन कर सके। केंद्र में मोदी जी और राज्य में योगी जी के नेतृत्व में सरकार इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। बाबा



साहब ने जिन वंचित वर्गों के लिए संघर्ष किया, आज उनकी सेवा के लिए केंद्र व राज्य सरकारें पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। हम उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए संकल्पबद्ध हैं। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि बाबा साहब की जयंती को जनपद में गरिमा व आदर के साथ मनाया जा रहा है। संविधान की उद्देशिका का पाठ कर हम उनके मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कर शपथ ली गई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि, छात्रवृत्तियां, वृद्धावस्था पेंशन व अन्य का भी विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, एमएलसी देवेंद्र सिंह के प्रतिनिधि राजू मणि, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, डीपीआरओ रतन कुमार, डीपीओ आदिश मिश्रा, सीवीओ डॉ अरविंद वैश्य सहित विभिन्न अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्व सांसद डॉ.त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज पहुंचे, घायलों का जाना हाल



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ.रमापति राम त्रिपाठी सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ मेडिकल कालेज पहुंच गए। उन्होंने बैतालपुर में हुई भीषण बस दुर्घटना में घायल हुए लोगों का कुशल क्षेम, पीड़ितों के स्थिति के बारे में जानकारी ली, वह स्वयं वार्ड के सभी घायलों के बेड के पास जाकर क्रमशः मिले, उनसे बात की, तीमारदारों को सांत्वना दिया, ढाढस बंधाया। मेडिकल कालेज के प्राचार्य राजेश बरनवाल एवं सीएमएस हरेंद्र मिश्र मौजूद थे, उन्होंने क्रमशः वार्ड में भर्ती घायलों के बारे में, उचित बेहतर चिकित्सा सेवा की जानकारी दी। इस दौरान सदर एसडीएम सुश्री श्रुति शर्मा भी उपस्थिति थीं। पूर्व सांसद डॉ.त्रिपाठी ने चिकित्सकों को बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया। डा.त्रिपाठी ने सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र, नीरज शाही, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी, जितेन्द्र सिंह सैथवार, गोविन्द चौरसिया, आशीष, शशिकांत मिश्र, आदि उपस्थित रहे।

# जौनपुर के लाल ने चांदनी चौक में मचाया धमाल



**जौनपुर।** पूर्वांचल के प्रसिद्ध गायक आशीष पाठक अमृत ने अपने गीत भजन के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया यह कार्यक्रम शिव पार्वती मंदिर चांदनी चौक में हुआ जिसमें पूर्वांचल के प्रसिद्ध भजन गायक आशीष पाठक अमृत के एक से बढ़कर एक गीतों ने सबका मन मोह लिया हैद्य इस अवसर पर मंदिर के महंत विनय मिश्रा जी ने चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया श्री पाठक के गीत खाटू श्याम तेरा मुझको दीदार हो जाए।मेरे राम की नगरिया। खाटू वाले श्याम मेरा एक घर बनवा दो। जब गाया तो वहां की जनता झूमती नजर आई इस आयोजन से जनपद जौनपुर में हर्ष का माहौल व्याप्त हैद्य इस मौके पर रजनी श्रीवास्तव शीला सिंह लक्ष्मी यादव सूर्यकांत सिंह रमेश घोषाल शंकर सक्सेना शशि पांडे एवं चांदनी चौक की श्रद्धालु जनता भरपूर भीड़ के साथ मौजूद रही।

# समाज में शिक्षा से बड़ी कोई पूंजी नहीं : जय नाथ सिंह

**माहुल आजमगढ़।** अहरौला के राजेंद्र प्रसाद स्मारक महाविद्यालय पकड़ी में वार्षिक उत्सव सीनियर छात्रों का फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश कार्य समिति के सदस्य जयनाथ सिंह ने कहा शिक्षा से बड़ी कोई पूंजी नहीं है। इस विद्यालय की स्थापना रमेश



सिंह कौशिक और अक्ष्यबर सिंह ने इसलिए किया था की क्षेत्र के और गांव के गरीब से गरीब बच्चे अपने ही गांव के करीब में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके क्योंकि जब इंसान शिक्षित होता है तो समझ भी शिक्षित होता है देश भी शिक्षित होता है और इसी के बल पर देश का विकास होता है रमेश सिंह चाहे होते तो होटल या रेस्टोरेंट इसको बनाकर पैसा कमा सकते थे लेकिन उनका मकसद पैसा कमाने का नहीं था बल्कि उनको समाज के निचले स्तर तक के गरीब किसान मजदूर के बहु बेटियों को उच्च शिक्षा देने का था इसीलिए उन्होंने इतने बड़े कॉलेज का निर्माण किया सभी लोग इस तरह के सामाजिक कार्यों को सोचकर देश हित में कार्य करें तो निश्चित तौर से देश पूरी तरह से शिक्षित हो जाएगा इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने अपनी कला की प्रतिभा को दिखाया और उत्कृष्ट छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया आए हुए सम्मानित जनों को और पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया इस मौके पर बालमुकुंद सिंह राजेश सिंह काली सिंह राकेश सिंह पिंकू सिंह बालमुकुंद सिंह पशुपतिनाथ सिंह हरीश तिवारी आदि लोग रहे।

# पूर्व सांसद ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**आजमगढ़ ।** पू0 सां0 डा0 संतोष कुमार सिंह सदर विधानसभा के मंडल चक्रपाणपुर के ग्रामसभा मखदूमपुर पहुंचे उन्होने भारतरत्न बाबासहेब डा0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, उसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के उपलब्धियों की ग्रामीणों को विधिवत जानकारी दिया। और ग्रामीणों में सरकार की उपलब्धियों के पर्चे वितरित किया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुये पूर्व सांसद ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से ग्रामीणो को अवगत कराते हुये कहा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूलमंत्र पर अमल करते हुये भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिये



लगातार काम कर रही है। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों को विधिवत जानकारी दी कि सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति कैसे लाभान्वित हो सकता है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता हवलदार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबू राम चौहान, ग्राम प्रधान इंदेश कुमार,श्रीराम मौर्य, राम जी, गोविंद मौर्य, आदर्श, दीपक, जय हिंद लकी, शशिकला देवी पत्नी मंडल अध्यक्ष चक्रपाणपुर, प्रेम देवी, अशोक कुमार, वैभव उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

# कांग्रेस कार्यालय पर अम्बेडकर की मनी जयंती

स्वतंत्र भारत देवरिया। सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय टाउन हॉल देवरिया पर भारत रत्न प्रथम कानून मंत्री बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने कहा कि भीमराव अंबेडकर का भारत के निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने न केवल देश को एक समतामूलक संविधान प्रदान किया, बल्कि सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आजीवन संघर्ष करते हुए समता, बंधुता और न्याय के मूल्यों को जनमानस में स्थापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राम जी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, धर्मेंद्र पांडे, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद, राजकुमार जायसवाल, संजीव कुमार मिश्रा, नागेंद्र शुक्ला, आंनद श्रीवास्तव,सुभाष राय, सुनील तिवारी,महेंद्र अंबेडकर, जुलेखा खातून, निर्मला वर्मा, रीता देवी, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, जवाहरलाल बरनवाल, विजय शंकर मिश्र, जयप्रकाश पाल, जवाहरलाल चौहान, उपेंद्र प्रसाद,निलेश त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी, विजय पटेल, मार्कण्डेय मिश्रा, सत्य प्रकाश मणि,दीनदयाल प्रसाद, संदीप पाण्डेय, सुनील यादव, जयराम उपाध्याय, अशोक कुशवाहा, रत्नेश मल्ल पिंटू, विरेन्द्र त्रिपाठी, अवधेश यादव, दीनदयाल यादव, राजकुमार यादव आदि कांग्रेस जनों ने बाबा साहेब को पुष्पांजली अर्पित किया।

# वात्सल्य वैली प्री स्कूल में धूमधाम से मनी डा. अम्बेडकर जयन्ती

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** बैतालपुर नगर पंचायत के बरारी स्थित वात्सल्य वैली प्री स्कूल में डा. अम्बेडकर जयन्ती और बैशाखी का पर्व संयुक्त रूप से मनाया गया। इस मौके पर आयोजित



जलसे में डा.0अम्बेडकर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी और उनके योगदान पर वक्ताओं ने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने डा.अम्बेडकर के चित्र को रंगो से भरा, साथ ही बैशाखी के निमित नृत्य की बच्चों ने शानदार प्रस्तुति की। कार्यक्रम में प्रबंधक घनश्याम पति त्रिपाठी, कोआर्डिनेटर सूरज प्रसाद आर्य एवं शिक्षिकाओं ने खास हाथ बटाया।

# जबरदस्ती शव दफन करने को लेकर दो समुदाय आमने सामने

**आजमगढ़।** फरिहा आजमगढ़ निजामाबाद तहसील क्षेत्र के मुस्लिमपट्टी गांव में भाजपा के बूथ अध्यक्ष जितेंद्र गौड़ के घर के सामने नवीन परती की भूमि पर एक विशेष समुदाय द्वारा जबरदस्ती शव दफन करने को लेकर दो समुदाय आमने सामने आ गए मना करने पर जितेंद्र गौड़ को गाली गलौज देते हुए धक्का मार कर भगा दिए जितेंद्र गौड़ ने इसकी सूचना अपने मंडल अध्यक्ष और अन्य नेताओं को दिया साथ ही साथ उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया मामला दो समुदाय का होने की वजह से अधिकारी गढ़ मौके पर पहुंच गए जांच पड़ताल होने पर हल्का लेखपाल लालबिहारी की भूमिका संदिग्ध दिखाई दिया स्थानीय लेखपाल द्वारा मौके



पर पहुंचकर नवीन परती की जमीन पर मुर्दा दफन कराने हेतु गड्ढा खुदवाने लगे लेखपाल लालबिहारी का कहना था।

कि हम कहीं भी शव दफन करा सकते हैं उप जिलाधिकारी निजामाबाद नरेंद्र गंगवार के हस्तक्षेप के बाद मौके पर तहसीलदार व प्रभारी निरीक्षक निजामाबाद हिरेंद्र प्रताप सिंह भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे मनोज यादव मंडल अध्यक्ष निजामाबाद प्रवीण सिंह , संतोष गोंड , आशुतोष राय , खदेरू अतुल यादव आदि कार्यकर्ताओं के पहुचने पर किसी तरह मसले का निराकरण हो सका।

# गोलू व अनुपमा के गीतों का खूब चला जादू, श्रोता हुए भाव विभोर



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** कैम्ब्रिज इन्टरनेशनल स्कूल मईल के प्रांगण मे एक समारोह मे पहुंचे भोजपुरी के दो स्टार कलाकार गोलू राजा व अनुपमा यादव के गीतों पर रात भर श्रोता आनंद लेते रहे।कार्यक्रम की शुरुआत गोलू ने गणेश वंदना से की फीर आराध्य की देवी माँ को याद करते हुए, लोगो पारंपरिक गीत व मांगलिक गीत व देश के जवान मे आधारित गीत सुनाते हुई नये जमाने के हिसाब के एक से बढ़कर एक गीत सुनाए लोगो का मन मोह लिया।वही भोजपुरी व हिन्दी गीतों को मिस्क कर अपनी आवाज का जादू बिखेरनी वाली अनुपमा यादव जैसे ही स्टेज पर चढ़ी युवाओ ने तालिया बाज व सोर कर जोरदार स्वागत किया। फिर उन्होने दिल ना लगईह,दिल मे तू रहब भले भाग से विचिलब चहिए काली त जरूरे फीर मिलब लोगो की मांग पर जैसन राज चलवलस सपा... नेता केतनो केहू होई अखिलेश ना होई, सबके बलम प्रदेश मे मोर पिटवा...बोलता सास ससुर,कहवा लोटाईल है ओढनी ये गोरी,कौनो दिनवा शिकार हो जईब हमसे मिलब हमार हो जईब, इस अवसर पर सलेमपुर सांसद रमाशंकर विघार्थी, विधायक दीपक मिश्र शाका, पूर्व विधायक काली प्रसाद,सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव,योगेन्द्र यादव,वीरेन्द्र चौधरी,रवीकेश यादव, रमाश्रय यादव,भरत यादव,सनोज, सिम्पू बाबा, सिन्टी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वन रक्षक की तहरीर पर हरे पेड़ काटने वाले ठेकेदार सहित दो पर मुकदमा



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में एक व्यक्ति के द्वारा वन विभाग से बिना अनुमति लिए सागौन के हरे पेड़ काटने पर वनरक्षक अरविन्द कुमार की तहरीर पर एक ठेकेदार सहित दो के विरुद्ध सोमवार को मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। हलिया वन रेंज में तैनात वनरक्षक अरविंद कुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीते 12 अप्रैल 2025 को भटवारी गांव निवासी नंद गोपाल मौर्य तथा लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर गांव निवासी ठेकेदार अवध बहादुर द्वारा वन विभाग से बिना अनुमति लिये सागौन के कुछ हरे पेड़ काट लिये है। पुलिस तहरीर के आधार पर दोनों लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बिना अनुमति के सागौन के हरे पेड़ काटने के आरोप में वनरक्षक की तहरीर पर ठेकेदार सहित दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## सागौन के मामले में जांच के लिए पहुंचे डीएफओ ने किया जांच

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय वन क्षेत्र के भटवारी गांव में एक ठेकेदार व एक व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के सागौन के हरे पेड कटवाने के मामले में सोमवार की देर शाम डीएफओ कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मीहिर द्वारा भटवारी गांव पहुंचकर काटे गये सागौन के पेडो का जांच पडताल किया है और काटे गये सागौन की गणना कराई है। डीएफओ ने सागौन के पेड के कटान में संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दिया है कहा कि अबैध कटान में संलिप्त को चिंहित कर कार्रवाई किया जायेगा। इस संबंध में डीएफओ तापस मीहिर ने बताया कि बिना अनुमति के सागौन का कटान के मामले में शिकायत मिलने पर मौके पर पंहुचकर जांच पडताल किया जा रहा है। कटान में संलिप्त लोगो के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा।

## पति पत्नी पर मारपीट व धमकी देने का मुकदमा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी लीलावती ने रविवार शाम को गांव निवासी पति-पत्नी के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।दी गई तहरीर में लीलावती ने बताया कि बीते 11 अप्रैल को शाम चार बजे जमीन के विवाद को लेकर गांव निवासी सभाजीत चौरसिया व उनकी पत्नी उर्मिला देवी मारने पीटने लगे व जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने महिला की तहरीर पर दंपती के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का दिया संदेश : विजय



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** भारतीय संविधान के शिल्पकार महान अर्थशास्त्री समाज सुधारक विधिवेदा भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती समारोह व गोष्ठी का आयोजन सोमवार को ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन के विचारों के बारे में उपस्थित कर्मचारियों के बीच उद्बोधित किया कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर कठिन परिस्थितियों में अनेक विधाओं में शिक्षा ग्रहण करते हुए डिग्री प्राप्त की उन्होंने इंग्लैंड में जाकर क़ानून कि डिग्री हासिल की। उन्होंने समाज में व्याप्त असमानताये व कुरीतियों के विरुद्ध लड़ते हुए प्रत्येक वर्ग व व्यक्ति को शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा बिना किसी भी देश का विकास सम्भव नहीं है। इस दौरान अन्य लोगो द्वारा भी डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान के तहत उपस्थित लोगो को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान एडीओ एसटी मनोहर लाल, एडीओ आईएसवी हरिओम बिंद,जेई विजय कुमार, सचिव कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, अलोक भारती,एपीओ ज्ञान सिंह, सुधीर कुमार, ऋषभ तिवारी, ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार, हथेड़ा काशी प्रसाद मिश्रा आदि मौजूद रहे। हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायतो में भी ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर कि जयंती मनाकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। बरी गांव स्थित भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर मंडल अध्यक्ष भाजपा दिनेश अग्रहरी ने माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती समारोह मनाया। ग्राम पंचायत सोठिया कला से बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर युवाओं द्वारा डीजे के साथ जुलुस निकाला गया। जुलुस हलिया बाजार से होते हुए हथेड़ा अहुगी कला तक निकालीं गई ग्राम पंचायत हलिया के दिघिया अम्बेडकर नगर में भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। रात्रि में बिरहा मुकाबला का आयोजन किया गया है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में एसआई अच्छे लाल यादव,श्याम लाल, शिवजी यादव लगे रहे।

## युवक और दो बच्चों की मां एक ही रस्सी से फंदा बना पेड़ से झूले

**लालगंज (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की भोर मेंआम के पेड़ से रस्सी के फंद्दे से 22 वर्षीय युवक और दोबच्चों की मां का शव झूलता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची लालगंज पुलिस नेदोनों शवों को नीचेउतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला प्रेम प्रपंच से जुड़ा बताया जा रहा है। निवासी 22 वर्षीय युवक और दो बच्चों की मां 30 वर्षीया महिला गांव सेथोड़ी दूर तालाब पर आम के पेड़ मेंबीती रात भोर मेंएक ही रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर झूल गए। दोनों की मौत हो गई। सुबह तालाब की ओर टहलने गए ग्रामीणों नेआम के पेड़ मेंरस्सी के सहारेयुवक, युवती को झूलतेहुए देखा। सूचना युवक के परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचकर परिजनों नेदेखा तो वेदोनों एक ही रस्सी के सहारे फांसी का फंदा लगाकर आम के पेड़ मे झूले हुए हैं। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने दोनों शवो को नीचे उतरवाकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। ग्रामीणों ने बताया गया कि मृत युवक की मौसी की लड़की मध्य प्रदेश सतना हनुमान नगर सेदो-तीन दिन पहले गांव में आई थी। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना लड़की के ससुराल पक्ष व मायके पक्ष दोनों जगह दे दिया गया है।

## पिलर क्षतिग्रस्त करने व जान से मारने की धमकी पर मुकदमा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी देवेश तिवारी ने पिलर क्षतिग्रस्त करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रविवार शाम को तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।दी गई तहरीर में देवेश तिवारी ने आरोप लगाया कि बीते शनिवार को शाम साढ़े पांच बजे के करीब शैलेन्द्र बहादुर व उनका पुत्र राहुल बहादुर निवासी शिवपुर जिला प्रयागराज व बिरजू बरगाही पता अज्ञात ने मेरे जमीन में गड़े पिलर को जबरदस्ती तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस संबंध में मेरी बड़ी माता प्रेमा देवी पूछने गई तो तीनों लोग गाली-गलौज देते हुए धक्का-मुक्की करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने तीनों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

## अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही राष्ट्र कल्याण संभव है : डॉ. मदन मोहन मिश्र



**जफराबाद जौनपुर।** अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से ही राष्ट्र का कल्याण सम्भव है। विज्ञान कृति का विश्लेषण करता है अध्यात्म अन्वेषण करता है विज्ञान व्यक्ति को गतिशील बनता है। यह बातें महरुपुर गांव में स्थित हनुमान जी मंदिर प्रांगण में टीडी कालेज के पूर्व प्रबन्धक व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए मानस कोविद डॉ मदनमोहन मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि अध्यात्म संवेदनशील बनाता है। विज्ञान के बल पर हम आकाश में पक्षी की तरह उड़ सकते हैं जल में मछली की तरह तैर सकते हैं। अध्यात्म के अभाव में हम आदमी की तरह नहीं चल सकते हैं। हम चंद्रमा की दूरी नाप रहे हैं किंतु पड़ोसी से दूर होते जा रहे हैं। श्री राम ने दशरथ जी के यहां पुत्र बनकर अपनी शक्ति सीता को जनक के यहां पुत्री बनाकर दोनों को जोड़ दिया। परशुराम को अभिवादन कर केवट से चरण प्रक्षालन करवरकर शबरी का फल खाकर सुग्रीव और विभीषण को मित्र बनकर वशिष्ठ व विश्वामित्र को शास्त्र गुरु अगस्त को मंत्र गुरु बनकर जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बाबू अशोक सिंह बड़े ही संवेदनशील समाजसेवी परोपकार भावना रखते थे। प्रकाश चंद पांडे विद्यार्थी ने फुलवारी प्रसंग का रोचक वर्णन किया।कार्यक्रम की शुरूआत में दोनों कथा वाचकों का टीडी कॉलेज के प्रबंधक राघवेंद्र सिंह,देवेन्द्र प्रताप सिंह,शिवेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व सांसद डॉ कृष्णप्रताप सिंग,धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने माल्यर्पण कर स्वागत किया।उसके बाद सभी लोगो ने अशोक कुमार सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में मंत्री गिरीश यादव,भाजपा के मछलीशहर जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह,आशुतोष मिश्र,राजबीर सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंबिका सिंह, शिवप्रकाश सिंह, कृष्णा यादव आदि मौजूद रहे।पूर्व सांसद डॉ कृष्णप्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।


स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

### खोया पाया

सूचित किया जाता है मेरे व्यवसायिक दुकान सं.-2/17, विनय खण्ड, गोमतीनगर का एलाटमेन्ट लेटर एवं कब्जा लेटर वास्तव में कहीं खो गया है। किसी अन्य द्वारा इसका उपयोग अवैध माना जायेगा। शशि गुप्ता पुत्री स्व. राजा राम गुप्ता निवासी-1/475 विराम खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
**सी.आर.-82/L-37**

### सूचना

मैं चौहरजा प्रसाद यादव पुत्र रघुवर दयाल यादव नि. 14/954 आचार्य द्विवेदी नगर, रायबरेली अपने पुत्र सौरभ यादव व उसकी पत्नी आकांक्षा देवी परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।
**सी.आर.-84/D-32**

### सूचना

मेरे पुत्र जाहिद अली व उसकी पत्नी शफीना बानो का चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व सम्बन्ध से बेदखल कर दिया है। भविष्य में ये अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। शाबिर अली पुत्र आफत अली, ग्रा0-केराडीह रेहरा बाजार, बलरामपुर।
**सी.आर.-83/D-38**


# सपा कार्यालय में मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



**मिर्जापुर।** जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता मेंबाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर स्वाभिमान-स्वमान समारोह एवं गोष्ठी पार्टी के कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में सोमवार को आयोजित किया गया। जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी गयी। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सभी धर्मों के उत्थान के लिए अपना समस्त जीवन समाज को अर्पण कर दिया। उनकी परिकल्पना एक समुदाय का विकास करने की नहीं बल्कि सभी पिछड़ों को शिक्षित करने की थी। आज हम उनके विचार व उनके आदर्शों के पथ पर चलें तो यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल ने कहा डॉ0 भीमराव अम्बेडकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने विषम परिस्थिति में भी संघर्ष कर न केवल उच्च शिक्षा ग्रहण की, बल्कि समाज को भी शिक्षित किया। डॉ0 अम्बेडकर के संविधान की रक्षा के लिये हमे आगे आना पड़ेगा। जयंती व गोष्ठी में पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, आशीष यादव, आदर्श यादव, डॉ0 रतन सिंह पटेल, राजेश भारती, झल्लू यादव, सतीश मिश्रा, मेवालाल प्रजापति, इन्दू कुमारी, राजकुमार यादव, सुभाष पटेल, लाल बहादुर यादव, भोलानाथ यादव, जमुना यादव, मुकुन्द यादव, अरशद अली, विकाश केशरी, आदर्श श्रीवास्तव, गणेश केशरी, जग्गू कोल, दीनानाथ प्रजापति, सुभाष पटेल, रवि सोनकर, अशोक यादव आदि मौजूद रहें।

# दो दिवसीय बैसाखी कार्यक्रम में शामिल हुए जिलाधिकारी




**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र चाचकपुर स्थित गुरुद्वारा में आयोजित दो दिवसीय वैसाखी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बैसाखी पर्व किसानों द्वारा गेहूं की फसल तैयार होने की खुशी में मनाई जाती है। आज ही के दिन गुरु गोविंद सिंह जी ने पांच प्यारों को चुना था तथा आज सिखों के पंथ की स्थापना दिवस भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक गुरुद्वारा है तथा गुरु तेग बहादुर जी का तपोस्थल भी है। उन्होंने हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब का दर्शन भी किया तथा गुरु तेग बहादुर जी के नवनिर्मित तपस्थली का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर लुधियाना से कीर्तन करने आए सुरेंद्र सिंह और उनके सहयोगी ने गुरुवाणी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, गुरवीर सिंह, सतनाम सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक चालक की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास रविवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने सेघायल बाइक चालक की मौत हो गई।प्रयागराज जिला के कोरांव थाना क्षेत्र के सेमरिहा गांव निवासी जितेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मैनेजर सिंह हाल मुकाम कटरा देवहट थाना ड्रमंडगंज की रविवार की रात लहुरियादह गांव से बाइक से अपने घर जा रहे थे जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन का धक्का लगने से बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज एसआई अखिलेश यादव ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए घायल को उपचार हेतु एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज भिजवाया। एंबुलेंस सेवा 108 के पायलट दिलीप यादव ईएमटी मिथिलेश कुमार घायल को लेकर सीएचसी लालगंज पहुंचे जहां चिकित्सक ने देखते ही जितेन्द्र प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया।

मृतक को दो पुत्र है बाइक चालक के मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# राजकीय सम्मान के साथ धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**बाबा साहब के द्वारा संविधान निर्माण में दिए गए योगदान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा है : मंत्री गिरीश चंद्र**

**बाबा साहब की जयंती के अवसर पर जनपद में 15 दिन तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे : जिलाधिकारी**




**जौनपुर।** जनपद में भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती राजकीय सम्मान के साथ धूमधाम से मनायी गयी। राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण श्री गिरीश चन्द्र यादव, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशू, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र सहित अन्य के द्वारा अम्बेडकर तिराहे पर स्थित अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर अम्बेडकर तिराहे पर आयोजित गोष्ठी में बाबा साहब के जीवन दर्शन, उनके नैतिक मूल्यों, आदर्शो, भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम तथा संविधान में उनके अतुलनीय योगदानों को याद करते हुए उन्हे नमन किया गया। राज्यमंत्री ने भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहब की जंयती के अवसर पर नमन करते हुए कहा कि निश्चित रूप से बाबा साहब के द्वारा संविधान निर्माण में दिये योगदान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा है। उन्होने सामाजिक समरसता के क्षेत्र में जो कार्य किया उसी के फलस्वरूप देश में आये परिवर्तन ने हमें अपने कर्तव्यों तथा गणतंत्र होने का बोध कराया। मौलिक अधिकार भी इसी संविधान के तहत मिला है। आज पूरे देश में बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है। सदस्य विधान परिषद जी ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक समरसता के लिए, शिक्षा के लिए, अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में, जो कार्य किया है वह निश्चित ही अनुकरणीय है। बाबा साहब का विधि के क्षेत्र में, संविधान निर्माता के रूप में योगदान अतुलनीय है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नही होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब की जयंती के अवसर पर जनपद में 15 दिन तक विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे जो कि आज से प्रारम्भ हो रहा है। जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायतों, नगर निकायों सहित सभी जगहों पर बाबा साहब की जयंती मनायी गई। उन्होने सभी से अपील किया कि कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता अवश्य सुनिश्चित करें। बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की जंयती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर से अम्बेडकर तिराहे तक जनप्रतिनिधिगणों, अधिकारीगणों की उपस्थिति में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। रैली में भारत माता के जयकारे, हमारा संविधान अमर रहे आदि के नारे लगाये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व अजय अम्बष्ट, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, बेसिक शिक्षाधिकारी डा0गोरखनाथ पटेल,


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


# बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय, समानता का मार्ग दिखाया : कुलपति

**प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन कराया गया**

**पीयू में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। विश्वविद्यालय परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार बताते हुए उन्हें देश का महानायक कहा। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि, ÷डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने भारत को सामाजिक न्याय, समानता और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। आज का दिन हमें उनके संघर्ष, विचार और योगदान को याद करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर देता है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि, ÷बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव रखी। आज हमें उनके सपनों के भारत के निर्माण हेतु सतत प्रयास करते रहना होगा। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि उपस्थित सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया। इस आयोजन ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव थीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से प्रो. बीडी शर्मा, प्रो.प्रमोद कुमार यादव, प्रो. राजकुमार, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो मिथिलेश सिंह,? एन एस एस समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव, डॉ प्रमोद यादव, डॉ. रसिकेश. डॉ नितेश जायसवाल, डॉ दिनेश सिंह, राज नारायण सिंह, डॉ. स्वतंत्र कुमार, जय सिंह, सनी भारती, हरिशंकर सहित अनेक शिक्षक, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।


स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025

## टैरिफ वार से पीछे नहीं हटेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ वॉर को लेकर एक बार फिर से अपनी मंशा साफ कर दी है। ट्रंप ने कहा है कि

**कहा किसी भी देश को नहीं देंगे रियायत**

अमेरिका ऐसे किसी भी देश को नहीं छोड़ेगा, जिसने अमेरिका के साथ व्यापारिक घाटे के आधार पर काम किया है। मुख्य तौर पर चीन, जिसने लंबे समय से हमें व्यापारिक रूप से हमारे साथ बुरा व्यवहार किया है। सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि हम किसी भी देश को टैरिफ में रियायत नहीं देने जा रहे हैं। जो भी लोग टैरिफ में रियायत की अफवाह फैला रहे हैं वह यह जानते हैं कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। शुक्रवार को भी ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है.. जिन उत्पादों को लेकर यह बात चल रही है। वह फेंटेनाइल से संबंधित है, जो कि 20 प्रतिशत फेंटेनाइट टैरिफ



वाली श्रेणी में जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उस खबर के संबंध में आया है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन और इलेक्ट्रोनिक्स को टैरिफ से बाहर कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने पूरे सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रोनिक उत्पादों के वैश्विक सप्लाई चैन की जांच की है। इससे एक बात साफ तौर पर निकल कर सामने आई है कि हमें संयुक्त राज्य अमेरिका में विनिर्माण करने की जरूरत है। हम अन्य देशों विशेष रूप से चीन जैसे दुश्मन देशों के भरोसे नहीं रह सकते.. न ही हम उनके बंधक बनाए जा सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि चीन जैसे देश अमेरिका और अमेरिकी नागरिकों का अपमान करने के लिए अपनी शक्ति के भीतर किसी भी हद तक जा सकते हैं। दशकों से उन्होंने हमारे साथ व्यापारिक दुर्व्यवहार करना जारी रखा है। अब वह दिन गए जब वह हमारे साथ ऐसा करते थे अब हम इसे और आगे जारी रखने की अनुमति नहीं देंगे।

### वक्फ कानून के खिलाफ असम में प्रदर्शन

**कछार।** पश्चिम बंगाल के बाद असम के कछार जिले में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ हिंसा भड़क उठी। हालांकि मुस्तैद पुलिस जवानों ने तुरंत हालात पर काबू पाया। कछार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मगर अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक विरोध प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थरबाजी की। जवाब में पुलिस ने भी प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। पुलिस के अनुसार मुस्लिम समुदाय के लगभग 300-400 लोगों ने कछार जिले के बेरेंगा इलाके में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ रैली निकाली। मगर रैली की अनुमति नहीं ली गई थी।

## ट्रंप खुद आकर देखें यूक्रेन की तबाही : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सार्वजनिक तौर पर आग्रह किया है कि वह यूक्रेन आकर यहां रूसी आक्रमण से हुई तबाही को देखें। वह यहां आकर समझे कि आखिर रूस ने यूक्रेन के साथ क्या किया है और वह क्या कर रहा है। राष्ट्रपति जेलेंस्की का यह आग्रह व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ हुई उनकी बहस के बाद आया है, जिसमें अमेरिकी ट्रंप टीम और जेलेंस्की के बीच में काफी कहासुनी हुई थी। इसके बाद जेलेंस्की व्हाइट हाउस से बिना कोई डील किए ही निकल गए थे। एक



इंटरव्यू में यूक्रेनी राष्ट्रपति ने ट्रंप को संबोधित करते हुए कहा, मैं राष्ट्रपति ट्रंप से कहना चाहूंगा कि कृपया इस मुद्दे पर किसी भी तरह के निर्णय, किसी भी तरह की बातचीत से पहले यूक्रेन के लोगों, नागरिकों हमारे योद्धाओं, हमारे अस्पतालों, चर्चों, बच्चों को नष्ट या मरी हुई अवस्था में देखने के लिए यहां आएं। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जब यूक्रेन का दौरा करेंगे तब वह समझेंगे कि पुतिन ने क्या किया है। तब वह समझेंगे कि वह किसके साथ सौदा करने जा रहे हैं। जेलेंस्की का यह निमंत्रण व्हाइट हाउस की उस मीटिंग के बाद आया है जिसमें ट्रंप और जेलेंस्की के बीच में जोरदार बहस हुई थी। उसी मीटिंग के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने जेलेंस्की के ऊपर विदेशी नेताओं को यूक्रेन बुलाकर यूक्रेन के पक्ष में प्रोपेगेंडा टूर करवाने का आरोप लगाया था।

## 'व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं होता'

**हनोई।** जवाबी टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ा है। दोनों देश एक-दूसरे पर भारी भरकम टैरिफ लगा रहे हैं। इस बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग

**टैरिफ विवाद के बीच वियतनाम पहुंचे जिनपिंग**

ने दक्षिण पूर्व एशिया के दौरे की शुरुआत की। वे सोमवार को वियतनाम पहुंचे। यहां शी ने कहा कि व्यापार युद्ध या टैरिफ युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। दोनों देशों को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, स्थिर वैश्विक औद्योगिक, आपूर्ति श्रृंखलाओं और खुले व सहकारी अंतरराष्ट्रीय वातावरण की दृढ़ता से रक्षा करनी चाहिए।
चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वियतनाम पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका की तरफ से बढ़ते दबाव



को देखते हुए चीन ने समर्थन जुटाने के लिए यह कदम उठाया है। हालांकि विशेषज्ञ बताते हैं कि यह यात्रा पहले से प्रस्तावित थी, लेकिन टैरिफ युद्ध ने इसे अहम बना दिया है। सिंगापुर के एक विशेषज्ञ ने कहा कि शी की यात्रा से चीन दक्षिण-पूर्व एशिया को दिखा सकता है कि वह एक जिम्मेदार महाशक्ति है, वह डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अमेरिका के पूरी दुनिया के सामने पेश होने के तरीके से अलग है।

### हॉस्टल कैंटीन में खाना खाने से कई छात्र बीमार

**भोपाल।** भोपाल स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएएनआईटी) के कुछ छात्र छात्रावास के भोजनालय में खाना खाने के बाद बीमार पड़ गए, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। संस्थान के सूत्रों ने बताया कि शनिवार को खाना खाने के बाद बीमार पड़े दो दर्जन से अधिक छात्रों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। एमएएनआईटी के निदेशक प्रोफेसर के. के. शुक्ला ने कहा, मैंने 'चीफ वार्डन' और चिकित्सक से बात की है। मुझे बताया गया कि कुछ छात्र दस्त से पीड़ित हैं। चिकित्सकों ने उन्हें (संस्थान में) दवा दी और कमजोरी महसूस कर रहे पांच से सात छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे लौट आए हैं।

## अमेरिका ने ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणी में की कटौती, हजारों भारतीयों का सपना धूमिल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में आव्रजन नीतियों के चलते पहले से ही अप्रवासी भारतीयों की चिंता पहले से ही बढ़ी हुई है। अब ट्रंप प्रशासन ने हजारों भारतीयों के अमेरिका जाने और ग्रीन कार्ड पाने के सपने को तोड़ दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मई 2025 के लिए जारी किए गए वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी 5 वीजा श्रेणी में कटौती की है। विदेश विभाग ने अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 कर दी है। पहले यह एक नवंबर 2019 थी। अब एक मई 2019 के बाद ईबी 5 वीजा के लिए आवेदन करने वालों को लंबा इंतजार



करना होगा। बुलेटिन में कहा गया है कि ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणियों में भारत द्वारा उच्च मांग और संख्या के उपयोग, शेष विश्व में बढ़ती मांग और संख्या के उपयोग के कारण वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक सीमा के अंतर्गत संख्या के उपयोग को अधिकतम सीमा के भीतर रखने के लिए भारत की अंतिम कार्रवाई तिथि को और पीछे करना आवश्यक हो गया है। यदि मांग और उपयोग की संख्या में वृद्धि जारी रही तो शेष विश्व के देशों के लिए अंतिम कार्रवाई की तिथि निर्धारित करना भी आवश्यक हो सकता है। बुलेटिन में कहा गया कि आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम (आईएनए) की धारा 201 के अनुसार निर्धारित परिवार प्रायोजित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 की सीमा 226,000 है। वार्षिक रोजगार आधारित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए विश्वव्यापी स्तर कम से कम 140,000 है।

## एक नज़र

### सिंगापुर की सियासत में अब भारतीयों का बजेगा डंका

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने व्यवसाय, उद्योग और लोक सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में भारतीय समुदाय के लोगों के योगदान को स्वीकारते हुए कहा है कि सत्तारूढ़ 'पीपुल्स एक्शन पार्टी' (पीएपी) निश्चित रूप से आगामी आम चुनाव में भारतीय समुदाय के लोगों को भी उतारेगी। पीएपी ने 2020 के आम चुनाव में 27 नए चेहरों को चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन इनमें एक भी भारतीय मूल का उम्मीदवार नहीं था जिसके बाद संसद में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठने लगे थे। भारतीय समुदाय के युवाओं के साथ संवाद के दौरान वोंग ने कहा, आप (भारतीय समुदाय) एक छोटा समुदाय हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से सिंगापुर में आपका योगदान और आपका प्रभाव बिल्कुल भी छोटा नहीं है।

### तेज आवाज के गाने से युवक की मौत!

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में एक युवक की रहस्यमयी तरीके से मौत हो गई। मौत की वजह गाने की तेज आवाज को बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने इन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक ट्यूबरक्लोसिस से ग्रसित, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। मृतक का नाम नितिन फकीरा रणशिंगे है। बीती रात अचानक से नितिन की तबीयत खराब हुई और उसकी मौत हो गई। दरअसल नासिक के फुले नगर इलाके में अंबेडकर जयंती का पर्व मनाया जा रहा था। इस दौरान तीन मूर्तियों के पास डीजे बज रहा था। गाने की आवाज सुनकर अचानक नितिन असहज महसूस करने लगा और उसकी नाक से खून बहने लगा। डीजे के पास खड़ा नितिन अचानक से बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। नितिन को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों की मानें तो डीजे की आवाज सुनकर नितिन की नाक से खून बहने लगा था। मगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुछ और ही निकलकर सामने आया है।

### झारखंड में धार्मिक शोभायात्रा पर पथराव, तनाव

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के एक गांव में रविवार देर शाम एक धार्मिक शोभायात्रा पर कथित तौर पर पथराव किये जाने के बाद से तनाव व्याप्त है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद झुरझुरी गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार बिमल ने बताया कि धार्मिक शोभायात्रा के दौरान उपद्रवियों ने पथराव किया। इसके बाद शोभायात्रा में शामिल लोगों ने जीटी रोड के एक हिस्से को जाम कर दिया, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। धार्मिक शोभायात्रा का आयोजन करने वाले समूह ने यह भी दावा किया कि पथराव में कई महिलाएं घायल हो गईं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेराजगार बंगाल के शिक्षक दिल्ली गए

**कोलकाता।** बेरोजगार हुए शिक्षकों का एक वर्ग दिल्ली रवाना हुआ। इन टीचरों का कहना है कि हम दिल्ली तक आवाज पहुंचाना चाहते हैं। शिक्षकों की योजना 16 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर धरना देने की है। 'डिजर्विंग टीचर्स राइट्स फोरम' के प्रवक्ता महबूब मंडल ने कहा कि दिल्ली जाने वाले सभी लोग जंतर-मंतर पर तीन घंटे के धरने में भाग लेंगे और कहा कि इसके लिए दिल्ली के अधिकारियों से जरूरी अनुमति ले ली गई है। इस बीच, कोलकाता में एस्प्लेनेड के पास वाई-चैनल पर योग्य शिक्षकों का धरना जारी रहेगा। उच्चतम न्यायालय ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा 2016 में की गई भर्ती में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाए जाने के बाद राज्य प्रायोजित और सहायता प्राप्त स्कूलों में 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को तीन अप्रैल को अमान्य करार दिया था।

### यौन उत्पीड़न करने वाला पादरी गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** तमिलनाडु में पिछले वर्ष दो नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 37 वर्षीय एक पादरी को केरल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यहां 'किंग्स जेनरेशन चर्च' के पादरी जॉन जेबराज को केंद्रीय गांधीपुरम महिला पुलिस थाने की विशेष टीम ने केरल के इडुक्की जिले से हिरासत में लिया और उसे कोयंबटूर लाया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, उसे पॉक्सो अधिनियम (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) के तहत गिरफ्तार किया गया है। वह केरल में था। पुलिस के अनुसार, पिछले वर्ष अपने आवास पर आयोजित एक समारोह में उसने दो लड़कियों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। उन्होंने बताया कि हालांकि यह घटना तब प्रकाश में नहीं आई थी लेकिन पीड़िताओं के परिवार के एक सदस्य को हाल में इसकी जानकारी मिली जिसके बाद उसने पुलिस को इसकी सूचना दी।

## 24 घंटे के अंदर दूसरी बार कांपा म्यांमार

**नेपीताव।** म्यांमार 24 घंटे के अंदर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 4. मापी गई। भूकंप सोमवार सुबह 10 बजकर छह मिनट पर जमीन से 103 किमी. की गहराई में आया। इस भूकंप का असर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में महसूस किया गया। मणिपुर में इसका असर सबसे ज्यादा रहा। इससे पहले रविवार को म्यांमार में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप 10 किमी. गहराई में दर्ज किया गया था, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील माना गया। 28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से इस भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

## अफगानिस्तान सीमा पर रूस ने शुरू किया युद्धाभ्यास

**काबुल।** भारत के पड़ोसी देश अफगानिस्तान में हलचल मच गई है। अफगानिस्तान की सीमा पर रूस ने अपनी सेना भेज दी है। रूस की सेना

**मैदान में उतारे कई खतरनाक सैन्य उपकरण**

ने तजाकिस्तान के साथ मिलकर अफगानिस्तान की सीमा पर जबरदस्त युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। इस युद्धाभ्यास में ड्रोन, टैंक, 24 हेलीकॉप्टर सहित कई खतरनाक सैन्य उपकरण मैदान में उतार दिए गए हैं। लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ है कि अफगानिस्तान के पास रूस को अपनी सेना भेजनी पड़ गई है और क्या भारत अफगानिस्तान में आने वाले तूफान से निपटने के लिए तैयार है? अफगानिस्तान में चीन के बढ़ते प्रभाव



को रोकने के लिए भारत कूदा और उसके बाद भारत और चीन को अफगानिस्तान में रोकने के लिए अमेरिका कूद पड़ा। मगर अब अमेरिका को आने से रोकने के लिए रूस ने भी अपनी सेना अफगानिस्तान की सीमा पर बैठा दी है। दरअसल, ये सारा बवाल दुनिया के सबसे स्ट्रेटजिक एयर बेस में से एक बगराम एयरबेस में कब्जे के लिए हो रहा है। अफगानिस्तान के बगराम एयरबेस भारत के बेहद नजदीक है। बगराम एयरबेस से भारत, रूस, चीन, ईरान पाकिस्तान, सेंट्रल एशिया और यहां तक कि यूरोप पर भी नजर रखी जा सकती है। रणनीति के हिसाब से ये दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण इलाकों में से एक है।

## पाकिस्तान में छाया बलूच आर्मी का खौफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूच विद्रोही संगठन का खौफ ऐसा पसरा है कि ट्रेनों का संचालन ही रात के समय बलूचिस्तान में बंद कर दिया

**अब रात में नहीं गुजरतीं ट्रेनें**

गया है। रविवार की रात को कराची से क्वेटा के लिए रवाना हुई बोलान एक्सप्रेस ट्रेन को जैकबाबाद स्टेशन पर ही रोक लिया गया। इसकी वजह यह थी कि सुरक्षा को लेकर डर था। पिछले दिनों बलूच विद्रोहियों ने करीब 500 यात्रियों से भरी एक ट्रेन को ही अगवा कर लिया था। करीब 24 घंटे चले ऑपरेशन के बाद बलूच विद्रोहियों ने इन लोगों को छोड़ा था और उससे पहले करीब 10 पंजाबियों को गोली मार दी थी। अब भी बलूचिस्तान में खौफ की स्थिति है और पाकिस्तान रेलवे यहां रात में ट्रेनें चलाने से बच रहा है। ऐसे ही रविवार रात को जब बोलान एक्सप्रेस जैकबाबाद पहुंची तो उसे रोक लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने सिंध प्रांत में आने वाले जैकबाबाद के स्टेशन मास्टर को आदेश दिया कि ट्रेन को रोक कर रखा जाए। अधिकारियों का कहना था कि ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए सिक्योरिटी क्लियरेंस नहीं मिल रहा है। ऐसे में ट्रेन को सफर पर ले जाना ठीक नहीं रहेगा।

## कर्नाटक में बच्ची का अपहरण, हत्या

**कुछ ही घंटों में आरोपी ढेर**

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली में रविवार सुबह पांच साल की एक बच्ची का अपहरण कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपित को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। आरोपित की पहचान बिहार के पटना निवासी 35 वर्षीय रितेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बच्ची का अपहरण कर आरोपित ने अशोक नगर थाना क्षेत्र में उसकी हत्या कर दी। बाद में उसका शव एक खाली पड़े घर में मिला। पुलिस आयुक्त ने कहा कि माना जा रहा है कि वह दो-तीन महीने पहले हुबली आकर तारिहाला अंडरपास के पास एक खाली पड़े घर में रह रहा था। पहचान सत्यापित करने के लिए उसे उसके ठहरने वाले स्थान पर ले जाया गया। इसी दौरान उसने अचानक पुलिस वाहन पर पत्थर फेंका और भागने की कोशिश करने से पहले पुलिस अधिकारियों पर हमला किया। महिला अधिकारी अन्नपूर्णा ने चेतावनी देते हुए हवा में गोली चलाई। जब वह नहीं रुका तो उस पर दो से तीन राउंड फायर किए गए। इससे आरोपित बेहोश हो गया। उसे तुरंत केएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## वीडियो जारी कर हसीना ने यूनुस को दी चेतावनी

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो जारी कर अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को चेतावनी दी। शेख हसीना ने अंतरिम सरकार को खुदगर्ज सूदखोर करार दिया। वहीं ढाका कोर्ट

**भतीजी ट्यूलिप ने भी खारिज किए भ्रष्टाचार के आरोप**

से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया।
पूर्व पीएम शेख हसीना ने आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अंतरिम सरकार ने सत्ता की प्यास बुझाने के लिए विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर देश के पतन की साजिश रची। उन्होंने युनुस पर बांग्लादेश के



इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के सभी चिह्न मिटाए जा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया जा रहा है। हमने उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए सभी जिलों में मेमोरियल बनाए थे, लेकिन उन्हें जला दिया जा रहा है। क्या डॉ. यूनुस इसे सही मान रहे हैं? अगर युनुस आग से खेलेंगे तो यह आपको भी जला देगी। ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। सिद्दीकी के प्रवक्ता ने कहा कि सिद्दीकी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप पूरी तरह से झूठे हैं और उनके वकीलों ने इस मामले को निपटा दिया है।

## डेनियल नोबोआ बने इक्वाडोर के राष्ट्रपति

**इक्वाडोर।** इक्वाडोर की राष्ट्रीय निर्वाचन परिषद ने रविवार को राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ को देश के राष्ट्रपति पद की दौड़ का विजेता घोषित कर दिया, क्योंकि मतगणना के दौरान उन्होंने वामपंथी लुइसा गोंजालेज पर लगातार और अप्रत्याशित रूप से 12 अंकों की बढ़त बनाए रखी। रूढ़िवादी करोड़पति का अपराध के खिलाफ जंग छेड़ने का रिकॉर्ड बेमिसाल रहा है। कानून व्यवस्था को लेकर उनके बेबाक फैसले की वजह से इक्वाडोर ने उन्हें सर्वोच्च पद के लिए एक बार फिर से चुना है। गोंजालेज ने नारे लगाने वाले समर्थकों से कहा कि वह नतीजों को स्वीकार नहीं करती हैं और पुनर्मतगणना की मांग करेंगी, उन्होंने इसे इक्वाडोर के इतिहास में सबसे खराब और सबसे भयावह चुनावी धोखाधड़ी कहा।

## ऐश्वर्या और मुनीरा का हैरान कर देने वाला रुप!

पॉपुलर प्राइमटाइम शो 'भाग्य लक्ष्मी' की कहानी अब लेने जा रही है एक ज़बर्दस्त मोड़, जिसमें दर्शकों को मिलेगा थ्रिल, सस्पेंस और जबर्दस्त एंटरटेनमेंट का डोज़। आने वाले एपिसोड्स में लक्ष्मी (ऐश्वर्या खरे) और शालू (मुनीरा कुदरती) अपना असली चेहरा छुपाकर उतरेंगी एक बेहद ज़रूरी मिशन पर! जी हां, मालिष्का (मेघा प्रसाद) के बच्चे से जुड़ी सच्चाई जानने के लिए ये दोनों बन जाएंगी... मर्द! जहां लक्ष्मी एक पगड़ी और दाढ़ी में पंजाबी युवक के रूप में नज़र आएंगी, वहीं शालू तो पूरे जोश में नकली बाल, दाढ़ी, मूंछें और पेट लगाकर घुस पड़ेंगी बलविंदर (अंकित भाटिया) के घर के पिछवाड़े! खूबसूरत एक्ट्रेसेज़ को रफ्-टफ मर्दों के लुक में बदलना कोई आसान काम नहीं था। मेकअप में घंटों की मेहनत, पसीने में भी टिकने वाली दाढ़ी-मूंछें, भारी-भरकम पगड़ी और पैडिंग लेकर चलना, सबकुछ था बेहद मुश्किल था। लेकिन असली कमाल तब हुआ जब इन सबके बावजूद ऐश्वर्या और मुनीरा ने हर इमोशन को बखूबी निभाया, दाढ़ी-मूंछों के पीछे छिपे चेहरे से भी अपनी भावनाएं दर्शकों तक पहुंचाईं। ऐश्वर्या खरे ने कहा, ''ये पूरा ट्रैक तो पागलपन था, लेकिन मज़ेदार पागलपन! पहली बार जब हमने एक-दूसरे को इस पूरे गेटअप में देखा तो हंसी ही नहीं रुकी। दाढ़ी



चिपकवाना, पगड़ी सेट करना और उसमें 12 घंटे शूट करना, इन सबके लिए बहुत धैर्य चाहिए। लेकिन एक बार किरदार में घुस गए, तो सब आसान लगने लगा। हमने तो मर्दों जैसी चाल और बातचीत तक की प्रैक्टिस की। एक्टिंग में जब आप अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलते हो, तभी असली मज़ा आता है। ये गेटअप हमारे लिए नया और चौलेंजिंग था, लेकिन शायद इसी वजह से हमने इतना एन्जॉय किया। ऐसे शूट्स याद दिलाते हैं कि इस काम से आपको इतना प्यार क्यों है।'' मालूम हो कि 'भाग्य लक्ष्मी' शो रोज़ रात आठ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

छोटा पर्दा

## "बैसाखी दियां लख-लख वधाइयां!"

बैसाखी, वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक उमंग भरा त्यौहार है, जब नई द्वत्तसल आती है। खास तौर पर सिख समुदाय इसे अपने नए साल की शुरुआत के रूप में मनाता है। इस खास मौके पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपनी यादों को साझा किया। 'जागृति - एक नई सुबह' में कालीकांत ठाकुर के रोल में नजर आ रहे आर्य बब्बर ने कहा, ''बैसाखी सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि हर पंजाबी के दिल में बसने वाला एक एहसास है। मेरे लिए यह रंगों, खुशियों और गहरी परंपराओं से भरी बचपन की यादें लेकर आता है।'' 'जमाई नं. 1' में रिद्धि का किरदार निभा रहीं सिमरन कौर ने कहा, ''बैसाखी सिखों के लिए एक नया साल है और हमारे लिए इसका खास धार्मिक महत्व है। मैं खुद एक सिख परिवार से हूं, इसलिए पारंपरिक कपड़ों में सजकर यह त्यौहार मनाने में मुझे बड़ा मजा आता है। बैसाखी दियां लख-लख वधाइयां!'' 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना ने कहा, ''चूंकि यह दिन सिख नववर्ष की शुरुआत है, इसलिए शादी के बाद मेरी पहली बैसाखी इस त्यौहार को और भी खास और यादगार बना रही है।'' 'भाग्य लक्ष्मी' में आयुष का किरदार निभा रहे अमन गांधी ने कहा, ''जब से मैं मुंबई शिफ्ट हुआ हूं, बैसाखी को उस शान से नहीं मना पाता जैसे दिल्ली में मनाते थे। इस बैसाखी को अपनों के साथ पूरे प्यार और उमंग से मनाइए!'' 'वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर ने कहा, ''बैसाखी की बात आते ही बचपन की यादें ताज़ा हो जाती हैं, खासकर क्योंकि चंडीगढ़ में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।'' 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में मानवी का किरदार निभा रही आकांक्षा चमोला ने कहा, ''बैसाखी फसल कटाई के मौसम का प्रतीक है और मैंने इसे शादी के बाद अपने पति गौरव के साथ मनाना शुरू किया।''




## बाजार दर्पण

